सैद्धान्तिकी

समय–समाज के संदर्भों की शोध–पत्रिका

संपादक

डा. व्रज कुमार पाण्डेय

डा. दीपक कुमार राय

अलका पब्लिकेशन्स

448, पॉकेट–5, मयूर विहार, फेज–I

दिल्ली–110091

वर्ष : 7 **अंक :** 1 ❑ जनवरी–मार्च, 2014

सैद्धान्तिकी

सैद्धान्तिकी भारत में समाचार पत्रों के निबंधक (आर.एन.आई.) द्वारा अनुमोदित है।

संरक्षक: डा. नवल किशोर
डा. पी. एन. सिंह
डा. एस. त्रिपाठी

परामर्श: डा. गिरीश मिश्र
डा. आर. एन. कुमार
डा. जी. पी. ओझा

संपादक मंडल: डा. शशिकांत राय
डा. कृष्ण कुमार सिंह
डा. अनिल कुमार सिंह
डा. अमर कान्त सिंह

प्रबंध संपादक: डॉ. अमर कान्त सिंह

साज–सज्जा : पंकज कुमार झा

संपादकीय सम्पर्क:

448, पॉकेट–5, मयूर विहार, फेज–1,
दिल्ली–110091
फोन : 011–22753916, 49050844
e-mail : editorialindia@gmail.com

मूल्य : ₹ 1500.00

मुद्रक एवं प्रकाशक शैलेन्द्र सेंगर द्वारा 448, पॉकेट–5, मयूर विहार, फेज–I, दिल्ली–110091 से प्रकाशित तथा शिव शक्ति प्रिंटर्स, नवीन शाहदरा दिल्ली–32 से मुद्रित

नोट :

पत्रिका में प्रकाशित लेखकों के विचार अपने हैं। उसके लिए पत्रिका/संपादक/संपादक मंडल को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता। पत्रिका से सम्बंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र दिल्ली होगा।

Editorial

In the past few years I haven't heard a single government school teacher complaining about her salary. They have many problems, but compensation is not one of them. The salary range within which a government primary school teacher starts is between Rs. 16,000 and Rs. 22,000 a month, depending on the state. Public healthcare (what is available) and retirement benefits are in addition to this, not to talk of the security. The salaries are in the range of Rs. 40,000-45,000 per month for someone who has worked for 20-odd years in the system. This has to be considered in the context of where most of these teachers live, i.e., rural and small town India. Their salaries are not lavish, but are reasonably comfortable. This doesn't include teachers who are not in regular employment, but are "contract teachers". Their salaries are much lower, and they are an understandably disgruntled lot. While few states do have large number of contract teachers, in most it's a small minority. Salaries of private school teachers are another matter altogether. In similar locations as I have mentioned, their salaries range from Rs. 2,000-6,000 per month. I am not referring to elite private schools which are an insignificant minority. Let's now look at some implications of these facts and related issues. For the average Indian, not the Mint reader, employment in a government school is a reasonably attractive proposition. It may figure lower in the attractiveness hierarchy as compared with many other roles in the government, because of it being low in the power hierarchy, but as compared with any other vocation in life, it's pretty good.

The urban middle class notion that we must get better people to become teachers is a nice general homily, with little connect to reality. That's because the socio-economic incentives are already aligned such that the profession attracts the average capable person, within the limitations of the existing population. The small minority of "best and the brightest" are anyhow attracted to medicine, engineering and the like. The starkest disincentive of the teaching profession is that it requires people to live in small towns and villages. This cannot be changed. Certainly teaching can be made more attractive, but that's by cultural and governance changes in the school system, to make the role of the teacher more creative and empowered as it should be. It's clear that the salaries of teachers in most such private schools are very low, bordering on the exploitative. The reasons why they get teachers at these salaries are fairly simple. Most of those who join private schools as teachers are those who are waiting and trying to join government schools. Since recruitment of government teachers has its own pace and scale (though it has become "cleaner" in many states), many keep waiting and trying for years, and it's this lot that largely feeds the private schools. Eventually of those who don't make it to the government system, many leave teaching to do other things, which is not surprising, given their salaries. The "teacher labour market" is driven by the government schooling system. Private schools are an appendage. One crucial implication of this is that the kind of people entering the teaching profession is driven by the government schooling system. If it were not so, the kind entering teaching would be of very low capability, making the situation in education even worse than today, given the primacy of the role of teachers in anything related to education. There are some interesting related issues. To get to those, let me ignore my "market fundamentalist" friends who continue to ignore all evidence that performance of private and government schools is not different, and that movement to private schools is largely because of non-educational, social factors.

—Editor

इस अंक में

संस्कृत

गीता में वर्णित ज्ञान-योग–*सुमन्त कुमार* 7

हरिवंशपुराण की उपादेयता–*डॉ० कान्ति सिंह* 10

शिक्षा में श्रीकृष्ण चरित्र की भूमिका–*डॉ० बबीता सिंह* 13

वर्ण व्यवस्था: एक अवलोकन–*अर्चना कुमारी* 18

वैदिक वाङ्मय में निरूपित पर्यावरण संरक्षण: एक विवेचन–*डॉ० नमिता कुमारी* 22

इतिहास

सविनय अवज्ञा आन्दोलन के दौर में किसान आन्दोलन–*डॉ० अमर कान्त सिंह* 25

स्मृतियों में विहित विवाह-विधि में नारी–*महेन्द्र प्रताप यादव* 29

हिन्दी साहित्य

हिन्दी और भारतीय भाषाओं का विकास–*डॉ० उपेन्द्र प्रसाद* 40

दर्शनशास्त्र

धर्मनिरपेक्षतावाद: भारत के संदर्भ में–*डॉ० वीरेन्द्र कुमार सिंह* 42

भूगोल

पर्यावरण और प्रदूषण–*संतोष राम* 45

गृह विज्ञान

मानव स्वास्थ्य में एनीमिया का महत्व–*कुमारी बबीता* 50

संचार क्रांति के युग में गृहविज्ञान–*श्वेता कान्ता* 54

अर्थशास्त्र

पर्यावरण: भारत के सन्दर्भ में एक विश्लेषण–*डॉ० रंजना सिंह* 56

असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का कल्याण–*डॉ० शारदा नन्द सहनी* 59

HISTORY

Partition, Pakistan and Muslim League—*Kumud Kumari* 61

Myths and Popular Beliefs about British Rule—*Dharmendra Kumar* 64

Social Relations in India: A Historical Analysis—*Dr. Dayanand* 67

Trade and Commerce in Medieval India—*Dr. Pawan Kumar* 72

Indian Resistance Movements in the Early Nineteenth Century—*Rakesh Kumar Jha* 75

Rammohan Roy and the Advent of Constitutional Liberalism in India—*Ranjeet Kumar* 78

Economy in Sangam Age—*Dr. Shweta* 81

Veracity of 1857-Mutiny or First War of Independence—*Soni Bhagat* 84

Land Tenure in Ancient India—*Beauty Bhagat* 88

"The Confluence of Indian Culture and Islam" —*Ramesh Kumar Gupta* 90

PSYCHOLOGY 94

Philosophy of Mind—*Dr. Dhananjay Kumar Singh* 94

Effect of Socio-economic Status on Creativity—*Dr. Om Prakash Singh* 99

POLITICAL SCIENCE 102

Corporate Governance—*Shaifali Singh* 102

Civil Society and Parliamentary Democracy in India —*Dr. Neelam Kumari Singh* 107

SOCIOLOGY 116

Islam, Modernity and Justice for Women—*Dr. Anuradha Gautam* 116

L.S.W. 122

MGNREGA: Issues and Challenges with Special Reference to Bihar and Jharkhand—*Dr. Vidyapati Gautam* 122

ECONOMICS

Forest and Wildlife Vs. Market Economy—*Dr. Arun Kumar Suman* 127

ENGLISH

130

Feminine Sensibility in Shashi Deshpande—*Dr. Kanchan Jain* 130

GEOGRAPHY

Natural Resource Aspects of Sustainable Development in India—*Garib Nath Ray* 134

गीता में वर्णित ज्ञान-योग

सुमन्त कुमार

श्रीमद्भगवद्गीता प्राचीन काल से आज तक भारतीय मनीषियों के लिए श्रद्धा एवं सम्मान का पात्र रही है। यद्यपि भगवद्गीता महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित 'महाभारत' के भीष्म-पर्व का अंश है, तथापि इसकी लोकप्रियता एवं गुणग्राहिता के कारण इसे स्वतंत्र-ग्रन्थ का महत्व मिला है। सकलजीवनदर्शनसारभूत गीता में यद्यपि मुक्ति-लाभ एवं निःश्रेयस की प्राप्ति के लिए भक्तिमार्ग, कर्ममार्ग, संन्यासमार्ग आदि का विवेचन हुआ है, तथापि गीता में ज्ञान-मार्ग का जैसा विवेचन प्राप्त होता है, वैसा अन्यत्र दुर्लभ है। यही कारण है कि शूराचार्य प्रभृति विद्वान् गीता का लक्ष्य निवृत्ति मार्ग के द्वारा ज्ञान-योग का प्रतिपादन मानते हैं। 'ज्ञान मोक्ष का साधन है- ऐसा उपनिषदों में पुनः पुनः प्रतिपादित किया गया है- 'ऋते ज्ञानात् न मुक्ति'। गीता में भी इसके लिए ज्ञान का महत्व प्रदर्शित किया गया है, जिसकी विशिष्ट-संज्ञा ज्ञान-योग है।

गीता में श्रीकृष्ण ने शरीर की असारता, आत्मा का अमरत्व तथा ब्रह्म एवं आत्मा के पूर्णतादात्म्यीकरण के शुद्ध-ज्ञान को ज्ञान-योग का मूलाधार कहा है। सच्चिदानन्द ब्रह्म शुद्ध ज्ञानस्वरूप है, ब्रह्म ही आत्मा है, आत्मा ही ब्रह्म है - इनका एकत्व दर्शन ही ज्ञान-योग का स्वरूप है। गीता में श्रीकृष्ण अर्जुन को ज्ञान-योग की दीक्षा देते हुए बहते है कि हे अर्जुन! इस अविनाशी, अप्रमेय एवं नित्य-शरीर या आत्मा के सम्पूर्ण संसार में जितने भी शरीर हैं, वे सभी नाशवान है, -

अन्तवन्त इमे देहा नित्यस्योक्ताः शरीरिणः।
अनाशिनोऽप्रमेयस्य तस्माद्युध्यस्व भारत।।[1]

पुनः श्रीकृष्ण शरीर की क्षणिकता का लौकिक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहते हैं कि जिस प्रकार मनुष्य पुराने वस्त्रों का त्याग कर नये वस्त्र को ग्रहण करता है, उसी प्रकार आत्मा पुराने शरीर को छोड़कर नये शरीर को धारण करती है। किन्तु आत्मा अपरिवर्त्तित रहती है -

वासांसि जीर्णानि यथा विहाय नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि।
तथा शरीराणि विहाय जीर्णान्यन्यानि संयाति नवानि देही।।[2]

वस्तुतः इस लौकिक संसार में प्रत्येक व्यक्ति अपने शरीर को ही साध्य समझ कर सम्पूर्ण जीवन उसके उपभोग की पुष्टि में युक्त रहता है, इस प्रकार वह कभी भी शरीर को आत्मा से पृथक् नहीं समझ पाता है। सच्चा ज्ञानयोगी वही है, जो यह भली-भाँति समझ ले कि शरीर जन्म-जरा-व्याधि -मृत्यु आदि के कारण अनित्य है, जबकि आत्मा जन्म-जरा-व्याधि-मृत्यु आदि से रहित होने कारण नित्य है। यह आत्मा न कभी उत्पन्न होता है, न कभी मरता है, एवं न ही उत्पन्न होकर पुनः होने वाला है, यह अजन्मा, अविनाशी और परिवर्त्तनशून्य है। शरीर का नाश होने पर भी इस अविनाशी शरीर का नाश नहीं होता -

न जायते म्रियते वा कदाचिन्नायं भूत्वा भविता वा न भूयः।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे।।[3]

गीता में प्रतिपादित ज्ञानयोग के समय एवं स्थान का विशेष महत्व है। महाभारत के युद्ध में जब अर्जुन अपने संबंधियों के मृत्यु की आशंका से विशेष शोकाकुल थे, तब उस शोक को दूर करने के लिए श्रीकृष्ण ने ज्ञान-योग की महिमा का वर्णन किया है। वे अर्जुन को कहते हैं कि इस शरीर के नाश होने पर भी आत्मा का नाश नहीं होता। जो व्यक्ति इस आत्मा को मरने वाला समझता है, एवं जो इसको मरा हुआ समझता है, वे दोनों ही सत्य को नहीं जानते, क्योंकि यह आत्मा न किसी को मारता है, एवं न स्वयं मरता है -

य एनं वेत्ति हन्तारं यश्चैनं मन्यते हतम्।
उभौ तौ न विजानीतो नायं हन्ति न हन्यते।।[4]

गीता में प्रतिपादित ज्ञान-योग उपनिषदों एवं आरण्यकों में प्रतिपादित ज्ञान-योग से इतर नहीं है। जैसा कि कठोपनिषद् में भी यम नचिकेता को ज्ञान-योग का वर्णन करते हुए कहते है कि यह शरीरी कभी शरीर या इन्द्रियों से युक्त नहीं होता है, वस्तुतः चित्स्वरूप यह आत्मा देह के साथ देहवान प्रतीत होता है, अतः देह के नाश होने पर आत्मा का भी नाश मान लिया जाता है, किन्तु अविकारी, कूटस्थनित्य एवं अपरिवर्त्तनशील

यू०जी०सी० (नेट), संस्कृत, कमलानगर, मिरजानहाट, भागलपुर

होने के कारण यह आत्मा न तो मृत्यु को प्राप्त होता, न ही शरीर के नाश होने पर इस आत्मा का नाश होता है, जो ज्ञानी पुरूष इस प्रकार जान लेता है, वह अपनी मृत्यु के भय से एवं अन्य की मृत्यु के भय से मुक्त हो जाता है –

न जायते म्रियते वा विपश्चिन्नायं
कुतश्चिन्न बभूव कश्चित्।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो न
हन्यते हन्यमाने शरीरे।।[5]

हन्ता चेन्मन्यते हन्तुं, हतश्चेन्मन्यते
हतम्।
उभौ तौ न विजानीतो नायं हन्ति न
हन्यते।।[6]

गीता में श्रीकृष्ण ने ज्ञान-योग का सविस्तार वर्णन किया है। उन्होंने आत्मा की शरीर की पृथकता के साथ ही आत्मा की अमरता एवं अविच्छिन्नता को विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से समझाया है। यह सारी सृष्टि पंचमहाभूत-पृथ्वी, जल अग्नि, वायु एवं आकाश- का विस्तार है। अतएव श्रीकृष्ण इन महाभूतों से आत्मा की पृथकता को सिद्ध करते हुए कहते हैं कि –

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूतः।।[7]

अर्थात् इस आत्मा को शस्त्र काट नहीं सकते, अग्नि इसको जला नहीं सकता, जल इसको गीला नहीं कर सकता, वायु इसको सुखा नहीं सकता। यहाँ 'शस्त्र' पृथ्वी का ही विकार है, जबकि आकाश महाभूत सबमें अनुस्यूत होता है। अतः स्पष्ट है कि यह आत्मा इन पंचमहाभूतों से पृथक् एवं अजर तथा अमर है।

गीता आत्मा एवं परमात्मा के एकत्वानुभूति को ज्ञान-योग का माध्यम मानती है, जो कि मोक्ष का मार्ग है। यह अनुभूति दो प्रकार की है – (1) सभी प्राणी-भूतों में आत्मदर्शन (2) आत्मा में सर्वभूतदर्शन-

सर्वभूतस्थमात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि।
ईक्षते योगयुक्तात्मा सर्वत्र समदर्शनः।।[8]

अर्थात् ज्ञान-योगी सम्पूर्ण प्राणियों में अपनी आत्मा को या अपने शुद्ध स्वरूप को स्थित देखता है। जैसे साधारण प्राणी सारे शरीर में अपने-आपको देखता है अर्थात् शरीर के सभी अवयवों में, अंशो में 'मैं' को ही पूर्ण रूप से देखता है, ऐसे ही ज्ञान योगी सभी प्राणियों में अपने स्वरूप को ही स्थित देखता है। पुनः वह सम्पूर्ण प्राणियों को अपने अन्तर्गत देखता है अर्थात् अपने सर्वव्यापक स्वरूप में, जो कि सच्चिदानन्दधनस्वरूप है, सम्पूर्ण संसार को देखता है। ऐसे ज्ञान-योगी की अनुभूति को गीता में 'समदर्शन' अथवा 'समत्वयोग' कहा गया है। ज्ञानयोग की सबसे बड़ी विशेषता 'समत्वयोग' है। श्रीकृष्ण ने गीता में 'समत्वयोग' का पुनःपुनः प्रतिपादन किया है।

समत्वयोग के विभिन्न स्वरूपों का वर्णन गीता में किया गया है। उसका एक स्वरूप 'स्थित-प्रज्ञ' है। स्थित-प्रज्ञ वह है जो मन की सभी कामनाओं एवं वासनाओं का परित्याग कर देता है, वह परमात्मा में सन्तुष्ट रहता है वह दुःख, क्लेश, ताप इत्यादि से उद्विग्न नहीं होता है तथा भोग-वासना से संबंधित सुख की इच्छा नहीं रखता। दुखों में अविचल चित्त-वाला, सुख में स्पृहा-शून्य तथा प्रीति या राग, क्रोध तथा भय से रहित मुनि 'स्थित प्रज्ञ' कहा जाता है। वस्तुतः सांसरिक पदार्थों एवं भोग-वासनाओं के प्रति आसक्ति ही राग का कारण होती है, जिसके पाने तथा खोने के प्रति चिन्तित होने के कारण उसमें भय तथा क्रोध उत्पन्न होता है। अतः स्थित-प्रज्ञ इन संसारिक विषयों के प्रति अनुराग से निस्पृह हो जाता है, एवं उसकी बुद्धि में इन कामनाओं के प्रति न तो अनुराग उत्पन्न होता है, न ही किसी प्रकार का भय तथा क्रोध की भावना होती है –

प्रजहाति यदा कामान्सर्वान्पार्थ मनोगतान्।
आत्मन्येवात्मना तुष्टः स्थितप्रज्ञस्तदोच्यते।।[9]
दुःखेष्वनुद्विग्नमनाः सुखेषु विगतस्पृहः।
वीतरागभयक्रोधः स्थितधीर्मुनिरूच्यते।।[10]

ऐसा समदर्शी स्थित-प्रज्ञ ज्ञानयोगी सर्वत्र समान भाव से देखता है। जैसा गीता में कहा गया है कि ऐसे ज्ञानी-जन विद्या और विनय-युक्त ब्राहमण में तथा गौ, हाथी, कुत्ते और चाण्डाल में भी समभाव से देखने वाले होते हैं-

विद्याविनयसम्पन्ने ब्राह्मणे गवि
हस्तिनि।
शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः
समदर्शिनः।।[11]

उपर्युक्त श्लोक का तात्पर्य यह है कि समदर्शी ज्ञान-योगी विद्या एवं विनययुक्त ब्राह्मण, गौ, हाथी, कुत्ता एवं चाण्डाल- इन पांचों प्राणियों में व्यवहार की समता सम्भव न होने पर भी तत्वतः परमात्म भाव से समान रूप से देखता है। इस प्रकार ऐसा समदर्शी ज्ञानयोगी जिस काल में सम्पूर्ण प्राणियों के अलग-अलग भावों को एक ही परमात्मा में स्थित एवं उसी परमात्मा से ही सम्पूर्ण भूतों का विस्तार देखता है, उसी क्षण वह परमात्मा को प्राप्त हो जाता है –

यदा भूतपृथग्भावमेकस्थमनुपश्यति।
तत एव च विस्तारं ब्रह्म संपद्यते तदा।।[12]

यही ज्ञान योग की चरम-परिणति है जिसकी साधना से आत्मा एवं परमात्मा में एकता का संबंध हो जाता है। गीता में वर्णित ज्ञान-योग की साधना से ज्ञान-योगी के लिए मोक्ष का मार्ग प्रशस्त हो जाता है। इस प्रकार गीता में वर्णित ज्ञान-योग विचार प्रधान तथा बौद्धिक-तार्किक क्षमता से युक्त ज्ञानमार्गियों के लिए सर्वथा ग्रहणीय है।

संदर्भ-सूची

1. श्रीमद्भगवद्गीता, गीता प्रेस, गोरखपुर 2/18
2. वही 2/22
3. वही 2/20
4. वही 2/19
5. कठोपनिषद्, चौखम्बा अमरभारती प्रकाशन, वाराणसी 1/2/18
6. वही 1/2/19
7. श्रीमद्भगवद्गीता, गीता प्रेस, गोरखपुर 2/23
8. वही 6/29
9. वही 2/55
10. वही 2/56
11. वही 5/18
12. वही 13/30

❖❖❖

हरिवंशपुराण की उपादेयता

डॉ० कान्ति सिंह

हरिवंशपुराण एक पारायण-ग्रन्थ है जिसमें हरि अर्थात् भगवान् विष्णु का गुणगान किया गया है- ''आदावन्ते च मध्ये च हरिः सर्वत्र गीयते'' अर्थात् आदि, मध्य और अन्त सर्वत्र हरिवंशपुराण में हरि-संकीर्तन किया गया है। यह विशाल आख्यान ग्रन्थ महाभारत का अंश है। इसकी उपयोगिता और लोकप्रियता खासकर गांवों में देखने को मिलती है जहाँ बूढ़े-बुजुर्गों के बीच आज भी इसका वाचन किया जाता है। हरिवंश का धार्मिक महत्व सर्वत्र प्रख्यात है। सन्तान के इच्छुक व्यक्तियों के लिए हरिवंश के विधिवत् श्रवण का विधान लोकप्रचलित है। शपथ खाने के लिए पुरुषों के हाथ पर हरिवंश की पोथी रखने का प्रचलन आज भी नेपाल में उसी प्रकार है जिस प्रकार किसी मुसलमान के हाथ पर कुरान रखने का।

श्रीकृष्ण के चरित्र के तुलनात्मक अध्ययन के लिए हरिवंश के विष्णुपर्व का परिशीलन नितान्त आवश्यक है। प्राचीन भारत की ललित कलाओं के विषय में हरिवंश बहुत ही उपादेय सामग्री प्रस्तुत करता है। प्राचीन भारत में नाटक के अभिनय-प्रकार की जानकारी के लिए भी यहाँ उपादेय तथ्यों का संकलन है। सबसे महत्वपूर्ण है हरिवंश में राजनैतिक इतिहास का वर्णन, जो किसी भी प्राचीन पुराण के वर्णन से उपादेयता और प्रामाणिकता में किसी प्रकार न्यून नहीं है।[1] इसतरह, प्रथम शती में भारतीय संस्कृति की रूपरेखा जानने के लिए हरिवंश[2] हमारा विश्वसनीय मार्गदर्शक है।

वस्तुतः भारतवर्ष की संस्कृति का परिचय पाने के लिए हरिवंशपुराण एक सुन्दर वातायन है। वैदिकोत्तर संस्कृति का मेरुदण्ड पुराण-साहित्य हैं। पुराविदों ने कथाओं-उपकथाओं के माध्यम से वैदिक संस्कृति और सभ्यता का प्रचार-प्रसार किया। इसका परिणाम यह हुआ कि वैदिक संस्कृति से किञ्चित् परिष्कृत पौराणिक संस्कृति का विकास हुआ। यह संस्कृति न तो पूर्णतः वैदिक है और न ही पूर्णतः अवैदिक। विभिन्न पुराणों में एक मर्यादा-पुरुष[3] को केन्द्र मानकर एक नए आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक आदर्श को जो उपस्थापित करने का प्रयास किया गया है उनमें हरिवंशपुराण भी एक है।

हरिवंशपुराण सोलह हजार तीन सौ चौहत्तर (16374) श्लोकों में उपनिबद्ध है। इसमें तीन पर्व या खण्ड हैं। प्रथम पर्व हरिवंशपर्व है जिसमें हरि अर्थात् कृष्ण के वंश वृष्णि-अन्धक की कथा विस्तार से दी गयी है और इस आदिम पर्व के आधार पर ही पूरे ग्रन्थ का नामकरण किया गया है। आरंभ में सृष्टि वर्णन है। ध्रुव के वर्णन के अनन्तर राजा पृथु की कथा विस्तार से दी गयी है। सूर्यवंशी राजाओं के प्रसंग में विश्वामित्र तथा वसिष्ठ का भी आख्यान वर्णित है। प्रसंग से पृथक् हटकर प्रेतकल्प (अन्त्येष्टि और श्राद्ध) का वर्णन नौ अध्यायों में विस्तार से निबद्ध है और इसी के अन्तर्गत 21वें अध्याय में पशुओं की बोली को समझने-बूझने वाले ब्रह्मदत्त की कथा दी गयी है। चन्द्रवंशी राजाओं के वर्णन के अवसर पर राजा पुरुरवा और उर्वशी का प्रख्यात वैदिक आख्यान प्राचीन शैली तथा भाषा में निबद्ध होकर शतपथ ब्राह्मण के आख्यान से समानता रखता है। इसके पश्चात् नहुष, ययाति तथा यदु का वर्णन है और विष्णु की अनेक स्तुतियाँ की गयी हैं जो एक प्रकार से कृष्ण के पूर्व देवविषयक ज्ञान का परिचय देती है।

द्वितीय-पर्व विष्णुपर्व समग्र ग्रन्थ का अतिशय विस्तृत तथा महनीय भाग है। इसमें कृष्णचन्द्र की विविध लीलाओं का, विशेषतः बाल-लीलाओं का बड़ा ही सांगोपांग रुचिर विवरण है। श्रीमद्भागवत् के वर्णन से तुलना करने पर अनेक स्थलों पर पार्थक्य दृष्टिगोचर होता है। कहीं-कहीं अन्य घटनाएँ भी दी गयी हैं। कृष्ण के पुत्र प्रद्युम्न के जन्म, शंबर द्वारा हरण, समुद्र से प्राप्ति तथा मायावती के साथ विवाह आदि प्रख्यात कथाओं का यहाँ उल्लेख है परन्तु असुरों के राजा वज्रनाभ की दुहिता प्रभावती के साथ प्रद्युम्न विवाह एकदम नूतन तथा पर्याप्त रोचक है। इसी प्रकार प्रख्यात रासलीला का हल्लीसक नृत्य के रूप में निर्देश किसी प्राचीन युग की स्मृति दिलाता है। इस पर्व के अन्त में अनिरुद्ध का

व्याख्याता, आर०डी०एम० डिग्री कॉलेज, छपरा

विवाह बाणासुर की कन्या उषा के साथ बड़े उमंग और उत्साह से वर्णित है और इससे पूर्व हरिहरात्मक-स्तव द्वारा शिव एवं विष्णु की एक ही अभिन्न देवता के रूप में सुन्दर स्तुति की गयी है। इस पर्व में विषय की एकता और वर्णन की संगति से प्रतीत होता है कि प्राचीन युग में श्रीकृष्णचरित-काव्य के साथ यह अंश सम्बन्ध रखता है।

भविष्य-पर्व हरिवंशपुराण का तृतीय एवं अन्तिम पर्व या खण्ड है। यह भाग विविध वृत्तों का पौराणिक शैली में परस्पर असम्बद्ध संकलन है। इस पर्व का नामकरण प्रथम अध्याय के नाम पर है जहाँ भविष्य में होने वाली घटनाओं का संकेत किया गया है। जनमेजय द्वारा विहित यज्ञों का वर्णन बड़े सुन्दर ढंग से किया गया है। विष्णु के सूकर, नृसिंह तथा वामन अवतारों के वर्णन के अनन्तर शिवपूजा तथा विष्णु पूजा के समन्वय की दिशा दिखायी गयी है। शिव के दो उपासक हंस तथा डिम्भक की कथा विस्तार से वर्णित है जिन्हें हंस ने पराजित किया था। महाभारत के माहात्म्य-वर्णन के पश्चात् समग्र हरिवंश का ध्येय हरि की स्तुति में प्रदर्शित किया गया है।

परिगणित अठारह[4] पुराणों में हरिवंशपुराण की गणना नहीं है। अतएव विवश होकर विद्वानों ने इसे महाभारत के 'खिल-भाग' के नाम से अभिहित किया है और कहा है कि यह महाभारत का 'खिल' अर्थात् छूटा हुआ अंश है। महाभारत के प्रचलित पाठों में भी इसे 'पुराणं खिलसंज्ञितम्'[5] कहा गया है। वस्तुतः भारतीय परम्परानुसार 'हरिवंश' एक पुराण है। पुराण के रूप में हरिवंश को इतनी अधिक प्रतिष्ठा मिल चुकी है कि लोग इसे महाभारत का 'खिल' मानना भ्रान्ति-मात्र समझते हैं। इसका कारण 'हरिवंश' का पौराणिक स्वरूप ही है। हरिवंश का स्वरूप पुराणों से मिलता-जुलता है। पुराविदों ने पुराण के जो लक्षण[6] निर्दिष्ट किये हैं तदनुसार पुराणों का वर्ण्य-विषय 'वंश' ही मूल रूप से लक्षित होता है। क्योंकि, सर्ग, प्रतिसर्ग, वंश और मन्वन्तर तो शाश्वत हैं, अतएव वंशानुचरित ही पुराणों का मुख्य प्रतिपाद्य है, ऐसी मान्यता दृढ़ हो चुकी है। इस तरह प्रस्तुत हरिवंश कीर्त्तन-परक ग्रन्थ 'पुराण' से अभिहित हुआ तो यह समीचीन ही है।

पुराण-लक्षण-घटक वंशानुचरित से सम्पन्न होने के बाद भी पुराविदों ने हरिवंश को पुराणों में परिगणित नहीं किया है जिसका कारण है इसमें पूर्ण पौराणिकता का अभाव तथा महाभारत से इसके पृथक् होने में अप्रामाणिकता। यद्यपि हरिवंशपुराण में पौराणिक लक्षण के आभास से इसका पुराण-व्यपदेश ठीक ही है किन्तु यह पारमार्थिक रूप से पुराण नहीं है। इसमें सर्ग-प्रतिसर्ग आदि पौराणिक अंगों का लेशमात्र ही समावेश है तथा पुराणों की तरह इसकी महाविषयता भी नहीं है। इसे यदि आर्षकाव्य कहा जाए तो अधिक समीचीन होगा। इसके श्रवण से पुत्र-प्राप्ति रूप प्रयोजन सिद्ध होता है जबकि पुराणों में चतुर्वर्ग प्रतिष्ठित है। इस प्रकार यह मानव-जीवन के एकमात्र प्रयोजन के साधक होने से अल्पप्रयोजन-परक है। यही कारण है कि पुराविदों ने इसे पुराण की श्रेणी में नहीं गिना।

'हरिवंश', पुराण के रूप में प्रथित होने के बाद भी पुराण की कोटि में नहीं गिना जा सका, क्योंकि पुराण का मुख्य प्रतिपाद्य वंशानुचरित भले ही हो, उसके अन्य प्रतिपाद्य भी अनिवार्य ही हैं। वस्तुतः पुराण वंशानुचरित-मात्र नहीं है जबकि हरिवंश का मुख्य प्रतिपाद्य या प्रयोजन वंश-प्रतिष्ठा है। इसके नाम से ही स्पष्ट है कि इसमें हरि अर्थात् भगवान् विष्णु के अवतार कृष्ण[7] के वंश का वर्णन है। इसके प्रणयन का प्रयोजन वंश-प्रतिष्ठा मात्र है। इस प्रयोजन की निष्पत्ति हेतु इसमें पितृ-प्रसंग को उपस्थापित किया गया है। पितरों की अनुकम्पा से पुत्र की प्राप्ति होती है तथा उनके असंतोष से पुत्र का अभाव होता है।

हरिवंशपुराण के तीन भाग हैं - हरिवंश, विष्णु और भविष्य अर्थात् भूत, भव्य और भविष्य। इस विभाजन का रहस्य है - पितृ, देव और मनुष्य -- पिता, आत्मा और पुत्र। सन्तान के अभाव के तीन कारण हो सकते हैं - पितरों का कोप, दैवी प्रतिकूलता और मानव-क्षोभ। इनके तीन ही प्रतिकार हैं - पितरों के प्रति श्रद्धाभाव, देवताओं में भक्ति और मनुष्य के लिए सद्भावना। हरिवंशपुराण में इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखकर नारायणावतार महर्षि व्यास ने प्रथम भाग में पितरों का उपाख्यान, द्वितीय भाग में विष्णु के चरित्र का व्यापक चित्रण तथा अन्तिम भाग में विष्णु के अवतारों का वर्णन किया है जिससे सद्भावना का उदय हो सके।

इसप्रकार हरिवंशपुराण अपने प्रयोजन के प्रति सापेक्ष है। इसकी अपनी प्रतिज्ञा और अपना प्रयोजन है। नामानुरूप ही इसमें 'हरि' के वंश का वर्णन है और पुत्रप्राप्ति इसका फल है। यह महाभारत का परिशिष्ट अवश्य है जिसका निर्वाह करते हुए महर्षि व्यास ने भी इसकी रचना पर्वों में की है। किन्तु परिशिष्ट

होने के बाद भी इसमें पौराणिक लक्षणों का संघटन इसे पुराविद्या से पृथक् नहीं कर सकता। इसकी पृथक् प्रतिज्ञा और पुत्रप्राप्तिरूप फल-पार्थक्य से लाभान्वित लोगों ने आज भी इसे पुराण के ही रूप में अपनाया है, जो सर्वथा समीचीन है।

सन्दर्भ

1. द्रष्टव्य, डॉ. वीणापाणि पाण्डेय, हरिवंश पुराण का सांस्कृतिक विवेचन, हिन्दी समिति लखनऊ द्वारा प्रकाशित, 1960
2. हरिवंश का प्रकाशन नीलकण्ठ की टीका के साथ चित्रशाला प्रेस पूना से तथा हिन्दी अनुवाद के साथ गीताप्रेस गोरखपुर ने किया है।
3. वामनपुराण में भगवान् विष्णु के वामनावतार को केन्द्र मानकर पौराणिक विवेचन प्रस्तुत किया गया है। इसी प्रकार मत्स्यपुराण में चाक्षुष-मन्वन्तर में लय के समय ऋषियों के कल्याणार्थ अवतरित भगवान् के महामत्स्यावतार को, पद्मपुराण में कमलयोनि ब्रह्मा, कूर्मपुराण में महाकूर्म, स्कन्दपुराण में तारकासुर के वधार्थ षण्मुख कार्तिकेय तथा वराहपुराण में पृथ्वी के उद्धारार्थ भगवान् महावराह को।
4. मद्वयं भद्वयं चैव ब्रत्रयं वचतुष्टयम्।
   अनापलिङ्गकूस्कानि पुराणानि विदुर्वुधाः।।
5. महाभारत, आदिपर्व, 2.82.83
   हरिवंशस्ततः पर्वं पुराणं खिलसंज्ञितम्।
6. श्रीमद्भागवत, 12.7
   सर्गश्च प्रतिसर्गश्च वंशो मन्वन्तराणि च।
   वंशानुचरितं चेति पुराणं पञ्चलक्षणम्।।
7. हरिवंशपुराण, 1.1.8
   पितामहाद्यं प्रवदन्ति षष्ठं महर्षिमक्षय्यविभूति युक्तम्।
   नारायणस्यांजमेकपुत्रं द्वैपायनं वेद महानिधानम्।।
   इस श्लोक को निम्नरूप में समझना चाहिए-
   नारायण-ब्रह्मा-वसिष्ठ-शक्ति-पराशर-व्यास।

❖❖❖

शिक्षा में श्रीकृष्ण चरित्र की भूमिका

डॉ० बबीता सिंह

जिनके चरण-कमलों की सदा सेवा करने वाले मनुष्य को सफलता शीघ्र ही स्वीकार कर लेती है, उन वसुदेवनन्दन भगवान् श्रीकृष्ण को हृदय में धारण करता हुआ मैं उनके चरित्ररूपी अमृत की तरगों से अपनी वाणी को पवित्र करता हूँ।

उद्यानों के पुष्प, आकाश के नक्षत्र, पर्वतों के वृक्ष, मेघों के बिंदु, पृथ्वी के परमाणु, समुद्र की तरगों, सज्जनों के गुण संभव है गिने जा सकें, किंतु सर्वाधार, सर्वेश्वर, महामहिम, प्रत्यक्ष परब्रह्म भगवान् श्रीकृष्ण के अपरिमित, परम पवित्र, पापनाशकारी, सज्जनहृदयविहारी गुणों की गणना अनेक कल्पों में भी संभव नहीं है। अत: उनके अपार गुणरत्नाकर से कुछ रत्न उद्धृत करके पाठकों के मनोविनोदार्थ सादर समर्पण करने की चेष्टा की जा रही है। इस संसार में जितने भी जीवधारी दृष्टिगोचर होते हैं, उन सबके मन में यही इच्छा रहती है कि हम सुखी रहें, कोई दु:ख हमें न सताये, किंतु उनमें अधिकतर सच्चे सुख की प्राप्ति के उपाय को न जानने के कारण इधर-उधर भटकते हुए स्वप्न में भी सुख के दर्शन किये बिना ही इस असार संसार को छोड़ जाते हैं और अपने किये हुए कर्मों के अनुसार बारंबार जन्म-मरण की दारुण यातनाओं को भोगने के लिये चौरासी लाख योनियों में चक्कर काटा करते हैं।

ऐसी दशा में दयालु पुरुषों ने निरंतर ध्यानावस्थित होकर सच्चे सुख का अत्यंत सरल, परम, सर्वोपयोगी, निष्कण्टक एक ही मार्ग ढूंढ निकाला है, जिस पर चलकर बालक-बूढ़े-जवान, स्त्री-पुरुष-नपुंसक, बलवान्, निर्बल, रोगी-नीरोगी, धनी-निर्धन, पण्डित-मूर्ख, राजा-रंक, शिक्षित-अशिक्षित, ग्रामीण-नागरिक, पापात्मा-धर्मात्मा, बुद्धिमान-निबुद्धि, एकाकी या कुटुम्बी, गृहस्थ या संन्यासी आदि में से कोई भी क्यों न हो वह अपार, अद्भुत, अखण्ड परम सुख का अधिकारी हो जाता है। उस सच्चे सुख का मार्ग है भगवान् श्रीकृष्ण की निष्काम भक्ति, जिसके आश्रय से सामान्य जीव भी चराचर का पूज्य और प्रात:स्मरणीय हो जाता है। स्वयं तो वह सांसारिक बंधनों से मुक्त होता ही है, किंतु अन्यों को भी मुक्त करने की सामर्थ्य रखता है।

वास्तव में देखा जाए तो जीव को ईश्वर-भक्ति की वैसी ही आवश्यकता है, जैसी कि मछली को जल की; क्योंकि जिस प्रकार जल से अलग होकर मछली एक क्षण भी सानन्द नहीं रह सकती, उसी प्रकार भगवान् से अलग होकर जीव भी कुछ भी सुख नहीं प्राप्त कर सकता; क्योंकि परमात्मा अखण्ड अग्नि-भण्डार के समान हैं और जीव उनकी एक चिंनगारी के समान है। जब तक चिंनगारी अग्नि-भण्डार में रहती है, तब तक उसमें वह सब शक्ति रहती है, जो अग्नि में है; किंतु ज्यों ही वह अग्नि-भण्डार से पृथक हुई कि उसकी सारी शक्ति प्रबल वायु के झोंकों में आकर लुप्त हो जाती है और उसका अस्तित्व मिट-सा जाता है।

इसी प्रकार जीव जब तक प्रगाढ़ भक्ति के द्वारा ईश्वर में मिला रहता है, तब तक वह संपूर्ण ईश्वरीय गुणों से परिपूर्ण रहता है, किंतु जहां वह उससे अलग हुआ अर्थात् उसने भगवद्भक्ति का त्याग किया, वहीं वह अविद्यारूपी वायु के झोंकों में पड़ जाने के कारण अपनी समस्त शक्ति को खोकर अस्तित्व को भी भूल-सा जाता है। ऐसी दशा में उसे जितनी ही दारुण यातनाएं भोगनी पड़ें उतनी ही कम हैं। इससे सिद्ध हुआ कि कल्याणकामी पुरुष के लिए भगवद्भक्ति अमोघ रत्न है। अत: प्रत्येक स्थिर-बुद्धि, भले-बुरे का विचार रखने वाले मनुष्य को उसका अवलंबन अवश्य करना चाहिए। अब यह सोचने की आवश्यकता है कि भगवद्भक्ति करने वाले मनुष्य का क्या कर्तव्य है।

संसार में देखा जाता है कि यदि कोई मनुष्य किसी व्यक्ति की भक्ति करना चाहता है तो वह निरंतर उसका गुणगान करता हुआ सर्वदा उसके रूप को हृदयस्थ रखता है। जिन कामों के करने में उसे घृणा है, उन्हें वह स्वप्न में भी नहीं करता और जिन कामों में उसकी रुचि है, उन्हें प्राणपण से भी करने की चेष्टा करता है। ऐसी दशा में वह जिसकी भक्ति करता है, वह उस पर अनुकूल हुए बिना नहीं रह सकता, इसी

व्याख्याता, पी०के० डिग्री कॉलेज, छपरा

प्रकार सबसे पहले भगवान् श्रीकृष्ण के भक्तों को यह जानने की आवश्यकता है कि हमारे प्रभु को कौन-से कार्य प्रिय और कौन-से अप्रिय हैं। तदनन्तर उनके प्रिय काम करने और अप्रिय त्यागने चाहिए, फिर लगातार उनकी मधुर मूर्ति का ध्यान करते हुए निरंतर नामस्मरणपूर्वक उनकी भक्ति-लता को अपनी श्रद्धारूपी सुधा की पवित्र धारा से सदैव सींचते रहना चाहिए।

भगवान् श्रीकृष्ण को कौन-से काम प्रिय और कौन-से अप्रिय हैं, इसका निश्चय करने में किसी कठिनता का सामना नहीं करना पड़ता; क्योंकि सर्वात्मा, सर्वाधार, जगन्नियन्ता, दयाधाम, पार्थसारथि भगवान् श्रीकृष्ण ने श्रीमद्भगवद्गीता में अपने अवतार लेने के प्रयोजन की घोषणा इस प्रकार की है–

परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्।
धर्मसंस्थापनार्थाय संभवामि युगे युगे।।

'सज्जनों की रक्षा के लिए और दुष्टों का नाश करने के लिए तथा धर्म की रक्षा के लिए मैं प्रत्येक युग में शरीर धारण करता हूं।' इससे स्पष्ट है कि शिष्टों पर अनुग्रह, दुष्टों का निग्रह और धर्म की रक्षा भगवान् का प्रिय कार्य है। अतः सच्चे भगवद्भक्तों को सर्वदा सचेष्ट होकर उपर्युक्त कार्यों को परिपूर्ण करने में यथाशक्ति कोई बात उठा नहीं रखनी चाहिए; क्योंकि ऐसा करने से उन भगवद्भक्ति-पथ के पथिकों पर प्रभु की कृपा अवश्य होगी।

यदि अपने को भगवद्भक्त कहने वाला व्यक्ति उपर्युक्त तीन कर्तव्यों के पालन से विमुख है तो वह भगवद्भक्त नहीं कहला सकता; क्योंकि जो सच्चा प्रेमी है वह प्राणों की भी परवाह न करके उसी काम को करता है जो उसके प्रेमास्पद के अनुकूल होता है। जो ऐसा नहीं कर सकता उसे प्रेमी कहलाने का कोई अधिकार नहीं है; क्योंकि प्रेमी का तन, मन, धन सब कुछ प्रेमास्पद के चरणों पर न्योछावर करने के लिए ही होता है।

अब प्रश्न यह उठता है कि संपूर्ण कल्याणों के मूल भगवान् श्रीकृष्ण की भक्ति किस प्रकार प्राप्त होती है? इसका उत्तर वैष्णव-शास्त्रों के अनुसार यही है कि राग-द्वेष से रहित, आत्माराम, यथालाभसंतुष्ट, निरभिमान, जितेन्द्रिय, दुःख-सुख को समान समझने वाले, काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर से रहित, सर्वत्र सर्वदा उठते-बैठते, चलते-फिरते, सोते-जागते, यहां तक कि प्रत्येक कार्य के करते समय भुवनमोहन, अशरण-शरण सर्वलोकपालपूजितपाद्म, भगवान् श्रीकृष्ण का चिंतन करने वाले और सर्वदा उनके गुणानुवाद को अपने चित्त की शांति का साधन समझने वाले पुरुषों की सेवा से उस भगवद्भक्ति अनर्घ्यमणि की प्राप्ति होती है, जिसके प्रकाश और प्रभाव से अज्ञान-तिमिर और सांसारिक समस्त बंधन वैसे ही नष्ट हो जाते हैं जैसे सूर्योदय होते ही अंधकार।

भगवान् श्रीकृष्ण का चरित्र भागीरथी के समान पवित्र, कपूर के समान शुभ्र, भौक्तिक के समान उज्जवल, चन्दन के समान शीतल, चन्द्रमा के समान मनोहर, भगवान् शंकर के समान कल्याण-मूल, सरस्वती जी के समान अखिल ज्ञानदायक, समुद्र के समान अपार और अगाध, पर्वत-शिखर के समान दुरारोह, अखिल लोक-लोचन भगवान् भास्कर के समान अंधकार-नाशक है। इसके श्रवण, मनन, आचरण और प्रचार से ऐसा कौन-सा कार्य जो न हो सके और ऐसी कौन-सी वस्तु है जो न मिल सके, किंतु बुद्धि की मन्दता के कारण बहुत-से मन्दभाग्य बिना पूर्व पर सोचे भगवान् के चरित्र के ऊपर इस प्रकार आक्षेप करते हैं कि भगवान् ने व्रजभूमि में रहते हुए दूध-दही, मक्खन-मिश्री आदि खाद्य पदार्थों की चोरी व्रजाङ्गनाओं से विहार, गोपी-चीरहरण, वृषभ का वध, स्त्री होने पर भी पूतना का वध आदि अनेक ऐसे कार्य किये हैं, जिनके कारण उन्हें ईश्वर समझना तो दूर, भला आदमी समझने में भी बाधा है। इसका उत्तर यह है कि जिन ग्रंथों में उपर्युक्त चरित्रों का वर्णन है, वे सभी ग्रंथ भगवान् श्रीकृष्ण को जगत्रियन्ता, जगदाधार, प्रत्यक्ष परब्रह्म मानते हैं। ऐसी दशा में उनके चरित्रों का यथार्थ रहस्य वे ही जान सकते हैं।

वस्तुतः भगवान् श्रीकृष्ण के आज्ञानुसार चलकर अपने जीवन को सुखमय बनाना एवं उनकी भक्ति के द्वारा मुक्ति को भी हस्तगत करना चाहिए, किंतु ध्यान रहे कि भगवद्भक्तों को श्रीकृष्ण के उन्हीं चरित्रों के अनुसरण करने की आज्ञा है जो उनके उपदेश के अनुसार हैं। शास्त्रों में कहा भी है–

ईश्वराणां वचः सत्यं क्वचिदाचरितं तथा।
यत्तेषां स्ववचो युक्तं बुद्धिमांस्तत्तदाचरेत्।।

'ईश्वरों का वचन ही कल्याणकारक है, कहीं-कहीं उनके आचरण का अनुशरण भी लाभदायक है। बुद्धिमान् मनुष्य को चाहिए कि ईश्वरों का जो आचरण उनके उपदेश के अनुसार है उसी का अनुसरण करे, अन्य का नहीं।'

ऐसी दशा में किसी शंका-समाधान की आवश्यकता ही नहीं है; क्योंकि

भगवान् श्रीकृष्ण ने कहीं पर भी परद्रव्यापहरण, परस्त्री-गमन, दासी-रति, वृषभ-मारण, नारी-हत्या आदि की आज्ञा नहीं दी है; प्रत्युत इनके विरुद्ध ही घोर प्रयत्न किया है। इतना सब उन आस्तिक पुरुषों के लिये लिखा गया है जो भगवान् श्रीकृष्ण को ईश्वर तो मानते हैं, किंतु उनके उपर्युक्त आचरणों का संतोषजनक समाधान न जानने के कारण अव्यवस्थित-बुद्धि रहा करते हैं। यदि आपलोग सात वर्ष के बालक का सात दिन-रात तक पर्वत को ऊंगली पर उठाये रखना, सौ फन वाले सांप के सिर पर बालक का नाचना, सोलह हजार स्त्रियों के पास एक ही समय एक पुरुष का निवास करना, अपनी सामर्थ्य से सूर्य को छिपाकर ठीक समय पर पुनः प्रकट कर देना, एक शाक का पत्ता खाकर दस हजार मनुष्यों को तृप्त कर देना आदि कार्य असंभव मानते हैं तो उपर्युक्त चरित्रों को भी असंभव क्यों नहीं मान लेते? क्योंकि असंख्य गायों के अधिपति नन्द का पुत्र घी, दूध आदि की चोरी नहीं कर सकता, ग्यारह-बारह वर्ष का बालक संभोग का नाम भी नहीं जान सकता, बैल का सींग पकड़कर मारना तो दूर रहा, किंतु नन्हा-सा बालक लाठी लेकर उसके सामने जा भी नहीं सकता, महीने भर का बालक दूध पीते-पीते किसी स्त्री का प्राण-हरण नहीं कर सकता और ऐसा कहकर क्यों नहीं इन चरित्रों को भी बना हुआ ही समझ लेते हैं।

इन परम गंभीर, दुर्विज्ञेय, परम पावन चरित्रों के अतिरिक्त सारा श्रीकृष्ण-चरित्र परम सरल, सबके अनुकरण करने योग्य और सर्वाभीष्टदायक है। मेरी समझ में तो संसार भर में कोई भी ऐसा महापुरुष नहीं हुआ, जिसका चरित्र भगवान् श्रीकृष्ण के चरित्र से टकराता हो।

अब श्रीकृष्ण-चरित्र से मिलने वाली कुछ शिक्षाओं का उल्लेख किया जा रहा है–

1. भगवान् श्रीकृष्ण चन्द्रजी महाराज ने मक्खन, मिश्री, दूध, दही आदि सात्विक आहार को स्वीकार करके हम लोगों को दिखला दिया है, कि इस प्रकार के आहार से प्रेम करने वाला मनुष्य 'गीता'-जैसे लोकोपकारी लोकोत्तर ग्रंथरत्न की रचना कर सकता है।
2. चराचर के अधीश्वर भगवान् श्रीकृष्ण चन्द्रजी महाराज ने स्वयं तन, मन, धन से गौओं की सेवा करके सिद्ध कर दिया है कि गौओं की शुद्ध अंतःकरण से सेवा करने वाला मनुष्य सदा सुखी, हृष्ट-पुष्ट, नीरोग, निःशोक, यशस्वी और सर्वप्रिय होता है।
3. वृंदावन बिहारी, यमुनाकुलचारी, पीतांबर धारी, भक्तभयहारी, दयाधाम भगवान् श्रीकृष्ण चन्द्रजी महाराज ने कन्दुक-क्रीड़ा के मिस से 'कालिय'-नामधारी महाभयकारी दारुण विषधर का मद चूर्ण करके शिक्षा दी है कि अपने देशवासियों को हितार्थ प्राणों की भी ममता छोड़कर उद्योग करना चाहिए।
4. दुराचारी कंस की सेवा में रहकर भी सदाचार की रक्षा करने वाली 'कुब्जा' के दिये हुए अनुलेपन से प्रसन्न होकर, गोवर्धनधारी, मार-मदहारी, मुनिमानसचारी, प्रणतवत्सल, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान्, दीनबंधु भगवान् श्रीकृष्ण चन्द्र जी महाराज ने उसकी सुंदरता को न्यून बनाने वाले उसके कूबड़ को सर्वथा दूर करके दिखला दिया है कि अभिमान से रहित, सदाचारपरायण, परमात्मा में विश्वास रखने वाले, समदर्शी, नित्यसंतुष्ट, सात्विक जीवों के सब अनिष्ट इस प्रकार अनायास दूर हो जाते हैं, जिस प्रकार सूर्य के उगने पर घोर अन्धकार दूर हो जाता है।
5. न्यायपूर्णमूर्ति भगवान् यदुनन्दन ने अपने सगे मामा कंस का वध करके शिक्षा दी है कि अन्याय करने वाला, वेदमार्ग को लुप्त करने वाला, वर्णाश्रम धर्म को छिन्न-भिन्न करने वाला, दुष्टों की सहायता करने वाला, सज्जनों को दण्डित करने वाला, देव-मंदिरों को तोड़ने वाला, वाम मार्ग का प्रचार करने वाला मनुष्य चाहे अपना कितना ही घनिष्ठ संबंधी क्यों न हो, लोकहित के लिए उसका वध परमावश्यक है। साथ ही प्रभु ने इस चरित्र के द्वारा यह भी प्रकट कर दिया कि अन्यायी का वध न्यायसंगत, धर्मानुकूल और परम पावन कर्तव्य है।
6. प्रातःस्मरणीय, पूज्यवाद, पवित्रयशा, धर्ममूर्ति, धर्मावतार, भगवद्भक्तिरङ्गिणी-पवित्रकृतान्तःकरण, ज्येष्ठ पाण्डव, महात्मा युधिष्ठिरजी के राजसूय-यज्ञ में

वेदज्ञ, तपस्वी, यथालाभसंतुष्ट, परोपकारी, जितेन्द्रिय, सहनशील, धृतव्रत, ब्राह्मण-अभ्यागतों के पादप्रक्षालन का सेवा कार्य सहर्ष स्वीकार करके प्रभु श्रीकृष्ण चन्द्रजी महाराज ने दिखला दिया कि 'सर्वस्याभ्यागतो गुरु:'– अभ्यागत सबके गुरु हैं।

7. भीष्म, द्रोण, कृप, कर्ण आदि लोकविश्रुत धर्मज्ञ वीररत्नों के समक्ष सभा में दुराचारी उद्दण्ड दुर्योधन की आज्ञा से पापात्मा दु:शासन ने प्रात:स्मरणीया, भारत की एकमात्र सम्राज्ञी श्री द्रौपदी को भगवान विष्णु के बाहुदण्डों के समान अजेय, देव-देव पिनाकपाणि भगवान् शंकर के समान दुर्धर्ष, तारकनिकन्दन कार्तिकेय के समान अप्रतिहत-शक्ति संपन्न, परम आदरणीय धर्मप्राण पांचों पाण्डवों की विद्यमानता में उनके प्रतिज्ञाबद्ध होने के कारण नि:शुङ्क होकर विवस्त्रा करने का उद्योग किया, उस समय दावाग्नि में पड़ी हुई मृगी के समान कातर-दृष्टि से चारों ओर देखकर सतायी कुररी के सदृश करुणक्रन्दन करती हुई द्रौपदी ने पाषाण को भी द्रवीभूत कर सकने वाले शब्दों से सभा में उपस्थित सभी वीरपुङ्गव नर-रत्नों से अपने उद्धार की प्रार्थना की, किंतु दुर्योधन के भय से कर्तव्य करने में असमर्थ उन लोगों ने उसकी पुकार पर कोई ध्यान नहीं दिया; तब उसने सब ओर से निराश होकर अनाथों के नाथ, अशरण के शरण, निरालम्ब के अवलंब, दुखियों के सहायक, पतितपावन, दीनबंधु, सर्वव्यापक, जगन्नियन्ता भगवान् श्रीकृष्ण चन्द्रजी महाराज का शुद्ध अंत:करण से ध्यान करके उनसे अपने उद्धार की प्रार्थना की, तो दयामय, लीला-पुरुषोत्तम, द्रुपद-नन्दिनी की लज्जा की रक्षा करके पापात्मा दुर्योधन आदि के गर्व को खर्व कर दिया और संसार को दिखला दिया कि अनन्य भाव से चिंतन करने वालों से मैं किंचित् भी दूर नहीं हूं।

8. दुर्योधन की सेवा से प्रसन्न होकर सुलभकोप, दुर्धर्ष, परम तेजस्वी, तपोनिष्ठ, ब्रह्मतेजसंपन्न महर्षि दुर्वासा जब उसके समक्ष महारानी श्रीद्रौपदी के भोजन के पश्चात् दस सहस्त्र शिष्यों सहित पाण्डवों का अतिथि होना स्वीकार करके धर्मावतार श्री युधिष्ठिरजी महाराज के सम्मुख उपस्थित हुए तो उस समय सच्चे क्षत्रिय परम धार्मिक पांचों पाण्डव चिंतारूपी समुद्र में बारंबार गोते खाते हुए अपने उद्धार का कोई मार्ग न देखकर प्राणान्त से भी अधिक दु:ख का अनुभव करने लगे। तब साध्वी द्रौपदी ने नि:स्वार्थ सहायक, दीनों के आधार भगवान् श्रीकृष्ण चन्द्रजी महाराज का आर्तभाव से स्मरण किया, तो उन्होंने तत्काल ही प्रकट होकर अन्नपात्र में अवशिष्ट एक शाकपत्र का कुछ अंश भक्षण करके शिष्यों सहित दुर्वासा को आकण्ठ तृप्त करके अपने सर्वव्यापकत्व और आर्तपरित्राणकारित्व का पूर्ण परिचय दे दिया।

9. पाण्डवों का अज्ञातवास समाप्त होने के अनन्तर कौरव और पाण्डवों में मनमुटाव की भीषणता के कारण युद्ध की संभावना देखकर स्वयं राजराजेश्वर होकर भी एक दूत के समान कौरवों की सभा में जाकर शांतिस्थापन की भरपूर चेष्टा करके प्रभु ने दिखला दिया कि सज्जन मनुष्य को चाहिए कि अपने मानापमान का ध्यान छोड़कर जाति और देश के हित के लिए परस्पर बढ़ती हुई कलहाग्नि को शांत करने का यथासाध्य भगीरथ-प्रयत्न करे।

10. धृतराष्ट्र, दुर्योधन, द्रोण, कर्ण, भीष्म आदि के भोजन के निमंत्रण को अस्वीकार करके प्रभु ने दिखला दिया कि अभिमानी और अन्यायी मनुष्यों के उत्तम-से-उत्तम भोजन से मनुष्य को सर्वथा बचना चाहिए।

11. इसी अवसर पर शांत, दांत, निरभिमानी, भगवद्भक्त, परोपकारी, परमत्यागी, दीन विदुरजी के घर पर भोजन स्वीकार करके प्रभु ने बतला दिया कि प्रेमी सज्जनों का दिया हुआ सामान्य द्रव्य भी सहर्ष स्वीकार करना चाहिए।

12. महाभारत-युद्ध के आरंभ में अर्जुन को 'किंकर्तव्य-विमूढ़' देखकर गीता के उपदेश द्वारा कर्तव्य-पथ पर आरूढ़ कराकर भगवान् ने दिखला दिया कि सच्चे मित्र का कर्तव्य अपने मित्र को अकर्तव्य से हटाकर कर्तव्य में लगाना है।
13. भीष्म के साथ युद्ध करते समय अर्जुन की उपेक्षा के कारण अपने भक्त युधिष्ठिर की सेना का भीषण संहार होते देखकर 'मैं युद्ध में शस्त्र नहीं उठाऊंगा'–अपनी इस प्रतिज्ञा की परवाह न करके भीष्म के वधार्थ रथ का चक्र उठाकर प्रभु ने दिखला दिया कि अपने आश्रितों की रक्षा के सम्मुख मेरी प्रतिज्ञा का कोई मूल्य नहीं।
14. नारदजी के शाप से यदुवंश के नाश होने की संभावना देखकर भी प्रभु ने यदुवंशियों की रक्षा का कोई उपाय न करके यह दिखला दिया कि अभिमानी, असत्यवादी, दुराग्रही, अपने कुलवालों को भी अन्याय का दण्ड मिलने पर किसी प्रकार उनकी सहायता न करें।
15. बाल्यावस्था के मित्र, सहाध्यायी, बहुत दिन के बिछुड़े हुए, परम दरिद्र, गुरुभाई सुदामाजी का सीमाधिक आदर करके और उनके बिना कहे भी उन्हें अपने तुल्य समृद्धिमान् बनाकर प्रभु ने दिखला दिया कि सच्चा मित्र कैसा होता है।

❖❖❖

वर्ण व्यवस्थाः एक अवलोकन

अर्चना कुमारी

ऋग्वेद से लेकर समस्त परवर्ती भारतीय साहित्य में 'वर्ण' शब्द का विविध प्रयोग मिलता है। 'वर्ण' शब्द 'वृ' अथवा 'वर्ण' धातु से उत्पन्न होता है- 'वर्ण वृणुते' जिसका आर्थ है- वरण करना। वरण करने योग्य गुण और कर्मों को देखकर यथायोग्य जो उनका वरण तथा व्यवस्था है, वह वर्णव्यवस्था है। जब संज्ञा रूप में यह शब्द प्रयुक्त किया जाता है तो रंग, सौंन्दर्य, अक्षर, स्वर, यष, प्रशंसा आदि अर्थों को प्रकट करता है। क्रिया रूप में प्रयुक्त होने पर इसका अर्थ रंगना अथवा वर्णन करना होता है।

वर्ण शब्द से आर्य तथा दास जाति विशेष, ब्राह्मणादि चार वर्णों का भी बोध होता रहा है। वर्णव्यवस्था का अभिप्राय इन्हीं ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र - चारों से सम्बन्धित व्यवस्था से है। किन्तु समय के प्रवाह में ये क्रमषः उपाधि मात्र होते जा रहे हैं।

वर्णोत्पत्ति के विभिन्न सिद्धान्त

प्रसिद्ध समाजशास्त्रियों ने वर्णोत्पत्ति के विभिन्न सिद्धान्त प्रतिपादित किए है, जिनमें कुछ पौराणिक तो कुछ धार्मिक और ऐतिहासिक विकास क्रम पर आधारित है।

1. पुरूष के विभिन्न अवयवों से उत्पत्ति का सिद्धान्त- इस सिद्धान्त के प्राचीनतम उल्लेख ऋग्वेद के पुरूष सूक्त में है। इसके अनुसार सम्पूर्ण समाज एक विराट् पुरूष (ब्रह्मा) के रूप में परिकल्पित है। ब्राह्मण इस पुरूष का मुख है, क्षत्रिय भुजाएँ है, वैष्य जंघाएँ है और पुरूष के पैरों से शूद्र उत्पन्न हुए हैं :-

सहस्रशीर्षा पुरूषः सहस्राक्षः सहस्रपात्।
पुरूष एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्च भाव्यम्।।

ब्राह्मणोऽस्य मुखामासीत् बाहू राजन्यः कृतः।
उरू तदस्य यद्वैष्यः पद्भ्यां शुद्रोऽजायत।।[1]

यही परिकल्पना परवर्ती पुराणों तथा स्मृतियों में भी लगभग यथावत् ग्रहण कर ली गई है। महाभारत के शान्तिपर्व, मनुस्मृति, वायुपुराण तथा विष्णुपुराण में भी पुरूष के विभिन्न अंगों से वर्णोत्पत्ति का सिद्धान्त प्रस्तुत हुआ है।

2. गुण एवं कर्म से वर्णोत्पत्ति का सिद्धान्तः इस सिद्धान्त का प्रतिपादन मुख्यतः भगवद्गीता में दृष्टिगोचर होता है। श्रीकृष्ण ने स्पष्ट कहा है कि 'चातुर्वर्ण्य मया सृष्टं गुणकर्म विभागशः'[2]।

शान्तिपर्व में उल्लेख आया है-

आदौ सर्वे जना ब्राह्मणा आसन्।
कालान्तरे कर्मभेदेन विविधवर्णवृतयोष्भवन्।

न विषेषोस्ति वर्णानां सर्वं ब्राह्मणमिदं जगत्।
ब्रह्मणा पूर्वसृष्टं हि कर्मभिवर्णतां गताम्।।

सत्त्व, रजस् और तमस्- ये त्रिगुण भिन्न-भिन्न[1] स्वरूप के होते हैं। इन गुणों के अनुपात के आधार पर व्यक्ति के कर्मों में भी स्वतः विभेद उत्पन्न हो जाता है। विष्णुपुराण में ब्राह्मणों में सत्त्वगुण की, क्षत्रियों में रजोगुण की, वैष्यों में रजोगुण-तमोगुण की एवं शूद्रों में तमोगुण की प्रधानता का उल्लेख है-

सत्याभिध्यायिनः पूर्वं सिसृक्षोब्रह्मणो जगत्।
अजायन्त द्विजश्रेष्ठ सत्त्वोद्रिक्ता मुखात्प्रजाः।।

वक्षसो रजसोद्रिक्तास्तथा वै ब्रह्मणोस्भवन्।
रजसा तमसा चैव समुद्रिक्तास्थोरूतः।।

पद्भ्यामन्याः प्रजाः ब्रह्मा ससर्ज द्विजसतम्।
तमः प्रधानस्ताः सर्वाष्चातुवर्ण्यमिदं ततः।।[4]

वायुपुराण में भी वर्णो के विभाजन का आधार सत्त्वादि तीन गुणों को कहा गया है।

3. रंगों से वर्णोत्पत्ति का सिद्धान्त : महाभारत के शान्तिपर्व में चारों वर्णों के भिन्न-भिन्न रंगों का वर्णन हुआ है-

ब्राह्मणानां तु सितो वर्णः क्षत्रियाणां तु लोहितः।
वैश्यानां पीतको वर्ण शूद्राणामसितस्तथा।।[5]

शोध छात्रा, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा

किन्तु महाभारत के विभिन्न वर्णों के इन विभिन्न रंगों को वस्तुतः उनके सत्त्वादिगुण विशिष्ट स्वभाव के कारण कहा गया है।

4. व्यावसायिक उत्पत्ति का सिद्धान्तः इस सिद्धान्त के अनुसार बुद्धि के आधार पर व्यवसाय चलाने वाले विद्वान्, ऋषि आदि ब्राह्मण हुए।

बाहुबल के आधार पर आजीविकारत्त रहने वाले क्षत्रिय, व्यापार में लगे रहने वाले वैश्य तथा इन तीनों की सेवा-परिचर्या में रत रहने वाले शूद्र हुए।

कर्म (व्यवसाय) के आधार पर वर्ण-परिवर्तन के अनेक उदाहरण प्राप्त होते हैं जैसे-विश्वामित्र, नाभाग, राजा शर्याति आदि।

5. समाज की आवश्यकतानुकूल वर्णोत्पत्ति का सिद्धान्तः उपनिषद् में वर्णित इस सिद्धान्त के अनुसार प्रारम्भ में अकेला ब्रह्म था, जो ब्राह्मण रूप था। उसने अकेले प्रगति न कर सकने के कारण कल्याण-कामना से एक और रूप बनाया जो क्षत्र रूप था। जिसमें इन्द्र, वरूण, सोम, रूद्र पर्जन्य, यम मृत्यु तथा इषान देवता समाविष्ट थे। तब भी सन्तुष्ट न होने पर उन्होंने वैष्णत्व का निर्माण किया, जिसमें वसु, आदित्य, विष्णुदेव तथा मरूत् देवता समाविष्ट थे। इतना होने पर भी न्यूनता अनुभव होने से उन्होने शूद्र के रूप में पूषण देवता का निर्माण किया।[6]

प्रारंभ में व्यक्ति की प्रकृति, रूचि और सामर्थ्य के अनुकूल विभिन्न कर्म निष्चित किए गये जो सभी समान स्तर पर स्वीकृत थे। परन्तु कालान्तर में विभिन्न कर्मो को ऊँच-नीच की दृष्टि से देखा जाने लगा। इस स्थिति में वर्ण भी उच्च और निम्न माने जाने लगे। फलतः वर्ण कर्मानुसार न होकर जन्मानुसार हो गये।

वर्णव्यवस्था का ऐतिहासिक क्रम

भिन्न-भिन्न युगों में कर्म, जन्म अथवा व्यवसाय वर्णव्यवस्था के आधार रहे हैं।

1. ऋग्वैदिक काल :- ऋग्वेद के दशम मण्डल का पुरूष सूक्त चारों वर्णों का स्पष्ट उल्लेख तो अवश्य करता है किन्तु वह भी समय की दृष्टि से अर्वाचीन माना जाता है। इन्हीं कारणों से इस युग में वर्णव्यवस्था की स्थिति आनुमानिक ही रह जाती है।

ऋग्वेद में ब्राह्मण शब्द अनेकषः प्रयुक्त तो हुआ है पर जाति के अर्थ में नहीं। उसका अर्थ जन्म से ब्राह्मण वर्ण का व्यक्ति न होकर एक वर्ग विशेष है। स्तुतियों एवं प्रार्थनाओं (ब्रह्म) के प्रणेता ब्राह्मण कहलाते थे। क्षत्रिय शब्द भी जाति अर्थ में प्रयुक्त नहीं हुआ है। देवताओं की उपाधि अथवा राजा के अर्थ में क्षत्रिय शब्द उपलब्ध है।

पुरूष सूक्त में क्षत्रिय अर्थ में राजन्य शब्द का उल्लेख है। वैश्य शब्द भी ऋग्वेद में पुरूष सूक्त के अतिरिक्त और कहीं नहीं हैं किन्तु 'विष' का प्रयोग अनेक बार हुआ है और उसका अर्थ है-समूह अथवा जनदल। इन्द्र को मानवीय समूहों (मानुषीणां विषाम्) का नेता कहा गया है। ऋग्वेद में शूद्र शब्द भी केवल पुरूष सूक्त में आया है। ऋग्वेद में जिन दास जातियों का उल्लेख है वे आर्यो द्वारा हरा दिये गये और कालान्तर में आर्यो की सेवा करने लगे।

2. उत्तर वैदिक काल : इस काल में वर्ण शब्द का अर्थ रंग की अपेक्षा जाति अर्थ में सुनिश्चित रूप से प्राप्त होता है। ब्राह्मण एवं क्षत्रिय वर्ण को वैश्य अथवा शूद्र-दोनों की अपेक्षा अधिक सम्मानीय माना गया। यद्यपि वर्णो में परस्पर ऊंच-नीच का भाव आ गया था किन्तु छुआछूत अथवा अस्पृष्यता प्रारंभ नहीं हुआ था। अशुद्ध अथवा निम्न वंश के पुरूषों के ब्राह्मण हो जाने के उदाहरण प्राप्त होते हैं, जैसे- कवश, वत्स, सत्यकाम जाबाल आदि। वर्तमान युग में वर्णव्यवस्था को निर्धारित करने वाले तीन तत्त्व-पारस्परिक खान-पान, विवाह और जन्मगत वर्ण- उत्तर वैदिक युग तक दृढ़तया स्थापित नहीं हो पाये थे।

3. उपनिषद् तथा सूत्रकालः उननिषद् और स्त्रोत, गृह, तथा धर्मसूत्रों का समय प्रायः 600 ई.पू. से 400 ई.पू. तक ग्रहण किया जाता है। बृहदारण्यकोपनिषद् में चारों वर्णों की उत्पत्ति प्रगति के आधार पर वर्णित है। छान्दोग्योपनिषद् के अनुसार पूर्व जन्म के कर्म ही व्यक्ति के जन्म का आधार बनते हैं। इस प्रकार उपनिषदों में वर्णव्यवस्था अत्यन्त लचीले रूप में प्राप्त होती है। वर्णव्यवस्था का रूप सूत्रकाल में क्रमषः ही कठोर और जटिल होती गई। समाज में वैष्य एवं शूद्र का अपकर्ष हुआ। ब्राह्मणों का प्रभुत्व बढ़ा। वे सभी प्रकार के करों से मुक्त थे और अनिवार्यता होने पर राजा भी बन सकते थे। किन्तु क्षत्रिय पुरोहित नहीं बन सकते थे। शूद्रों को संस्कार और संन्यास ग्रहण का अधिकार नहीं था।[3] गृह सूत्रों में अस्पृश्यता का प्रारंभिक रूप प्राप्त होता है। धर्मसूत्रों में एक ही अपराध के लिए चारों वर्णों को भिन्न-भिन्न प्रकार से दण्डित करने का विधान किया गया। सम्पत्ति पर शुल्क और धन पर ब्याज भी वर्णविभेद से भिन्न-भिन्न थे। हीन जातियों के स्पर्श

से उत्पन्न कथित अपविपत्रता के लिए विभिन्न प्रायश्चितों का विधान किया गया।

4. महाकाव्य एवं स्मृतिकाल : ईसा पूर्व चौथी शती से दूसरी शती ईस्वी के प्रारंभ तक के 600 वर्षों में रामायण, महाभारत, कौटिल्य का अर्थशास्त्र तथा प्रारंभिक स्मृतियों का समय समाहित हो जाता है। इन छः सौ वर्षों के समय में वर्णव्यवस्था का सम्पूर्ण रूप स्थापित हो गया। साथ-साथ जाति-व्यवस्था का जटिल रूप भी समाज में स्वीकृत हुआ। स्मृतिकाल तक आते-आते मिश्रित वर्णों की संख्या बहुत बढ़ गई।

अनुलोम एवं प्रतिलोम विवाह, व्रात्य पुरूष से विवाह आदि से उत्पन्न संतान की जाति भिन्न हो गई। इन सब का मनु ने विशद् वर्णन किया है। मनु की इस व्याख्या को आधुनिक समाजशास्त्रियों ने स्वीकार नहीं किया है।

वर्ण के धर्म तथा विषेषाधिकार

धर्मसूत्रों और विशेषतया स्मृतियों मे चारों वर्णों के कर्तव्यों और विशेषाधिकारों का निरूपण है।

1. ब्राह्मण – इस वर्ण को ब्रह्मज्ञान की ओर उन्मुख रहने और सत्य की खोज में ही लीन रहने के कारण ब्राह्मण कहा गया। वेदों का स्वाध्याय, यज्ञ और दान- ये तो ब्राह्मण के शाष्वत धर्म है। वेदों को पढ़ाना, यज्ञमान का यज्ञ कराना और दान लेना उसकी जीविका के लिए कर्म हैं।

सत्य, मनोनिग्रह, तप और सोचाचार का पालन ये उसके सनातन धर्म है-

यजनं याजनं चैव तथा दानं प्रतिग्रहौ।
अध्यापनं चाध्ययनं शटकर्मा धर्मभाग द्विजः।।

नित्यं स्वाध्यायिता धर्मो धर्मो यज्ञः सनातनः।
दानं प्रषस्यते चास्य यथाशक्ति यथाविधिः।।[8]

इन वृत्तियों के अतिरक्त ब्राह्मण क्षत्रियवृत्ति एवं वैश्यवृत्ति तथा आपातकाल में शूद्रवृत्ति भी कर सकता है।

2. क्षत्रिय – महभारत में लिखा है कि क्षत्रिय का प्रथम धर्म प्रजारक्षण एवं पालन है। कालिदास ने लिखा है – ''क्षात्रात् किल त्रायत् इत्युदग्रः क्षत्रस्य शब्दों भुवनेषु रूढः'' अर्थात् जो क्षत्र-आक्रमण, आपत्ति से रक्षा करता है वही क्षत्रिय है जो कि वैदिक राजन्य की प्रतिध्वनि है। महाभारत के क्षत्रिय कर्मों में प्रजा की आय के सष्ठ भाग का उपभोक्ता राजा धर्म का फल प्राप्त करता है।

क्षत्रिय के अन्य धर्म है –

क्षत्रियस्य स्मृतो धर्मः प्रजापालनमादितः।
निर्दिष्ट फल भोक्ता हि राजा धर्मेण पूज्यते।।
भृत्यानां भरणं धर्मः कृते कर्मण्यमोघता।
समयग्दण्डे स्थितिधर्मो वेद ऋतुर्क्रिया।
व्यवहार स्थितिधर्मः सत्यवाख्यरतिस्तथा।।[9]

3. वैश्य – महाभारत के अनुसार वैश्यों के धर्म है –

वैश्यस्य सततं धर्मः पषुपाल्यं कृषिस्तथा।
अग्निहोत्रं परिस्पन्दो दानाध्ययनमेव च।।
वाणिज्यं सत्पथस्थानमातिथ्यं प्रषमोदमः।
विप्राणां स्वागतं त्यागो वैश्यः धर्मः सनातनः।।[10]

समष्टि रूप से द्विजों का (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य)धर्म है –

द्विजातीनामृतं धर्मोह्येकश्चैवैक लक्षणः।
यज्ञाध्ययनदानानि त्रयः साधारणः स्मृता।।

4. शूद्र – शूद्रों के धर्मो का उल्लेख करते हुए महाभारत में कहा गया है कि –

शूद्रः धर्मः परोनित्यं शुश्रूषा च द्विजातीषु।
स शूद्रः संषिततया सत्यवादी जितेन्द्रियः!
सुश्रुषुरतिथिं प्राप्तं तपः संचिनुते महत्।।[11]

मनुस्मृति लिखता है –

एकमेव तु शूद्रस्य प्रभुः कर्म समादिषत्!
एतेषामेव वर्णानां सुश्रुषामनसूयया!!

वर्णव्यवस्था में परिवर्तन

परम्परागत समाज से आधुनिक समाज की दिशा में विकासोन्मुख भारत जिस संक्रमणकाल से होकर गुजर रहा है, उसके कारण वर्ण-व्यवस्था की मुख्य विशेषताओं जैसे – व्यवसाय, खान-पान की शुद्धता, विवाह के नियम आदि में काफी लचीलापन तथा विविधता परिलक्षित हो रहा है। अब व्यवसाय का चयन जन्म पर आधारित नहीं रहा।

ब्राह्मणों से संबंधित पौरोहित्य और कथित अछूतों से संबद्ध मरे जानवरों की खाल उतारने वाले व्यवसाय को छोड़कर अन्य व्यवसायों को अपनाने में काफी गतिशीलता आई है। खेती और व्यापार सबके लिए मुक्त हो गया है। बहुत कम स्थानों पर ब्राह्मणों का मुख्य कर्म पठन-पाठन और यज्ञ रह गया है।

खान-पान की कसौटी के आधार पर यह मान लिया जाता है कि ब्राह्मण का शाकाहारी होना अनिवार्य है। लेकिन वास्ताविक सामाजिक व्यवहार के अन्तर्गत बंगाल, असम, उड़ीसा, मिथिला तथा हिमालय के पर्वतीय अंचलों में रहने वाले ब्राह्मण प्रायः मांसाहारी हैं।

प्राचीन, मध्ययुगीन तथा आधुनिक राजघरानों की सामाजिक स्थिति पर विचार करें तो स्पष्ट होता है कि इनमें से अनेक क्षत्रिय नहीं थें। अपनी क्षमता

और शक्ति के आधार पर इन वर्णों ने क्षत्रिय वर्ण की सामाजिक स्थिति प्राप्त की। उन्होंने न केवल राजसत्ता पर कब्जा किया बल्कि वास्तविक क्षत्रिय घरानों के साथ शास्त्र-सम्मत रूप से विवाह करने में भी इन्हें सफलता प्राप्त हुई। नए व्यवसाय, नए कानून, औद्योगीकरण, नगरीकरण, वाणिज्य की वृद्धि, षिक्षा का प्रसार, मौद्रिक अर्थव्यवस्था आदि के कारण वर्णव्यवस्था में काफी परिवर्तन हुआ है।

परिस्थितियों में समान वितरण की भावना के मध्य भारतीय वर्णव्यवस्था का उद्‌भव हुआ था। जब तक पारस्परिक सहयोग की भावना रही-राष्ट्र और समाज सुखी रहा।

किन्तु जब से जन्मानुसार वर्ण-निर्धारण और समाज ऊँच-नीच की धारणा विकसित हुई-राष्ट्र और समाज विघटन की ओर अग्रसर हुआ। समाज का निरन्तर उत्कर्ष प्रायः रूक सा गया है। आज भारतवर्ष का प्रत्येक विचारक इस वैषम्योत्पादक प्रथा की आलोचना करता है। क्योंकि यह वर्णव्यवस्था भारतीय समाज के पुनरुत्थान में एक महान् बाधा है।

सन्दर्भ-सूची

1. ऋग्वेद 10/90/1-2,12
2. श्रीमद्‌भगवद्‌गीता 4/13
3. महाभारत, शान्तिपर्व 188/20
4. विष्णुपुराण 1/6/3-5
5. महाभारत, शान्तिपर्व 12/188/5
6. बृहदारण्यकोपनिषद्‌
7. पी.वी. काणे, धर्मशास्त्र का इतिहास-I
8. महाभारत, अनुशासनपर्व
9. महाभारत
10. महाभारत
11. महाभारत।

❖❖❖

संस्कृत

वैदिक वाङ्मय में निरूपित पर्यावरण संरक्षण: एक विवेचन

डॉ० नमिता कुमारी

वेद शब्द विद्-ज्ञाने धातु से 'घञ्' प्रत्यय द्वारा निष्पन्न है। अत: इसका व्युत्पत्तिलभ्य अर्थ है- 'विदन्ति येन स वेद:' अर्थात् जिससे वास्तविक बात जानी जाय। यह वास्तविकता धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष से सम्बन्धित है। इस पुरूषार्थ चतुष्टय का सम्यक् ज्ञान हमें वैदिकमन्त्रों द्वारा ही सम्भव हैं जैसा कि "विद्यन्ते ज्ञायन्ते लभ्यन्ते वा एमिधर्मादि पुरूषार्था:" इति अनिष्ट के परिहार के उपायों के ज्ञापक हैं। समस्त भारतीय ज्ञान, विज्ञान, धर्म-दर्शन, कला और संस्कृति आदि का मूल रूप वेदों में ही विद्यमान है। मन्त्र द्रष्टा वैदिक ऋषियों ने प्रकृति के महत्व का प्रतिपादन एवं रहस्य का उद्घाटन तत्सम्बद्ध सूक्तों में किया है। प्रत्येक सूक्त किसी देवता विशेष से सम्बद्ध है। अग्नि, वायु, आकाश, इन्द्र विष्णु मरूद्गण, स्तुतिपरक मन्त्रों में उनकी प्रसन्नता ओर अनुकूलता के लिए हार्दिक भाव हमारी रक्षा ओर अभिवृद्धि होती है। वेदों का महत्व उनमें ज्योतिष विषयों के निरूपम से विदित है।

आज कल पर्यावरण का अध्ययन हमारे लिए महत्पवूर्ण विषय है क्योंकि वैज्ञानिकों अविष्कार के दुरूपयोग औद्योगिक विकास एवं वन्य-वृक्षों-बगीचों के उन्नूलन से पर्यावरण प्रदूषित हो गया है। ध्यातव्य है कि पर्यावरण तथा उनके संरक्षण के विषय में हमारे ऋषियों ने वेदों में क्या विचार व्यक्त किया है।

ज्ञात है कि ज्ञान-राशि वेद को महर्षि व्यास ने विषयानुसार चार रूपों में विभक्त किया- ऋग्वेद संहिता, यजुर्वेद संहिता, सामवेद संहिता ओर अथर्ववेद संहिता निष्पन्न होता है। जिस आवरण से लोक या जीव सब ओर से आवृत रहते हैं। उसे पर्यावरण कहते हैं। यह आवरण पंच-महाभूतों और तन्मात्राओं का है। यह पंच महाभूतों (पर्यावरणीय घटकों) की शुद्धता एवं सम्पन्नता पर हमारे जीवन की स्वस्थता सुदृढ़ता एवं सुसम्पन्नता निर्भर है। ऋषियों का कथन है -

चक्षुपूतं न्यसेत् पादं वस्त्रपूतं जलं पिबेत्।

सत्यपूतं वदेत् वाचं, मन: पूतं समाचरेत्।। (प्रसिद्ध उक्ति)

वैदिक देवताओं को तीन कोटियों में रखा गया है पृथ्वी स्थानीय, अन्तरक्षि- स्थानीय और द्यूस्थानीय। ये देवता मानवजीवन और पर्यावरण में संतुलन बनाये रखते हैं। पर्यावरण की शुद्धता के लिए ही वैदिक यज्ञों की व्यवस्था की गयी थी। वैदिक जीव यज्ञप्रधान जीवन था। इसका स्पष्टत: उल्लेख गीता में श्रीकृष्ण ने किया है-

सहयज्ञा: प्रजा: सृष्ट्वा पुरोवाच प्रजापति:।
अनेन प्रसविष्यध्वमेष वोऽसित्तवष्टकामधुक्।। (गीता 3/10)

देवान्भावथतानेन ते देवा भावयन्तु व:।
परस्परं भावयन्त: श्रेय: परमावप्यवस्था।। (गीता-3/11)

इष्टान्भोगान्हि वा देवा दास्यन्ते यज्ञभाविता।। (गीता-3/12)

द्यावापृथ्वी के स्तवन में दीर्घतमा ऋषि कहते हैं -

तेहि द्यावा पृथिवी विश्वशंभुव ऋतावरी रजसो धारयत्कवी।
सुजन्मनी धिषणे अन्तरीयते देवी धर्मणा सूर्य मूचि:''।।
(ऋग्वेद 8/1/60)

अर्थात् ये द्यावापृथिवी सभी को समृद्धि देते है, वे लोकों को सहारा देने वाले हैं, वे पवित्र और बुद्धिमान् है। वे सुजन्मा और अपने अपने कार्य में प्रगल्भ हैं। देदीप्यमन सूर्य देवता धर्मानुसार इन दो देवियों के मध्य में विचरण करता है।।

पर्यावरण की रक्षा पूजा का एक अविभाज्य अंग था, जैसी कि कहा भी गया है । -

यस्य: भूमि: प्रमाऽन्तरिक्षमुतोदरम्।

दिवं यश्चक्रे मूर्धानं तस्मै ज्येष्ठाय ब्रह्मणे नम:।।
(अथर्ववेद 10/7/32)

अर्थात् भूमि जिसकी पादस्थानी और अन्तरिक्ष उदर के समान है तथा द्यलोक तथा द्यूलोक जिसका मस्तक है, उन सबसे बड़े ब्रह्मण को नमस्कार है।

ऋग्वेद में वर्षा-ऋतु को उत्सव मानकर शस्य-श्यामला प्रकृति के साथ अपनी हार्दिक प्रसन्नता अभिव्यक्ति की गई है-

जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा

ब्राह्मणासौ अतिरात्रे न सोमे सरो न पूर्णमभितो वदन्तः।

संवत्सरस्य तदह परिष्ठ यन्मण्डूकाः प्रावृषीणं वभूव।। (ऋग्वेद 7/130/7)

वेदों में पर्यावरण को अनेक वर्गों में बाँटा जा सकता हैं -

(1) वायु,

(2) जल

(3) ध्वनि

(4) खाद्य और मिटी वनस्पति, वनसम्पदा पशु पक्षी संरक्षण आदि।

सजीव जगत् स्थान है। बिना प्राणवायु (ऑक्सीजन) के क्षणभर भी जीवित रहना सम्भव नहीं है। हमारे शरीर के अन्दर रक्त वाहिनियों में बहता हुआ रक्त बाहर की तरफ दबाव डालता रहता है, यदि इस संतुलित नहीं किया जाए तो शरीर की सभी धमनियाँ फट जाएगी तथा जीवन नष्ट हो जाएगा। वायु का सागर इससे हमारी रक्षा करता है। पेड़-पौधे ऑक्सीजन देकर क्लोरोफिल की उपस्थिति में, इसमें से कार्बनडाइऑक्साइड अपने लिए रख लेते हैं और ऑक्सीजन हमें देते है। इस प्रकार पेड़-पौधे वायु की शुद्धता द्वारा हमारी प्राण रक्षा करते है।

वायु की शुद्धि पर बल

वायु की शुद्धि जीवन के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। इस तत्व को यजुर्वेद में कहा गया है-

तून्नपादसुरो विश्ववेदा देवो देवेषु देवः। पथो अनुक्त मध्वा घृतेन।।

(यजुर्वेद 27/12)

अर्थात् उत्तम गुणवाले पदार्थो में उत्तमगुणवाता प्रकाश रहित तथा सबको प्राप्त होनेवाले। (तनूनपात) जो वायु शरीर में नहीं गिराता, वह कामना करने योग्य मधुज जल के साथ श्रोज आदि मार्ग को प्रकार करें, उसको तुम जानो।

वायु को शुद्ध तथा अशुद्ध दो भागों में बाँटा गया है-

(1) श्वास लेने योग्य शुद्ध वायु तथा

(2) जीवमात्र के लिए हानिकारक दूषित वायु -

द्वाविमौ वातौ वात आ सिन्धोरा परावतः। दक्षं ते अन्य आ वातु परान्यो वातु यद्रपः।।

(ऋग्वेद, 10/137/2)

अर्थात् प्रत्यक्षभूत दोनों प्रकार की हवाएँ सागर पर्यन्त और समूद्र से दूर प्रदेशपर्यन्त बहती रहती है। हे साधक। एक तो तेरे लिए बल को प्राप्त करती है और एक जो दूषित है, उसे दूर फेंक देती है।

जल-प्रदूषण उसका निदान

जल मानव-जीवन में पेय के रूप में एवं धोने में वस्तुओं को ठंठा रखने तथा गर्मी से राहत पाने, में विद्युत उत्पादन में, नदियों-झीलों और समूद्र में सवारियों और सामानों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचाने के लिए भाप-इंजनों को चलाने में, अग्नि बुझाने में कृषि, सिंचाई तथा उद्योगों और भोजन बनाने में अति आवश्यक है।

सभी जीवधारी जल का उपयोग निरन्तर करते रहते है, जल के बिना सम्भव नहीं है। औद्योगिककरण के परिणामस्वरूप कल कारखानों की संख्या में पर्याप्त वृद्धि कारखानों से उत्पन्न अपशिष्ट पदार्थ-कूड़ा करकट, रासायनिक अपशिष्ट आदि नदियों में मिलते रहते हैं। समूद्र में परमाणु विस्फोअ से भी जल प्रदूषित हो जाता है।

वेदों में जल-प्रदूषण का वर्णन मिलता है। कहा गया है कि मकान के पास ही शुद्ध जल से भरा हुआ जलशय होना चाहिए।

इमा आपः भराम्ययक्ष्मा यक्ष्मनाशनीः। गुहनुप प्रसीदाम्यभूतेत सहागिन्ना।।

(अथर्ववेद 3/12/9)

अर्थात् अच्छे प्रकार से रहित तथा रोगनाशक इस जल को मैं लाता हूँ। शुद्ध जलपान करने से मैं मृत्यु से बचा रहूँगा। अन्न, घृत, दुग्ध, आदि सामग्री तथा अग्नि के सहित घंटों में आकर अच्छी बैठता हूँ।

शुद्ध जल मनुष्य को दीर्घ, आयु प्रदान करने वाला, प्राणों का रक्षक तथा कल्याणकारी हैं यह भाव ऋग्वेद के ऋचाओं में मिलता है-

शं नो देवीरभिष्टय आपो भवन्तु पीतये। शं योरभि स्त्रवन्तु नः।। (ऋक. 9/9/4)

अर्थात् सुरतमय जल हमारे अभीष्ट की प्राप्ति के लिए तथा रक्षा के लिए कल्याणकारी हो। जल हम सुख-समृद्धि की वर्षा करें।

जल चेहरे का सौन्दर्य तथा कोमलता ओर कान्ति बढ़ाने में औषधिरूप हैं, भोजन के पाचन में अधिक जल पीना आवश्यक है, इस का वर्णन अथर्ववेद के निम्न ऋचा में मिलता है -

आपो भद्रा घृतमिदाप आसन्नग्रीषों विभ्रत्याप इताः।

तीव्रो रसो मधु पृचामरंग्म आ मा प्राणेन सह वर्चसा गमेत्।।

(अथर्ववेद 3/13/5)

अर्थात् जल मंगलमय और घी के समान पुष्टि दाता है वही मधुरता जलधाराओं

का स्रोत भी है। भोजन को पचाने में ही उपयोगी तीव्र इस है, प्राण और कान्ति, बल और पौरुष देनेवाला अमरता की ओर ले जानेवाले मूल तत्व है।

खाद्य पदार्थ-प्रदूषण से बचाव

वेदों ने खाद्य के सम्बन्ध में वैज्ञानिक आधार पर निष्कर्ष बताया है। मनुष्य पाचनशक्ति से भोजन को भलीभाँति खुद पचाये, जिससे वह शारीरिक और आत्मिक बल बढ़कर उसे सुखदायक बना सकें। इसी प्रकार पेय, पदार्थों, जैसे जल-दूध इत्यादि के विषय भी उल्लेख है-

यत् पिवामि सं पिबामि समद्र इव संपविः।
प्राणानमुष्य संपाय सं पिबामो अभुं वयम्।।

अर्थात् मैं जो कुछ पीता हूँ, यथा विधि पीता हूँ जैसे यथाविधि पीने वाला समूद्र पचा लेता है। दूध जल जैसे पेय पदार्थ पेय पदार्थो को हम उचित रीति से हीपिया करें। जो कुछ खायें, अच्छी तरह चबाकर खायें।

यद् गिरामि सं गिरामि सं गिरामि
समूद्रइव संगिरः
प्राणानमुष्य संगीर्य सं गिरामो अमुं
वयम्।। (अथर्ववेद 135/3)

मिट्टी पृथ्वी एवं वनस्पतियों में प्रदूषण की रोकथाम

अथर्ववेद के 12वें काण्ड के प्रथम भारत में पृथ्वी का महत्व प्रदर्शित किया है । सभी पृथ्वी के पुत्र है। कहा गया है-

माता भूमि पुत्रों अहं पृथिव्याः।

पृथ्वी के अन्दर नाना प्रकार के फल, औषधियाँ फसले, अनाज, पेड़-पौधे इसी मिट्टी पर उत्पन्न होते हैं। उनपर ही हमारा भोजन निर्भर है। अतः पृथ्वी को हम माता के समान आदर दें -

यस्यामन्नं व्रीहियवौ यस्या इमापंच कृष्ट्यः।
भूम्यै पर्जन्यपत्नयै नमोऽस्तु वर्षमेदसे।।
(अथर्ववेद 12/1/42)

ध्वनि प्रदूषण और उसका निदान्त

भजन, कीर्तन, धार्मिक, गीत-गान, धर्मग्रन्थों का पाठ, रामायण, मीरा कबीर के भक्ति प्रधान भजन उपयोगी है। संगीत भक्ति-पूजा का एक महत्वपूर्ण अंग है। खेद है कि आज कल ध्वनि के साधन का दुरपयोग हो रहा है। रेडियो, टी.वी., ट्रांजिस्टर प्रसारक ध्वनि यन्ज जोर-जोर से सारे दिन कान फाड़ते रहते हैं। इससे सिरदर्द, तनाव अनिद्रा आदि फैल रहे हैं ।

वेदों में कहा गया है कि हम स्वास्थ्य की दृष्टि से अधिक तीखी ध्वनि से बचें, आपस में वार्ता करते समय धीमा एवं मधुर बोलें-

मा भ्राता भ्रातरं द्विक्षन्मा स्वसारमृत स्वसा।
समयञ्चः सव्रता भूतवा वाचं वदत भद्रया।।
(अथर्ववेद 3/30/3)

अर्थात् भाई-भाई से बहन से अथवा परिवार में कोई भी एक दूसरे से द्वेष न करें । सब सदस्य एकमत और एकव्रती होकर आपस में शान्ति से भद्र पुरूषों के समान मधुरता से बातचीत करें -

जिह्वा अग्रे मधु मे जिह्वामूले मधूलकम्।
ममेदह क्रतावसो मम चितमुपायसि।।
(अथर्ववेद 1/34/2)

उपर्युक्त विवेचन से यह भली-भाँति ज्ञात होता है कि वैदिक वाङ्मय में पर्यावरण और उसके संरक्षण के सम्बन्ध में ऋषियों ने न केवल सिद्धान्तों का कहीं निरूपण किया था अपितु उनका व्यवहारिक रूप भी प्रदान किया था। प्राकृतिक उपादानों में उन्होनें जिन दैनी शक्तियों की सत्ता कल्याण होता था। अग्नि, जल, वायु, आकाश, पृथ्वी, पर्वत, पेड़-पौधे नदियाँ, एवं औषधियाँ मानव जीवन को शक्ति प्रदान करती है। उनसे लाभान्वित होने वाले मुनिषियों ने उनके संरक्षण को भी आवश्यक बताया है।

❖❖❖

सविनय अवज्ञा आन्दोलन के दौर में किसान आन्दोलन

डॉ० अमर कान्त सिंह

1930 के दशक के मध्य में किसानों में उल्लेखनीय जागरूकता पैदा हुई और अखिल भारतीय किसान सभा ने वाम ताकतों को अखिल भारतीय स्तर पर किसानों को लामबंद करने का अवसर दिया। यहां किसानों की गतिविधियों का जिनका स्वयं कांग्रेस के प्रचार से सीधा संबंध था और किसानों की जागरूकता के संबंध में अनुदार कांग्रेसी नेतृत्व द्वारा प्रयुक्त नीतियों का विश्लेषण किया जा रहा है। देहातों में कांग्रेसी चुनाव प्रचार आर्थिक मामलों को विशेष रूप से उछालने पर टिका हुआ था। इसे बताने के पर्याप्त सबूत है। 1937 में नेहरू ने कांग्रेसी कार्यकर्त्ताओं को निर्देश दिया कि फैजपुर कृषि कार्यक्रम का विशेष महत्त्व है और हमारे देहात के मतदाताओं का विशाल हिस्सा और दूसरे इसे पसंद करेगें। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसे ''हमारे चुनाव प्रचार में विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महत्वपूर्ण स्थान हासिल करना चाहिए।[1] इलाहाबाद के ग्रामीणों के बीच प्रचार करते हुए उन्होंने कहा कि, भारत में सिर्फ दो ही दल है - एक वे जो जनता के लिए लड़ रहे हैं और दूसरे वे जो जनता के खिलाफ हैं। उनके पास (जनता) गरीबी की समस्या को सुलझाने की ताकत नहीं है। कुछ मुट्ठी भर लोग उन पर शासन कर रहे थे ... चाहे वे शासक भारतीय हों या अंग्रेज। वे सिर्फ इतना जानते थे कि अपने उद्देश्यों को आगे कैसे बढ़ाएँ ... कांग्रेस परिषदों में इसलिए जा रही थी ताकि सरकार का समर्थन करने वाले खान बहादुरों, राजबहादुरों और नबावों को दूर रखा जा सके।''[2]

सरदार पटेल ने किसानों से कहा कि यह कांग्रेस का प्रयास ही है जो उसे देर-सवेर गरीबी की दलदल से बाहर निकालने का प्रयास करेगा जिसमें कि वह धंसा हुआ है।[3] चुनाव के समय दक्षिणपंथी नेतृत्व और उनके सहयोगियों की उम्मीदों से अधिक फैजपुर कार्यक्रम की चर्चा हो रही थी क्योंकि किसान कांग्रेस के साथ एकजुट हो रहे थे। संयुक्त प्रांत का उदाहरण उन अनेक उदाहरणों में से एक है जो बताते हैं कि क्यों और कैसे किसानों की उम्मीदें बढ़ गई थीं। "कांग्रेस के कार्यकर्त्ता नोटबुक ले जा रहे हैं और काश्तकारों से पूछते हैं कि लगान क्या है? काश्तकार बताता है शायद दो रुपया प्रति बीघा। कांग्रेसी कार्यकर्त्ता कहता है ठीक है। यदि तुम कांग्रेस को वोट दोगे तो तुम्हारा लगान चार आना हो जाएगा। वह अपनी नोट बुक में लिख लेता है और बदकिस्मत किसान इससे पूरी तरह प्रभावित हो जाता है।"[4] इस प्रचार का एक मजेदार पक्ष यह उभरा कि संयुक्त प्रांत के कई गांवों के किसानों ने इसलिए वोट दिया कि वे उसे गांधी की पार्टी मानते थे और यह कि गांधी स्वयं उम्मीदवार हैं।[5] बिहार में ''कुछ मतदाता पेटी को गांधी का लेटर बॉक्स समझते हुए मतपत्र के साथ अपनी अर्जिया भी डाल देते थे।[6] 1937 के चुनावों में कांग्रेस की जीत के कारण राज्यपालों ने 'गांधी का नाम' और लगान नहर कर तथा चौकीदारी कर में बेतहाशा कमी के कांग्रेसी वादे बताए।''[7] वस्तुतः यह गीत आर्थिक मसलों के साथ राष्ट्रीय भावनाओं को जुड़ जाने से हुई और इसमें आर्थिक मसलों ने एक निर्णायक भूमिका अदा की। बंगाल में कांग्रेस की असफलता अन्य कारणों के अतिरिक्त इस कारण से भी हुई क्योंकि यहां किसान प्रजा कृषक पार्टी द्वारा प्रस्तुत आर्थिक कार्य-क्रम की तुलना में कांग्रेस के भूस्वामी समर्थकों से खुश नहीं थे।[8] बंगाल में कांग्रेस स्वराज पार्टी के दिनों से ही जमींदार समर्थक नीति को बढ़ा रही थी। यही बाद में राजनीतिक नियंत्रण पर वर्चस्व रखने वाले कारक सांप्रदायिकता के उभार का सहायक घटक बना। कुछ ऐसी ही स्थिति पंजाब में थी।

अंतरिम मंत्रिमंडल काल में कांग्रेस में सरकार बनाने के समर्थक गुट ने किसानों की भावनाओं को इस्तेमाल मंत्रिमंडल निर्माण के लिए किया। संयुक्त प्रांत में जब छतारी के नवाब ने मंत्रीमंडल बनाया तो कांग्रेसी नेताओं ने किसानों को लगान न देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने किसानों को विश्वास दिलाया कि कांग्रेस के सत्ता संभालते ही सभी बकाया माफ कर दिया जायगा।[9] जब कांग्रेस के लिए सचमुच ऐसा करने

अध्यक्ष, इतिहास विभाग, मुरारका कॉलेज, सुल्तानगंज, भागलपुर

का अवसर आया तो उसने किसानों को सलाह दी कि वे 'तत्काल लगान जमा करें' अन्यथा उन्हें बेदखल कर दिया जाएगा।[10] इसी तरह से बिहार में किसान जांच समिति को सत्ता में आने के औचित्य प्रदान करने के लिए पुनर्गठित किया गया। बिहार के राज्यपाल ने वायसराय को सूचित किया - 'यह महत्वपूर्ण है कि उन्होंने जितनी भी बैठकें की उनमें उन्होंने किसानों की शिकायतों पर विशेष ध्यान नहीं दिया। ... किन्तु अपने भाषणों में सत्ता संभालने के संदर्भ में अवश्य उललेख किया गया।'[11] कांग्रेस द्वारा किसानों की लामबंदी के अध्ययन बताते हैं कि असहयोग आंदोलन के पहले से ही कांग्रेस के नेता अंग्रेजों के इस प्रचार को कि कांग्रेस के सीमित प्रतिनिधित्व है कि काट के लिए अपने ग्रामीण अनुयायियों का प्रदर्शन कराने को उत्सुक थे। अधिवेशनों में किसान प्रतिनिधियों को देखकर उन्होंने 'प्रसन्नता' व्यक्त की किन्तु वे उनकी मांगों के प्रति उदासीन ही बने रहे।

असहयोग के दिनों में आर्थिक मसले किसानों को लामबंद करने के लिए उठाये जाते थे। स्वराज के नाम पर सभी तरह के वादे किए जाते थे, किन्तु उद्देश्य आर्थिक मसलों को एक ओर धकेलने का होता था।[12] चरखे को सभी बीमारियों के इलाज के रूप में पेश किया जाता था और गांधी एक डॉक्टर थे जिन्होंने इसका सुझाव दिया था। ऐसी ही स्थिति सविनय अवज्ञा आन्दोलन और 1937 के चुनावों के दौरान भी बनी रही। किसानों के बारे में कांग्रेस के रुख का विश्लेषण करना ऐसे दौर में अत्यंत महत्वपूर्ण होगा जब कोई आंदोलन या अंग्रेजों के खिलाफ सीधा संघर्ष नहीं चल रहा था। 1937 और 1939 के बीच की अवधि जब कांग्रेस सत्ता में थी हमें अध्ययन का अच्छा अवसर प्रदान करती है। 1937 में नेहरू का मानना था - ''भारत की सर्वाधिक महत्वपूर्ण समस्या किसान समस्या है, बाकी सब गौण है।'' उन्होंने अनुभव किया कि कांग्रेस मंत्रिमंडल ने किसानों को नयी आशा और नया जीवन प्रदान किया था। जबकि बड़े जमींदार और तालुकेदार किसानों के एक लम्बे समय से स्थगित न्याय का प्रतिरोध करने के लिए संगठित हो रहे थे। उन्होंने जोर देकर कहा कि ''हमें अपनी प्रतिज्ञाओं के प्रति ईमानदार रहना है और किसानों की आशाओं को संतुष्टि और पूर्णता प्रदान करनी है।''[13] किसानों और किसान सभाओं ने कांग्रेस अध्यक्ष के इन सार्वजनिक वक्तव्यों का स्वागत किया और कांग्रेस मंत्रिमंडल के तत्वाधान में फैजपुर कृषि कार्यक्रम को लागू किए जाने का उत्सुकता से इंतजार करने लगें। कांग्रेस अध्यक्ष के वक्तव्यों और कांग्रेस के कृषि कार्यक्रम का कांग्रेसी दक्षिणपंथी नेताओं पर कोई असर नहीं हुआ। एक बार सत्ता में पहुंचने के बाद यह नेतृत्व सामान्यत: वाम को और विशेषत: किसान सभा को नियंत्रित करने के साधनों और रास्तों की तलाश करने लगा। सरदार पटेल ने राजेन्द्र प्रसाद को एक पत्र लिखा - ''किसान सभा भविष्य में बहुत बड़ी बाधा उत्पन्न करेगी और मेरा पक्का मत इसके गठन के विरूद्ध रहा है। वे समय का इंतजार कर रहे हैं जब वे हमें हटा सकेंगे। इसलिए मैं उनको महत्व नहीं देता हमें कलकत्ता में स्थिति का संभलकर सतर्कता से सामना करना होगा। कुछ महीनों बाद हम उनके द्वारा पैदा की हुई स्थिति को नियंत्रित करने के योग्य नहीं रहेंगे।''[14] अक्टूबर 1937 में कलकत्ता की अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की बैठक में दक्षिणपंथियों ने शिद्दत से महसूस किया कि उन्हें संगठित होना चाहिए। जयरामदास दौलतराम की सलाह कि ''हमें अब अधिक बैठके नहीं होना चाहिए'' को क्रियान्वित किया गया।[15] यह हिदायत जारी की गई कि सभी परंपरावादी कार्यक्रम वालों को मिलजुल कर काम करना चाहिए' अन्यथा ''भाविष्य में बहुत बड़ी कठिनाई'' आ सकती है।[16] पटेल ने प्रसाद को स्पष्ट भाषा में लिखा कि ''बापू प्रसन्न नहीं हैं ... हरिपुरा में हमें किसी भी तरह से संघर्ष करना होगा... कृपया प्रतिनिधियों के चुनाव पर नजर रखें। सभी गांधी विरोधी तत्वों को निकाल बाहर कीजिए। संयुक्त मोर्चे के नाम पर अव्यवस्था की ताकतों को हम सहन नहीं करेंगे। हमारी सहनशीलता का वे नाजायज फायदा उठा चुके हैं किन्तु अब दृढ़ कदम उठाने का समय आ गया है।''[17]

प्रसाद ने पटेल को विश्वास दिलाया - ''मैंने जिलों में मित्रों को कहा है कि वे आपके सुझाव अनुसार सजग रहें और संगठित हों।''[18] स्पष्ट गांधी के वफादार अनुयायी वाम को सांगठनिक ढांचे में आगे न बढ़ने देने को सुनिश्चित कर लेने में व्यस्त रहे थे। किसान समर्थक कांग्रेसियों के लिए कांग्रेस में काम करना अत्यंत मुश्किल हो गया था। अंग्रेज सरकार ''कृषि खतरे से चितिंत थी, इसलिए वह कांग्रेसी मंत्रियों को किसान सभा के विरुद्ध कार्रवाई करने को उकसाती थी। वायसराय ने बिहार के गवर्नर को कहा कि वह अपने मंत्रियों को ''इन दिनों को बुरे रूप में पेश करें'' और कहें कि पहले के अच्छे दिनों में कैसे इस तरह की बकवास सरकार रोक लेती थीं।''[19] यह कहानी

निश्चय ही कही गई होगी। इसीलिए कि गवर्नर ने गर्व के साथ उत्तर दिया। "मुझे लगता है कि मेरे मंत्री खतरे का पूरी तरह अनुभव करते हैं। वे मुख्य किसान नेताओं पर नजर रखने को तैयार हैं तथा इसके लिए भी तैयार हैं कि उनके भाषणों की रिपोर्ट की जानी चाहिए।"[20] कांग्रेसी मंत्री वास्तव में गवर्नर की सलाह से भी ज्यादा कुछ करने को उत्सुक थे। यहाँ तक कि उन्होंने किसानों नेताओं के पत्र-व्यवहार को बीच में (सी॰आई॰डी॰ द्वारा) रोके जाने का भी समर्थन किया।[21] बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने कांग्रेसी कार्यकर्त्ताओं के किसान सभा में भाग लेने पर प्रतिंधब लागू कर दिया। सरदार पटेल ने इस कार्रवाई का स्वागत किया - "व्यक्तिगत रूप से मैं अनुभव करता हूं कि यह कार्रवाई बहुत पहले हो जानी चाहिए थी। किन्तु देर आए दुरूस्त आये। मैं आशा करता हूँ कि मामलों को सुधारने के लिए स्वामी (सहजानंद) जो बहुत अनिष्ट कर रहा है उससे बचने के लिए अभी बहुत देर नहीं हुई है।"[22]

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सदस्य और बिहार किसान सभा के अध्यक्ष सहजानंद को चंपारण, सारण और मुंगेर जिलों की कांग्रेस कमिटियों ने निर्देश दिया कि वे उनके जिलों की यात्रा न करें। स्थानीय कांग्रेसियों को धमकी दी गई कि यदि वे उसकी बैठकों में गए तो उनके विरुद्ध अनुशात्मक कार्रवाई की जाएगी।[23] यह प्रतिबंध उस समय लगाया गया जब दक्षिणपंथी कांग्रेसियों ने जमींदारों के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। उन दोनों के किसान आंदोलन को कुचलने के लिए आपस में गठजोड़ कर लिया था। यहाँ चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह द्वारा राजेन्द्र प्रसाद को लिखे गए पत्र को उद्घृत करना महत्वपूर्ण होगा - ''मैं आपके विचारों से पूरी तरह सहमत हूँ कि जहाँ हमें मिलकर कार्रवाई करने से लाभ होता है, वहां हमें मिलकर काम करना चाहिए। मेरी पूर्ण इच्छा हैं कि इस संबंध में आपको पूरा सहयोग दूँ।''[24]

जमींदारों के एजेन्टों और दक्षिणपंथियों के अनुयायियों ने जिलों में सहजानंद की यात्रा को असफल करने की अपनी ओर से भरसक कोशिश की किन्तु किसानों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर उनकी कोशिशों को विफल कर दिया। यह घटना अन्य कारणों से भी महत्वपूर्ण थी। सहजानंद बिहार कांग्रेस समिति के सदस्य थे किन्तु दक्षिणपंथियों के समर्थन से निचले स्तर की कांग्रेस समितियों ने उनके विरूद्ध कार्रवाई की। प्रदेश कांग्रेस समिति ने बाद में इस कार्रवाई का समर्थन किया। किसान सभा को अपना पक्ष रखने का कोई अवसर नहीं दिया गया। सहजानंद ने नागरिक स्वतंत्रता का मामला उठाया।[25] किन्तु प्रसाद और पटेल सभी स्तरों पर किसान सभा का विरोध करने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ थे।

बम्बई में कांग्रेस कार्यकारिणी समिति में बिहार प्रदेश कांग्रेस समिति की कार्रवाई पर विचार हुआ। प्रसाद जानते थे कि ''हम अभियुक्तों की स्थिति में होंगे और हमें अपना बचाव करने के लिए तैयार रहना चाहिए।'' उन्होंने बिहार के प्रधानमंत्री से किसान सभा नेताओं की गतिविधियों से संबंधित सी.आई.डी. रिपोर्ट एकत्र की।[26] इस पर पटेल, प्रसाद, आजाद, राजगोपालाचारी और जमनालाल बजाज ने गांधी के साथ विचार विमर्श किया।[27] बिहार के प्रधानमंत्री ने पटेल से कहा कि वर्किंग कमिटी ने हर कदम की निंदा करने की बजाय यदि उनका सुख-दु:ख से पूरा समर्थन करें तो वे बिहार का बेहतर संचालन कर सकते हैं।[28] उस दौरान ही प्रधानमंत्री ने बिहार के गवर्नर को आश्वस्त किया कि जब तक गांधी जीवित हैं वह (कांग्रेस वर्किंग कमिटी का) समर्थन हासिल कर लेंगे।''[29] किसान सभा और उसके नेताओं को अपना पक्ष रखने को कहे बिना कांग्रेस वर्किंग कमिटी ने बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी की कार्रवाई का अनुमोदन कर दिया।

दक्षिणपंथियों ने स्वामी सहजानंद पर जिस बड़े अनिष्ट का अभियोग लगाया, अगर इस पर गौर करें तो स्पष्ट होता है कि व्यवहार में, उन्होंने, किसानों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाया, उन्हें संगठित किया उन्हें बड़ी संख्या में कांग्रेस में शामिल होने के लिए प्रेरित किया और मंत्रियों को बहु प्रचारित फैजपुर कृषि कार्यक्रम को लागू करने की याद दिलाई। कांग्रेस के नेताओं से चुनावों के समय किए गए वादों को पूरा करने को कहा; जमींदारों की हिंसा के विरूद्ध आत्मरक्षात्मक तरीके अपनाने को कहा। इस प्रकार, सहजानन्द न सिर्फ अंग्रेजों के खिलाफ लड़ रहे थे, वरन् भारतीय समाज में उनके सहयोगियों से भी संघर्ष कर रहे थे। इसे ही कांग्रेस सिद्धांतों के विरूद्ध काम करने और कांग्रेस का अनुशासन तोड़ने की संज्ञा दी गई।[30] किसान सभा पर भी आरोप लगाया गया कि वह उन असंतुष्ट तत्वों को आश्रय दे रही है जिनका रुख कांग्रेस के प्रति द्वेषपूर्ण है, किन्तु इस संदर्भ में कभी भी किसी का नामोल्लेख नहीं किया गया। दूसरा आरोप यह लगाया गया कि किसान सभा हिंसा का प्रचार करती है और वर्ग युद्ध का माहौल बना रही है।[31] जबकि किसान सभा ने जमींदारों पर हमला करने के लिए प्रेरित नहीं किया। इसके विपरीत, किसानों को

आत्मरक्षात्मक उपाय को अपनाने की सलाह दी गई जैसे जबरदस्ती बेदखली के समय किसान खेत में लेट जाए। वस्तुत: दक्षिणपंथियों के लिए संघर्ष के गांधीवादी तरीके भी अगर जमींदारों के विरूद्ध अपनाए जाए तो वे हिंसा के समान थे। दक्षिणपंथियों के लिए किसान सभा से सलाह मशविरा लेना ही कांग्रेस नीति के विरूद्ध जाना और जमींदारों के साथ समझौता करना ही अनुशासन था। किन्तु यदि किसान इस भटकाव का विरोध करने के लिए परिषदों तक शांतिपूर्ण मार्च करें और कांग्रेस द्वारा किए गए वादों को लागू करने की मांग करे तो यह 'अुनशासनहीनता' थी।

सन्दर्भ-सूची

1. बांबे क्रानिकिल (26 जून 1937)
2. वही, जिन किसानों ने कांग्रेस का समर्थन किया, चुनावों के बाद उन्हें जमींदारों के दमन का और अधिक सामना करना पड़ा। बांबे क्रनिकिल (1937), संघर्ष (19 सितम्बर 1937)
3. लिनलिथिगो को हेग का पत्र, (29 अक्टूॅबर 1936) (एल॰पी॰) सं॰ 112
4. बांबे क्रानिकिल (13 फरवरी 1937)
5. जेम्स सिफटन का पत्र लिनलिथगो को (9 फरवरी 1937 (एल॰पी॰) सं॰ 112
6. वही
7. इंडियन एनुअल रजिस्टर, 1936, वास्तव में इस अवधि में किसानों के वोट के महत्व काफी बढ़ गया था, यहां तक कि हिन्दू महासभा और मुस्लिम लींग जैसे सांप्रदायिक संगठनों ने भी यह घोषणा करके कि वह किसानों के लिए काम करने को तैयार हैं, उन्हें अपनी ओर आकृष्ट करने की कोशिश की।
8. क्वार्टर्ली सर्वे पॉलिटिकल एण्ड कांस्टिट्यूशनल पोजिशन इन इंडिया सत्र/(एल॰पी॰) सं॰ 142
9. अमृत बाजार पत्रिका (2 जनवरी 1938). हिन्दुस्तान टाइम्स (1 जून 1938), पाक्षिक रपट के अनुसार कांग्रेसी आमतौर पर काश्तकारों का लगान देने के लिए राजी करने में सहायक थे। होम पॉलिटिकल सं॰ 18/1/1938, एन॰ए॰आई॰
10. लिनलिथगो को हेलेट का पत्र (10 मई 1937), (एल॰पी॰) सं॰ 143
11. देखिए, कपिल कुमार, पीर्जेट्स इन रिवोल्ट, पृ॰ 230
12. ए॰आई॰सी॰सी॰ पेपर्स पी-9 (1937)
13. वही
14. प्रसाद का पटेल को पत्र (2 अक्टूबर 1937), राजेन्द्र प्रसाद, पत्राचार एवं संकलित रचनाएं खण्ड-1, (दिल्ली 1984) पृ॰ 103
15. श्री कृष्ण सिन्हा को प्रसाद का पत्र (2 दिसम्बर 1937) वही पृ॰ 131
16. वही
17. प्रसाद का पटेल को पत्र (दिसम्बर 1937), वही, पृ॰ 141
18. पटेल से प्रसाद (28 नवम्बर 1937), आर॰पी॰पी॰ रोल-5
19. हेलेट को लिनलिथगो, (26 दिसम्बर 1987), एल॰पी॰ नं॰ 110
20. लिनलिथगो का हेलेट (11 नवम्बर 1937) वही नं॰ 113
21. लिनलिथगो का हेलेट, (5 दिसम्बर 1937), वही
22. प्रसाद को पटेल (16 दिसम्बर 1937), आर॰पी॰पी॰ रोल-5
23. कांग्रेस सोशलिस्ट (11 दिसम्बर 1937) विस्तार के लिए देखिए कपिल कुमार, कांग्रेस पीजेन्ट रिलेशनशीप, पृ॰ 242
24. प्रसाद को सी॰पी॰ सिंह (1 जून 1938) आर॰पी॰फा॰न॰ 111/1937 एन॰ए॰आई॰ए॰
25. दि हिन्दुस्तान टाईम्स (5 जून 1938)
26. श्री कृष्ण सिन्हा को प्रसाद (22 दिसम्बर 1937)
27. वही
28. सर्चलाइट (5 जनवरी 1938)
29. बिरला को महादेव देसाई (22 दिसम्बर 1937) जी॰डी॰ बिरला में पूर्वोक्त पृ॰ 127
30. लिनलिथगो को हेलेन का पत्र (7 जून 1938) एल॰पी॰ नं॰ 44
31. सहजानन्द और बिहार प्रदेश कांग्रेस समिति के बीच मतभेद के लिए देखिए कपिल कुमार, ''कांग्रेस पीजेंट रिलेशनशिप'' पृ॰ 242-43

❖❖❖

स्मृतियों में विहित विवाह-विधि में नारी

महेन्द्र प्रताप यादव

प्रारम्भिक अवस्था में मनुष्य 'विवाह' से अनभिज्ञ था। कोई पुरुष किसी भी स्त्री से यौन सम्बन्ध बनाने के लिए स्वच्छन्द था। किन्तु धीरे-धीरे जब वह कृषि, पशुपालन और उद्योग से जुड़कर सभ्यता के मार्ग पर अग्रसर होता गया और उसके वैयक्तिक जीवन में स्थिरता आनी शुरू हुई तब उसे पैतृकता का बोध भी होने लगा। उसके मन में यह जिज्ञासा उठने लगी कि उसकी सन्तान कौन है जिसे वह अपना उत्तराधिकारी बना सके। यह बिना यौन सम्बन्धों के नियमन के सम्भव नहीं था। अस्तु उसने लैंगिक सम्बन्धों पर नियन्त्रण करना प्रारम्भ किया। इसके तहत सर्वप्रथम निकट रिश्तों में लैंगिक सम्बन्ध वर्जित किया। धीरे-धीरे यह दायरा बढ़ता गया और अन्ततः वहाँ तक पहुँचा जहाँ एक स्त्री का एक पुरुष के साथ विवाह के उपराँत लैंगिक सम्बन्ध स्थापित करने की मान्यता दी गई। इस प्रक्रिया में एक लम्बा समय लगा। विवाह संस्था इस क्रमिक प्रक्रिया का ही परिणाम है। डॉ० पारस दीवान ने भी इस सम्बन्ध में अपना मत प्रकट करते हुए कहा है कि जब तक लैंगिक स्वतन्त्रता थी पुरुष के लिए अपनी पैतृकता जानना असम्भव था। अतः लैंगिक सम्बन्धों का विनियमन आवश्यक हो गया। पुरुष और स्त्री के बीच लैंगिक सम्बन्ध अनन्य हो जाने पर ही पितृत्व को जाना जा सकता था। अस्तु विवाह की संस्था का विकास इतिहास पुरुष की उसी इच्छा की पूर्ति के प्रयत्नों का परिणाम है। यह प्रक्रिया निःसन्देह धीमी और लम्बी रही।

वस्तुतः विवाह संस्था का विकास मानव सभ्यता के विकास के साथ क्रमिक रूप से हुआ। शुरू में यह केवल एक सामान्य व्यवहार के रूप में प्रचलित रहा किन्तु आगे चलकर इसने परम्परा एवं रीति-रिवाज का रूप ले लिया और अन्ततः विधि के रूप में सर्वमान्य हुआ। स्मृतिकाल में भी एक संस्कार के रूप में स्वीकार करते हुए शास्त्रकारों ने इसे धर्म (विधि) के दायरे में व्यवस्थित किया। इन्होंने विवाह को स्त्री-पुरुष का वह पवित्रतम गठबन्धन कहा जिसके द्वारा पुरुष तथा स्त्री (दोनों) के इहलौकिक तथा पारलौकिक जीवन की सर्वाधिक महत्वपूर्ण एवं पवित्रतम भावनाएँ जुड़ी होती हैं। उसकाल में विवाह किसी पुरुष का स्त्री के साथ वह अटूट सम्बन्ध था जिसका उद्देश्य अति आवश्यक सामाजिक तथा धार्मिक आवश्यकताओं की पूर्ति करना था। इसकी प्राचीनता मानव समाज में सभ्यता के उद्भव तक जाती है और सभ्यता के विकास के साथ उसी क्रम एवं गति से यह आगे बढ़ती है। प्रारम्भ में इसका प्रचलन मात्र एक व्यवहार के रूप में रहा किन्तु बाद में इसने परम्परा एवं रीति-रिवाज का रूप धारण कर लिया और जातीय वर्गीकरण के अनुसार अनेक अवस्थाओं से गुजरता हुआ आगे चलकर 'विधि' के रूप में सर्वमान्य हो गया। इस तरह से हिन्दू विवाह एक संस्कार होते हुए भी एक विधिक व्यवस्था वाली संस्था बन गया। धर्म, प्रजा एवं रति आदि की पूर्ति के उद्देश्यों वाली यह संस्था सम्पूर्ण स्मृतिकाल में अपनी महत्ता बनाए रही।

स्मृतिकारों ने विधि के अनुसार सक्षम पक्षकारों के बीच हुए विवाह को ही मान्यता प्रदान की। उनके अनुसार सक्षम पक्षकार वे स्त्री-पुरुष थे जिनका परिणय एक दूसरे से किया जाना विधि सम्मत था। उस काल में पुरुष पक्षकार की असक्षमता या तो उसके लिए पूर्ण रूप से हो सकती थी या मात्र किसी एक विशेष पक्ष (पुरुष या नारी) के साथ ही हो सकती थी। प्रथम श्रेणी में वे आते थे जो किसी कारणवश विवाह के लिए पूर्णतः अयोग्य मान लिए जाते थे। दूसरी श्रेणी में वे आते थे जो किसी एक व्यक्ति विशेष के लिए ही विवाह के अयोग्य माने जाते थे। जैसे एक स्त्री जिसका पति जीवित होता था, किसी व्यक्ति के लिए पूर्णतः अयोग्य थी और दूसरी वह स्त्री जो किसी पुरुष विशेष के ऐसे सम्बन्धों में आती थी जो स्मृतियों के नियम-निर्देशों के तहत विवाह के लिए वर्जित था, तो वह मात्र ऐसे पुरुष विशेष के साथ विवाह के अयोग्य थी। इन निशेधों से मुक्त पुरुष के साथ वह अप्रतिशिद्ध विवाह था। स्मृतिकारों ने विवाह के सक्षम पक्षकारों (स्त्री-पुरुष) के स्मबन्ध में विस्तार से लिखा। कन्या के बारे में मनु ने कहा है कि वह किसी अंग से हीन न हो, सुन्दर

रिसर्च फेलो, प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, का.हि.वि.वि., वाराणसी

नाम वाली, तथा हाथी के समान चलने वाली, छोटे दाँत वाली और सुकुमार शरीर वाली हो।[1] याज्ञवल्क्य के अनुसार उस स्त्री से विवाह करना चाहिए जो पहले किसी अन्य पुरुष को प्रदत्त या किसी के द्वारा भुक्त न हो। असपिण्ड हो तथा अपने से छोटी हो। माता के कुल में पाँच पीढ़ी ऊपर से तथा पिता के कुल में सात पीढ़ी ऊपर हो।[2] गौतम तथा वशिष्ठ ने व्यवस्था दी कि ब्रह्मचारी को गुरू की आज्ञा से अपने समान अविवाहित, अपने से छोटी आयु वाली, अन्य प्रवर की, पिता के कुल में सात पीढ़ी तथा माता के कुल में पाँच पीढ़ी के बाद वाली कन्या से विवाह करना चाहिए।[3] लघु आश्वलायन के अनुसार अच्छे कुल में उत्पन्न, सुन्दर मुख वाली, सुन्दर अंगोवाली, मनोहर, सुन्दर नेत्रों वाली, भाग्यशाली कन्या से विवाह करना चाहिए–

कुलजां समुखीं स्वांगी, सुवासां च मनोहराम्।
सुनेत्रां सुभगां कन्यां, निरीक्ष्य वरयेद् बुधः।।
लघु आश्व० 15.2

वर के गुण के सम्बन्ध में आश्वलायन ने कहा है कि बुद्धिमान को ही कन्यादान करना चाहिए।[4] आपस्तम्ब गृह्यसूत्र में अच्छे वर का लक्षण यह बताया गया है– अच्छा कुल, सच्चरित्र, शुभगुण, ज्ञान एवं सुन्दर स्वास्थ्य।[5] यम ने वर का गुण– कुल, शील, वपु (शरीर), यश, विद्या, धन एवं सनायता (सम्बन्धी एवं मित्र लोगों का आलम्बन) आदि बताया है। बृहत्पराशर ने वर के आठ गुण बताए हैं– जाति, विद्या, अवस्था, शक्ति आरोग्य, बहुयक्षता, शील और धन सम्पत्ति।[6] बृहत्पराशर के अनुसार बहुत दूर रहने वाले, बहुत पास रहने वाले, मूर्ख, विरक्त, अति महान, बहुत लाड़ले, दरिद्र, अत्यन्त धनवान, बहुत दुर्बल और जीविकाहीन को कन्या नहीं देनी चाहिए।[7] नारदीय मनु ने पागल, पतित, नपुंसक, कुष्ठरोगी, अन्धे, बहरे, मिर्गी आने वाले पुरुष से विवाह न करने को कहा है–

उन्मत्तः पतितः कुश्ठी, तथा शण्ढः स्वगोत्रजः।
चाक्षुः श्रोत्र विहीनश्च, तथाऽप स्मारदूषितः।।
स्मृति चन्द्रिका, 1 पृ० 59, ना० मनु० 12.37

स्मृतियों में कुछ विवाहों को प्रतिशिद्ध किया गया है जिसमें सपिण्ड विवाह निषेध मुख्य है। मनु के अनुसार जो कन्या माता की सात पीढ़ी अथवा पिता के गोत्र की हो, वह द्विजातियों के विवाह तथा सन्तानोत्पत्ति के योग्य नहीं होती है।[8] उन्होंने यह भी कहा है कि आपत्ति काल में भी ब्राह्मण एवं क्षत्रिय को शूद्र स्त्री से विवाह नहीं करना चाहिए। क्योंकि शूद्र स्त्री से विवाह करने पर ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तीनों शूद्रत्व को प्राप्त करते हैं।[9] उनके अनुसार असवर्ण निन्दित विवाहों से, संस्कारों के न होने से, वेद के न पढ़ने से, उच्च कुल भी नींच हो जाते हैं।[10] याज्ञवल्क्य ने निर्देश दिया कि द्विज जातियों को शूद्र से विवाह नहीं करना चाहिए। क्योंकि उससे उत्पन्न पुत्र शूद्र होता है।[11] शास्त्रकारों ने ऐसे दोषों को भी गिनाया है, जिनसे ग्रसित कन्या से विवाह नहीं करना चाहिए। मनु ने निम्नलिखित दस दोषों से युक्त कुल में विवाह न करने का निर्देश दिया है– क्रियाहीन, जिस कुल में कन्या ही उत्पन्न होती हो, वेद के पठन–पाठन से हीन, अधिक रोयें वाली, बवासीर वाली, राजयक्ष्मा वाली, मन्दाग्नि वाली, मृगी, श्वेत कुष्ठ वाली और गलित कुष्ठ वाली आदि।[12] उनके अनुसार भूरे बालों, अधिक अंगों (छः अंगुलियों वाली), रोगिणी, रोम रहित अधिक रोम वाली, बहुत बोलने वाली, भूरी आँखों वाली तथा नक्षत्र, पेड़, नदी, म्लेच्छ, पहाड़, पक्षी, सर्प, दासी या भयानक नाम वाली कन्या से विवाह नहीं करना चाहिए।[13] बहुत मोटी, बहुत दुबली–पतली, बहुत लम्बी, बहुत छोटी (नाटी), अवस्था या आयु में अधिक, किसी अंग से हीन, झगड़ा करने वाली कन्या से भी उन्होंने विवाह न करने को कहा है–

नाति स्थूलां नाति कृशां, न दीर्घां नाति वामनाम्।
वयोऽधिकां नांगहीनां, न सेवेत कलह प्रियाम्।।
मनु० 3.9 के बाद परिशिष्ट

नारदीय मनु के अनुसार लम्बी बीमारी वाली, चरित्रहीन, ढीठ, और अन्य से प्रेम करने वाली कन्या दूषित होती है। उससे विवाह न करें–

दीर्घकुत्सित रोगार्ता व्यंगा
संस्पृष्टमैथुनाः।
धृष्टान्यगत भावाश्च, कन्यादोशाः
प्रकीर्तिताः।। ना० मनु० 12.36

वर एवं कन्या की आयु का निर्धारण करते हुए मनु ने कहा है कि श्रेष्ठ, सुन्दर और योग्य वर मिलने पर कन्या की अवस्था कम होते हुए भी उसका विधिपूर्वक विवाह कर देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा है कि कन्या ऋतुमती होने पर तीन वर्ष तक विवाह की प्रतीक्षा करे। यदि पिता आदि विवाह न करें तो उसके बाद समान योग्यता वाले वर से वह स्वयं विवाह कर ले।[14] उन्होंने आपातकाल में 30 वर्ष के पुरुष का 12 वर्ष की कन्या से तथा 24 वर्ष के पुरुष का आठ वर्ष की कन्या से विवाह का प्रावधान किया–

त्रिषद्वर्षोद्वहेत कन्यां, हृद्यां द्वादश
वार्षिकीम्।
त्रयष्टवर्षोऽष्टवर्षो वा, धर्मे सीदति
सत्वरः।। मनु० 9.94

बौधायन ने यह कहा है कि यदि अविवाहित रजस्वला कन्या पिता के घर में रहती है तो पिता या अभिभावक कन्या के प्रत्येक मासिक धर्म पर गर्भ गिराने के पाप के भागी होते हैं।[15] गौतम के अनुसार यदि तीन बार रजस्वला होने पर भी उसका विवाह कोई नहीं करता है तो अपना आभूषण एवं अलंकरण घर में ही छोड़कर वह सत्पात्र पति से स्वयं अपना विवाह कर सकती है।[16] पराशर ने 8 वर्ष की लड़की को गौरी, 9 वर्ष की रोहिणी, 10 वर्ष की कन्या, 10 वर्ष से ऊपर को रजस्वला नाम से सम्बोधित किया है। उन्होंने इन्हीं अवस्थाओं में विवाह करने का विधान किया।[17]

स्मृतियों में आठ प्रकार के विवाहों- ब्रह्म, दैव, आर्ष, प्राजापत्य, आसुर, गन्धर्व, राक्षस तथा पैशाच आदि की चर्चा की गई है। इनमें से उन्होंने चार को धर्मानुकूल तथा बाद के चार को अधार्मिक माना है। कुछ स्मृतिकारों ने गन्धर्व तथा आसुर को को भी धर्मानुकूल माना है।[18] नारदीय मनु का कहना है कि प्रथम चार विवाह धर्मानुकूल हैं, गन्धर्व साधारण विवाह है, शेष तीन अधर्म विवाह हैं। मनु का कहना है कि ब्रह्म आदि प्रथम चार विवाहों में ब्रह्मतेज वाले और सज्जनपुत्र पैदा होते हैं। ये यशस्वी, पवित्रत्मा, शतायु होते हैं। शेष चार आसुर आदि विवाह से उत्पन्न पुत्र असत्यवादी, नास्तिक और निन्दित कर्मों को करने वाले होते हैं।[19] मनु, शंख, बौधायन, नारदीय मनु, गौतम तथा याज्ञवल्क्य स्मृति के अनुसार विद्वान और शीलवान वर को बुलाकर सुन्दर वस्त्र और आभूषणों से अलंकृत करके कन्या को दिया जाने वाला विवाह ब्रह्म विवाह था।[20] इस विवाह से उत्पन्न होने वाले पुत्र 21 पीढ़ियों (अपने से पूर्व 10 तथा आने वाली 10) को पवित्र करता था।[21] जब पिता अलंकृत एवं सुसज्जित कन्या का किसी पुरोहित से यज्ञ के अवसर पर विवाह करा देता है तो वह दैव विवाह कहलाता है।[22] बौधायन ने भी कहा है कि ऋत्विज का यज्ञ के समय यज्ञशाला में कराया गया विवाह दैव विवाह है।[23] याज्ञवल्क्य के अनुसार दैव विवाह से उत्पन्न पुत्र चौदह पीढ़ियों (सात पहले की सात बाद की) को पवित्र करता है।[24] जब गो मिथुन (एक गाय और बैल) या गाय-बैल का एक जोड़ा वर से लेकर विधि पूर्वक कन्या दी जाती थी तो वह आर्श विवाह कहलाता था।[25] मनु के अनुसार इस विवाह से उत्पन्न पुत्र आगे और पीछे की तीन पीढ़ी को पापों से मुक्त करता है।[26] जिस विवाह में वर को यह कहकर वधू दी जाती थी कि तुम दोनों साथ में धर्म करो अर्थात् सह धर्मचारी बनो, वह प्राजापत्य विवाह कहलाता था। इसमें कन्या आभूषण आदि से विभूषित करके वर को दी जाती थी।[27] याज्ञवल्क्य, शंख तथा ब्रह्मोक्त याज्ञवल्क्य के अनुसार जब माँगने वाले वर को कन्या दी जाती है तो वह प्राजापत्य विवाह कहलाता है।[28] इस विवाह से उत्पन्न पुत्र अपने आगे पीछे की छह पीढ़ी के वंशजों को तथा अपने को अर्थात् कुल 13 पीढ़ी को पाप मुक्त करता है।[29] जब लड़की के पिता आदि को तथा कन्या को धन देकर स्वेच्छा से कन्या स्वीकार की जाती थी तो वह आसुर विवाह कहलाता था।[30] शंख, गौतम तथा नारदीय मनु के अनुसार धन देकर किया गया विवाह आसुर विवाह है।[31] मनु के अनुसार इस विवाह वाली कन्या से उत्पन्न पुत्र क्रूर, असत्यवादी एवं यज्ञादि के विरोधी होते हैं।[32] जब वर एवं कन्या प्रेम के वशीभूत होकर मिलते हैं या मैथुन करते हैं तब उसे गन्धर्व विवाह कहा जाता था।[33] मनु के अनुसार इस विवाह से उत्पन्न पुत्र क्रूर, असत्यवादी और धर्मविरोधी होते हैं।[34] मनु के अनुसार जब कन्या के पक्ष वालों को मारपीट कर, अंग छेदन करके, रोती-चिल्लाती कन्या का बल प्रयोग द्वारा हरण करके लाया जाता है तो वह राक्षस विवाह है।[35] नारदीय मनु ने इसे अधर्म विवाह कहा है।[36] मनु के अनुसार इस विवाह से उत्पन्न पुत्र नास्तिक, क्रूर एवं धर्मदोषी होते हैं।[37] मनु के अनुसार सोती हुई, उन्मत्त या मद्यपान से मत्त कन्या के साथ सम्भोग करके विवाह करना पैशाच विवाह है।[38] यह सबसे निकृष्ट कोटि का विवाह था। अन्य धर्मशास्त्रकारों ने भी छलपूर्वक कन्या हरण को पैशाच विवाह बताते हुए उसे अधर्म विवाह कहा है।[39] मनु के अनुसार इस विवाह से उत्पन्न पुत्र क्रूर, असत्यभाषी और अधर्मी होता है।[40]

उक्त प्रकार के विवाहों के माध्यम से स्त्री-पुरुष द्वारा किसी भी स्थिति में बनाये गए सम्पर्क एवं सम्भोगिक सम्बन्ध को विधिक मान्यता देने का कार्य विधिकारों द्वारा किया गया। इनकी उच्चता एवं निम्नता के आधार पर पुत्र की उच्चता एवं निम्नता का निर्धारण होता था। पुत्री के सम्बन्ध में कहीं कुछ भी नहीं कहा गया है। स्त्रियाँ या तो पिता आदि द्वारा धन-सम्पत्ति के साथ वर को सौंपी जाती थीं अथवा पुरुष द्वारा जबरजस्ती उठा ले जायी जाती थीं।

स्मृतियों में विवाह की दो विधियों संविदा की विधि तथा धार्मिक विधि की चर्चा की गई है। संविदा के निम्न

लिखित दो तरीके थे जो विवाह के पूर्व किए जाते थे- प्रथम : वाग्दान अथवा सगायी द्वारा, द्वितीय : स्वीकृति अथवा समझौता द्वारा। वाग्दान कन्या के पिता अथवा अन्य संरक्षकों के द्वारा कन्या को किसी विवाह में किसी वर को प्रदान करने के लिए दिया गया वचन होता था। इसी वचन के आधार पर कन्या उस वर विशेष को विवाह में प्रदान की जाती थी। मनु ने इसकी महत्ता को स्पष्ट करते हुए लिखा है कि वाग्दान की गई कन्या का वर अगर विवाह के पूर्व ही मर जाय तो उसका विवाह उस वर के छोटे भाई से कर देना चाहिए।[41] नारद ने लिखा है कि पति-पत्नी के विवाह सम्बन्ध के पूर्व वाग्दान होता है और यह वाग्दान तथा वास्तविक विवाह संस्कार दोनों मिलकर ही पति-पत्नी के सम्बन्धों को वैधता प्रदान करते हैं।[42] कुछ शास्त्रकार इस सम्बन्ध में अलग तरह के मत भी प्रस्तुत किए हैं। याज्ञवल्क्य ने लिखा है कि वाग्दान की गई कन्या को रोकने वाला व्यक्ति चोर के दण्ड का भागी होता है, किन्तु अगर कोई योग्य वर मिल जाय तो वह उसके साथ उस कन्या का विवाह कर सकता है।[43] रघुनन्दन का मत है कि किसी स्त्री पर पति का वैधानिक अधिकार वास्तविक विवाह से प्रारम्भ होता है, न कि वाग्दान से।[44] महाभारत में भी उल्लेख मिलता है कि पाणि-ग्रहण तक कन्या की माँग कोई भी भर सकता है।[45] नारद ने भी इसे समर्थन दिया है। इस तरह से यद्यपि पत्नीत्व का पद 'सप्तपदी' के बाद ही प्राप्त होता था, किन्तु वाग्दान का विवाह-विधि में अपना महत्व था।

स्वीकृतिनामा अथवा समझौता का भी अपना महत्व था। वर एवं वधू के बीच कभी-कभी एक समझौता होता था जो विवाह संस्कार जैसा ही महत्व रखता था। इसे तोड़ना (अल्प वयस्क को छोड़कर अन्य लोगों के लिए) अवैध माना जाता था। भारतीय संविदा अधिनियम द्वारा भी इसे सुरक्षा प्रदान की गई है। यह वाग्दान से इस रूप में अलग था कि वाग्दान में केवल कन्या के संरक्षक ही अपनी ओर से किसी कन्या को किसी वर विशेष को विवाह में प्रदान करने का वचन देते थे, जब कि स्वीकृतनामा में दोनों पक्ष एक दूसरे के अतिरिक्त अन्य किसी से भी विवाह न करने की प्रतिज्ञा करते थे। इस तरह से यह वाग्दान से अधिक वैधानिक महत्ता रखता था।[46]

विवाह के समस्त प्रकारों के लिए कुछ न कुछ धार्मिक अनुष्ठान विहित थे। केवल गन्धर्व विवाह ही ऐसा था जिसमें किसी प्रकार का धार्मिक अनुष्ठान नहीं सम्पन्न किया जाता था। यह विवाह की धार्मिक विधि थी। डॉ० पी० वी० काणे ने इस सम्बन्ध में विस्तार से विवरण दिया है। उनके अनुसार विवाह संस्कार की धार्मिक विधियाँ हैं- वधूवर-गुण परीक्षा, वर-प्रेक्षण, वाग्दान या वानिश्चय, मण्डप-करण, नान्दीश्राद्ध एवं पुण्याहवाचन, वधू-गृहागमन, मधुपर्क, स्नापन, परिधापन एवं सन्नहन, समन्जन, प्रतिसरबन्ध, वधूवर-निष्क्रमण, परस्पर समीक्षण, कन्यादान, अग्निस्थापन एवं होम, पाणिग्रहण, लाजहोम, अग्निपरिणयन, अश्मारोहण, सप्तपदी, मूर्धाभिषेक, सूर्योदीक्षण, हृदय-स्पर्श, प्रेक्षकानुमन्त्रण, दक्षिणादान, गृह-प्रवेश, गृहप्रवेशनीय, ध्रुवारुन्धती-दर्शन, आग्नेय स्थालीपाक, त्रिरात्रव्रत, चतुर्थीकर्म, सीमान्त-पूजन, हरगौरी-पूजा, इन्द्राणी-पूजा, तैल-हरिद्रारोपण, आर्द्राक्षतारोपण, मंगलसूत्र-बन्धन, उत्तरीय-प्रान्त-बन्धन, ऐरिणीदान तथा देवकोत्थापन एवं मण्डपोद्वासन आदि। उक्त अनुष्ठानों के सम्पन्न होने के बाद हिन्दू विवाह पूर्ण होता था। इसी ढंग से प्रतिपादित विवाह को ही हिन्दू-विधि मान्यता देती है।[47]

कन्यादान विवाह की धार्मिक विधि का एक महत्वपूर्ण कर्म था। इसके सम्बन्ध में स्मृतियों में विस्तार से विवरण मिलता है। संस्कार कौस्तुभ ने कन्यादान के वाक्य को छः प्रकार से कहने की विधि लिखी है। इस कृत्य में पिता वर को कहता है कि वह धर्म, अर्थ और काम में कन्या के प्रति झूठा न हो और वर उत्तर देता है कि मैं ऐसा ही करुँगा (नातिचरामि)। कन्यादान किस-किस को करना चाहिए, इस सम्बन्ध में याज्ञवल्क्य ने कहा है कि कन्यादान पिता को करना चाहिए। उसके न रहने पर पितामह, पितामह के अभाव में भाई, भाई के अभाव में कुल के अन्य पुरुष और कुल के अन्य लोगों के अभाव में माता को कन्यादान करना चाहिए।[48] नारदीय मनु के अनुसार पिता, पिता की आज्ञा से भाई, पिता के अभाव में दादा, दादा के अभाव में मामा, उनके न रहने पर कुल का मनुष्य, उनके न रहने पर बान्धव और बान्धव के न रहने पर माता कन्यादान करे। इन सबके अभाव में कन्या स्वयं अपना विवाह कर सकती है।[49] कन्यादान केवल अधिकार मात्र नहीं था, बल्कि एक उत्तरदायित्व था। क्योंकि समय से कन्यादान न करने पर भ्रूण हत्या का पाप लगता था। विधिकारों की कन्यादान सम्बन्धी व्यवस्था से यह स्पष्ट होता है कि इस सम्बन्ध में माता को उतना ऊँचा स्थान नहीं प्राप्त था। ऐसा इसलिए था कि वह स्वयं

आश्रितावस्था में होती थी। इसलिए उसे यह कार्य किसी निकट पुरुष सम्बन्धी से कराना पड़ता था।

लगभग सभी स्मृतिकारों ने सवर्ण स्त्री से विवाह पर बल दिया तथा असवर्ण विवाह प्रतिशिद्ध किया और इसे सदोष विवाह कहा उन्होंने ऐसे विवाह पर दण्ड का भी प्रावधान किया। व्यास के अनुसार पवित्र कन्या को त्यागने वाले और निर्दोष कन्या पर दोष लगाने वाले दण्ड के भागी होते हैं।[50] नारदीय मनु के अनुसार यदि दोषी कन्या का दोष छिपाकर विवाह किया जाता है तो वर कन्या को छोड़ सकता है। इसी तरह कन्या भी वर का त्याग कर सकती हैं इसमें कोई अपराध नहीं होगा।[51] ऐसी कन्या के पिता को राजा 250 पण का दण्ड दे।[52] इस सम्बन्ध में मनु का कहना है कि मूल्य लेकर कन्या बेचने वाला मनुष्य यदि वर को अच्छी कन्या दिखाकर निकृष्ट कन्या देता है तो उसी मूल्य में दोनों कन्याओं का विवाह कर सकता है। यदि कोई पागल, कुष्ठरोग वाली और क्षतियोनि कन्या का विवाह करता है तो वह दण्ड का भागी होता है।[53] ऐसी कन्या को पति छोड़ सकता है और ग्रहण करने से मना कर सकता है।[54] याज्ञवल्क्य ने कन्या का दोष छिपाकर कन्यादान करने वाले, निर्दोष कन्या का त्याग करने वाले और कन्या के ऊपर झूठा दोषारोपण करने वाले लोगों से राजा को 100 पण दण्ड लेने का विधान किया।[55] इस तरह से विवाह सम्बन्धी दोष पर स्मृतिकारों द्वारा वृहद विधिक व्यवस्था की गयी जिनमें से बहुत का प्रचलन आज भी है।

इस तरह से वैधानिक ढंग से सम्पन्न हिन्दू विवाह पति-पत्नी को तमाम तरह के अधिकार प्रदान करता था। इनमें उनके सम्पत्ति सम्बन्धी अधिकार भी शामिल थे। विवाह के बाद ही स्त्री-पुरुष विधि द्वारा निर्मित नियमों के तहत सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक तथा अन्य अनेकानेक अधिकारों की माँग करने में सक्षम होते थे। मोटे तौर पर इन्हें चार भागों में विभक्त किया जा सकता है- प्रथम, विवाह के साथी के रूप में प्राप्त होने वाले अधिकार, द्वितीय, व्यक्तिगत हैसियत से प्राप्त होने वाले अधिकार, तृतीय, उनके सम्पत्ति से सम्बन्धित अधिकार तथा चतुर्थ, उनकी सन्तानों से सम्बन्धित अधिकार। हिन्दू विवाह-विधि के तहत विवाह के वैध परिणाम विवाह करने वाले व्यक्ति की इच्छा पर नहीं बल्कि हिन्दू विधि-नियमों के अनुसार प्राप्त होते थे। इसीलिए वे सर्व कल्याणकारी थे।

विवाह के द्वारा पति-पत्नी का एक दूसरे पर पूर्ण आधिपत्य स्थापित हो जाता था। शास्त्रकारों के अनुसार दोनों दो शरीर एक आत्मा का रूप ग्रहण कर लेते थे। इसलिए बिना किसी महत्वपूर्ण कारण के इनमें से किसी के द्वारा भी किया गया विधि विरुद्ध व्यवहार इस लोक के लिए दण्डनीय तथा परलोक के लिए पापमय होता था।[56] पत्नी के यह लिए यह विधान किया गया कि वह अपने पति को देवता माने तथा पति के लिए कहा गया कि उसे चाहिए कि वह अपनी ईमानदार तथा पतिव्रता पत्नी को सम्मान दे।[57] दोनों का यह सम्बन्ध धार्मिक कार्यों के लिए भी आवश्यक था। शास्त्रकारों के द्वारा यह निर्देशित किया गया था कि कोई भी धार्मिक कार्य पति बिना पत्नी के अकेले नहीं कर सकता।[58] पति-पत्नी के इस सम्बन्ध को कानून भी महत्व देता है।

ऐसे विवाह के बाद स्त्री पत्नी के रूप में संयुक्त पैतृक सम्पत्ति में भी अंशहर बन जाती थी। किन्तु उनके अंश के विषय में शास्त्रकारों के अपने अलग-अलग मत हैं। याज्ञवल्क्य ने व्यवस्था दी कि पिता द्वारा अपनी सम्पत्ति के बँटवारे के समय पुत्रों के बराबर हिस्सा अपनी पत्नियों को भी देना चाहिए, अगर वह अपने पति अथवा श्वसुर से कोई स्त्रीधन न प्राप्त की हो। अगर स्त्रीधन प्राप्त की है तो उसे अपने पुत्रों का आधा हिस्सा दिया जाना चाहिए।[59] किन्तु अग्रजाधिकार नियम के तहत किए गए विभाजन में पत्नियाँ (बड़े पुत्र को दिए जाने वाले 1/20वाँ भाग निकालने के बाद) शेष में बराबर का हिस्सेदार बनेंगी। साथ ही उन्हें गृहस्थी के अन्य सामान तथा उनका आभूषण भी प्राप्त होगा।[60] दायभाग के अनुसार पिता सम्पूर्ण सम्पत्ति का स्वामी होता है। किन्तु अगर वह विभाजन करता है तो उसे अपनी पुत्रहीन पत्नियों को पुत्रों के बराबर हिस्सा देना चाहिए अगर स्त्रियों के पास स्त्रीधन न हो तो। स्त्रीधन होने की स्थिति में उन्हें पुत्रों का आधा हिस्सा दिया जाना चाहिए।[61] यहाँ यह भी ध्यातव्य है कि विभाग की अंशहर पत्नी विभाग की माँग नहीं कर सकती थी। यह व्यवस्था तब के लिए थी जब पति अपनी इच्छा से विभाजन करता था। यह विभाजन भी उसे अलग से नहीं दिया जाता था, अपितु यह उसके पति के पास ही रहता था। पत्नी को विभाजन का अंशहर वस्तुतः उसके निर्वाह की दृष्टि से ही बनाया गया था।[62]

विधिक तरीके से विवाह सम्पन्न वाली पत्नी के परित्याग आदि पर उसे हर्जाना प्राप्त करने का अधिकार शास्त्रकारों ने दिया। दायभाग ने व्यवस्था दी कि यदि

कोई पति अपनी पत्नी का अकारण परित्याग करता है तो वह (पत्नी) उससे (पति से) उसकी सम्पूर्ण सम्पत्ति का 1/3 भाग प्राप्त करने का दावा कर सकती है। किन्तु यदि पति निर्धन है तो उससे सिर्फ गुजारा माँग सकती है। यदि वह नहीं देता है तो उसके विरुद्ध न्यायालय में वाद खड़ा कर सकती है और उसका यह अभियोग उसके अधिवेदन का कारण नहीं बन सकता।[63] किन्तु कुछ इसके अपवाद भी हैं। जैसे यदि पत्नी व्यभिचार की अपराधिनी है, यदि वह बिना कारण के पति गृह छोड़ी है या दोनों आपसी सहमति से पृथक निवास करते हैं, तो पत्नी हर्जाने की माँग नहीं कर सकती है। यहाँ यह स्पष्ट करना उचित होगा कि हिन्दू विवाह-विधि के तहत वही पत्नी हर्जाना प्राप्त करने की हकदार थी जो सच्चरित्र, पतिव्रता एवं कादार थी। ऐसे विाह द्वारा पति-पत्नी एक दूसरे के ऋण अदायगी के लिए उत्तरदायी हो जाते थे। लगभग सभी स्मृतिकारों ने पति-पत्नी को एक दूसरे द्वारा लिए गए ऋण की अदायगी के लिए उत्तरदायी बताया, यदि वह ऋण परिवार के हित के लिए लिया गया है। सामान्यतया ऐसा वहीं था जहाँ पति की आजीविका मृख्य रूप से पत्नी के श्रम पर निर्भर करती थी।

स्मृतिकारों ने शास्त्रानुमोदित ढंग से विवाहित पत्नी के पुत्र को ही वैध तथा अन्य सभी प्रकार के पुरुषों से श्रेष्ठ माना है। मनु ने लिखा है विवाह संस्कार द्वारा व्याहता पत्नी से उत्पन्न पुत्र 'औरस' कहलाता है जो अन्य प्रकार के पुत्रों से श्रेष्ठ होता है।[64] बौधायन के अनुसार वह पुत्र जो किसी पुरुष द्वारा स्वयं विधि-सम्मत ढंग से विवाहित अपने ही वर्ग की पत्नी द्वारा उत्पन्न किया जाता है, उस व्यक्ति का अपने शरीर से उत्पन्न (औरस) वैध पुत्र कहलाता है। कुछ शास्त्रकारों ने अनुलोम विवाह से उत्पन्न पुत्र को भी वैध माना है।

हिन्दू-विधि में प्रत्येक पिता का अनिवार्य कर्तव्य अपनी वैध सन्तानों का भरण-पोषण बताया गया है। मनु, याज्ञवल्क्य, जीमूतवाहन, नीलकण्ठ, विज्ञानेश्वर आदि सभी ने यही कहा है।[65] प्रिवी कौंसिल ने भी अपने निर्णय में इसे मान्यता दी है।[66] कुछ शास्त्रकारों ने अवैध सन्तानों के भरण-पोषण का भी विधान पिता की सम्पत्ति से किया। जीवित रहते पिता भरण-पोषण का कार्य स्वयं करता था। उसकी मृत्यु के बाद उसकी सम्पत्ति से उनका पालन-पोषण किया जाता था। किन्तु यह भी भरण-पोषण उनके प्रौढ़ होने तक ही उन्हें प्राप्त होता था।

इस सम्बन्ध में दायभाग तथा मिताक्षरा की अलग-अलग व्यवस्थाएँ हैं। दायभाग सन्तानों के असहाय या अवयस्क होने तक ही यह सुविधा प्राप्त करने की व्यवस्था करता है। किन्तु मिताक्षरा के अनुसार संयुक्त परिवार के अन्तर्गत पुत्र पिता के साथ ही संयुक्त सम्पत्ति में अंशहर होता है। अतः वह जब चाहे सम्पत्ति के विभाजन के लिए दावा प्रस्तुत कर सकता है। विशेष्य यह है कि विभाजित न की जा सकने वाली सम्पत्ति में ही वह भरण-पोषण प्राप्त करने का हक रखता था। प्रौढ़ हो जाने के बाद भी उसका यही हक कायम रहता था।

हिन्दू विवाह का परिणाम पति-पत्नी की वैयक्तिक स्थिति पर भी प्रभावी रूप से पड़ता था। विवाह के बाद ही व्यक्ति गृहस्थाश्रम में प्रवेश करता था तथा वह अपने भौतिक एवं आधयात्मिक उन्नति का स्वयं नियामक बनता था। विवाह के बाद पुरुष का पक्ष स्त्री की अपेक्षा काफी सबल हो जाता था। क्योंकि जहाँ हिन्दू नारी पति के जीते जी क्या उसकी मृत्यु के बाद भी दूसरा विवाह नहीं कर सकती थी, वहीं हिन्दू पुरुष इसके लिए पूर्णतः अधिकृत था। हालाँकि बिना पर्याप्त कारण के वह यदि दूसरा विवाह करता था तो वह अधिवेदन विवाह कहलाता था और अधिवेदन की स्थिति में पत्नी हर्जाना प्राप्त करने की अधिकारी होती थी जिसे अधिवेदनिक कहा जाता था और जो स्त्रीधन का एक प्रकार होता था।

यद्यपि हिन्दू विवाह-विधि के तहत सम्पत्ति पर स्त्री के अधिकार को लेकर शास्त्रकारों में काफी मतभेद रहा है, किन्तु विवाह के बाद कई तरह की सम्पत्ति की उत्तराधिकारी वह बन जाती थी। आपस्तम्ब ने हिन्दू विवाह के औचित्य को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था दी कि पत्नी और उसके स्वामी (पति) के बीच विभाजन का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। विवाह में पत्नी का हाँथ अपने हाँथ में ले लेने के बाद से हर बुरे-भले कार्यों में उसका सहयोग आवश्यक होता था। उसका धन पत्नी का धन होता था। उसकी अनुपस्थिति में यदि पत्नी औचित्यपूर्ण ढंग से कोई भेंट अथवा उपहार देती है तो शास्त्रों ने उसे चोरी नहीं माना है।[67] जमना बनाम माचल शाही के प्रसिद्ध वाद में इलाहाबाद उच्च न्यायालय का निर्णय था कि हिन्दू-विधि के अन्तर्गत पत्नी पति की सहयोगिनी के रूप में उसकी सम्पत्ति में सहभागिनी भी होती है।[68] किन्तु पूर्णा बनाम राधा के वाद में कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि सहयोगिनी की हैसियत से पत्नी पति की सम्पत्ति के विभाजन की माँग नहीं कर सकती।[69]

यानि पत्नी का पति की सम्पत्ति में सहस्वामित्व औपचारिक था। उसका वास्तविक स्वमित्व उसके स्त्रीधन पर ही होता था।

स्मृतिकारों ने विवाह-विच्छेद की सामान्य रूप में कोई व्यवस्था नहीं किया क्योंकि उनके अनुसार यह संविदा न होकर एक संस्कार था जिसे धर्म (विधि) का स्वरूप प्रदान किया गया था। मनु के अनुसार न तो विक्रय द्वारा और न ही परित्याग करके हिन्दू पत्नी को उसके पति से अलग किया जा सकता है। पति-पत्नी का वैवाहिक सम्बन्ध उनकी मृत्यु पर्यन्त कायम रहे, इन शब्दों को ही पति-पत्नी के परस्पर सम्बन्धों के लिए सर्वोच्च कानून मानना चाहिए।[70] इसीलिए स्मृतियों में विवाह विच्छेद के सम्बन्ध में कुछ विषेश विवरण नहीं मिलता। शास्त्रकारों ने सप्तपदी के उपरान्त विवाह विच्छेद न होने पर बल दिया। मनु ने कहा कि स्त्री और पुरुश को जीवन पर्यन्त परस्पर अव्याभिचार अर्थात् धर्म, अर्थ, काम विशयों में अलग नहीं होना चाहिए। संक्षेप में यही स्त्री पुरुश का धर्म है-

अन्योन्यस्याव्यभिचारो,
भवेदामरणान्तिकाः।
एशः धर्मः समासेन, ज्ञेयः
स्त्रीपुंसयोऽपरः।। मनु0 9.101

उनके अनुसार जो स्त्री पति और स्वजनों के मना करने पर भी उत्सव आदि में शराब आदि पिये तथा मेले आदि में जाय तो राजा उसे 6 रत्ती सोने का दण्ड दे सकता है। मना करने पर भी यदि पुरुष परस्त्री से बात करता है तो पुरुष को सौ सुवर्ण का दण्ड देना चाहिए।[71] याज्ञवल्क्य तथा व्यास ने कहा है कि यदि पति को महापातक का दोष लग जाय तो स्त्री को उसकी शुद्धि तक प्रतीक्षा करनी चाहिए।[72] इन्होंने पिता या पति द्वारा वर्जित पुरुष से बात करने पर स्त्री के लिए सौ पण तथा वर्जित नारी से बात करने पर पुरुश के लिए दो सौ पण का दण्ड देने के लिए कहा-

स्त्रीनिषेधेषतं दद्याद् द्विषतंतु दमं
पुमान्।। याज्ञ० 2.85

पराशर के अनुसार जो पुरुश दोष रहित एवं बिना पतित हुई भार्या को युवावस्था में छोड़ देता है, वह सात जन्म तक स्त्री होकर पैदा होता है और बार-बार विधवा होता है।[73] व्यास स्मृति में कहा गया है कि अच्छे आचारण वाली स्त्री को त्यागने वाला पुरुष धर्म से पतित होता है।[74] विश्वरूप के अनुसार विवाह एक संस्कार है, पत्नीत्व की स्थिति का उद्भव उसी संस्कार से होता है, यदि पति या पत्नी पतित हो जाय तो संस्कार की परिसमाप्ति नहीं हो जाती, यदि पत्नी व्यभिचारिणी हो जाय तो भी वह पत्नी है और प्रायश्चित्त कर लेने के उपरांत उसे विवाह का संस्कार पुनः नहीं करना पड़ता।[75] वस्तुतः स्मृतियाँ विवाह-विच्छेद की प्रबल विरोधी रहीं। यह एक विडम्बना ही थी कि जहाँ पुरुष को कई पत्नियाँ रखने की छूट थी वहीं पत्नी को पति की मृत्यु पर भी दूसरा पति रखने की मनाही थी। कुछ परवर्ती शास्त्रकारों एवं टीकाकारों ने इस विडम्बनापूर्ण व्यवस्था में सुधार करने का प्रयत्न करते हुए कुछ विशेष परिस्थितियों में पत्नी को दूसरा पति रखने की अनुमति दी। इनमें पराशर, देवल, नारद आदि प्रमुख हैं।[76] नारद का मत है कि नपुंसक, सन्यासी और जातिच्युत पति को पत्नी छोड़ सकती है। किन्तु इनके इस मत का आधार पुत्रोत्पत्ति का धार्मिक पहलू ही अधिक था। ज्यादातर शास्त्रकारों ने इसे हेय कहते हुए इसका निषेध किया। मिताक्षरा का कहना है कि जब तक पति पतित हो, पत्नी उसके नियंत्रण के बाहर रहती है, किन्तु उसे तब तक जोहते रहना चाहिए जब तक कि वह प्रायश्चित्त द्वारा पुनः पवित्र न हो जाय और जाति में न ले लिया जाय। इसके उपरान्त वह पुनः उसके नियंत्रण में ले जी जाती है।[77] बड़े से बड़ा पाप प्रायश्चित्त से कट जाता है। अतः पत्नी अपने पति को सदा के लिए नहीं छोड़ सकती।[78] इससे यह स्पष्ट होता है कि शास्त्रकारों ने किसी भी स्थिति में विवाह विच्छेद की व्यवस्था नहीं किया है। प्रायश्चितों तक पति-पत्नी को दूर रखने की व्यवस्था अवश्य किया। किन्तु उसके बाद दोनों को एक साथ रहने का निर्देष दिया। यहाँ यह चर्चा उपयुक्त होगी कि विवाह-विच्छेद एवं पृथक्करण में अन्तर है। पृथक रहने के लिए चाहे जितने मजबूत एवं स्थायी आधार हों वे विवाह को पूर्ण रूप से कदापि भंग नहीं कर सकते थे, जब तक कि पति-पत्नी दानों हिन्दू धर्म स्वीकार करते थे।[79] विशेष परिस्थितियों में ही पत्नी तथा पति के परित्याग की व्यवस्था को मान्यता मिली थी। उसके पीछे कुछ महत्वपूर्ण आधार निर्धारित किए गए थे। शास्त्रकारों ने ऐसी पत्नी जो विवाह-संस्कार के प्रति अनास्थावान थी को परित्याग योग्य माना। इस सम्बन्ध में मनु ने लिखा है कि शास्त्र वर्जित रक्त सम्बन्धों से सम्बन्ध रखने वाली अथवा समान गोत्र वाली पत्नी का परित्याग इस तथ्य के प्रकट होने के साथ ही कर देना चाहिए तथा पति को इस अनजान में किए गए अपराध के लिए प्रायश्चित्त करना चाहिए।[80]

शास्त्रकारों ने जहाँ पत्नी के परित्याग के सम्बन्ध में स्पष्ट उल्लेख किया, वहीं पति के परित्याग पर इनके अलग-अलग मत रहे। मनु आदि ने परित्याग की जगह उसकी उपेक्षा किए जाने की बात कही। मनु के अनुसार पागल, जघन्य अपराधी, नपुंसक, पौरुषहीन तथा दण्डनीय अपराध से सम्बन्धित पति की उपेक्षा की जा सकती है, किन्तु उसका परित्याग नहीं किया जा सकता। अर्थात उसके साथ अपेक्षित लगाव नहीं रखना चाहिए। किन्तु देवल ने इसे स्पष्ट करते हुए कहा है कि पत्नी अपने ऐसे पति का परित्याग कर सकती है जो कि घोर पापी (अधम) हो, धर्मद्रोही हो, नपुंसक हो, अप्रतिष्ठित हो, क्षय का रोगी हो अथवा दीर्घकाल से विदेश वास कर रहा हो। किन्तु यह परित्याग वह सन्तानोत्पत्ति के लिए ही कर सकती है और यह कदापि नहीं समझना चाहिए कि इसके लिए वह सामान्य रूप से स्वतंत्र है।[81] यहीं पर पराशर तथा नारद ने ऐसी परिस्थित में पत्नी द्वारा पति के पूर्ण परित्याग की छूट दी है।[82] यहाँ यह ध्यातव्य है कि यह वैवाहिक विधि तभी तक प्रभावकारी होती है, जब तक कि पति-पत्नी दोनों ही हिन्दू बने रहते हैं।

अधिवेदन की व्यवस्था भी स्मृतिकारों द्वारा की गई थी। एक पत्नी के रहते दूसरी पत्नी से विवाह करना अधिवेदन था। इस सम्बन्ध में मनु का विधान है कि उस हिन्दू पत्नी का, जो कि मादक द्रव्यों का सेवन करती है, अनैतिक व्यवहार करती है, अपने पति के प्रति घृणा प्रदर्शित करती है, असाधय रोगिणी है, कटुभाषी है तथा अपने पति की सम्पत्ति का दुरुपयोग करती है, किसी भी समय दूसरी पत्नी द्वारा अधिवेदन किया जा सकता है। बाँझ पत्नी का विवाह 8 वर्ष के पश्चात, जिसके सभी बच्चे पैदा होकर मर जाते हों, उसका 10 वर्ष के बाद, जिसको लगातार 4 लड़कियाँ पैदा हुई हों, उसका 11 वर्ष बाद और जो दुर्भाषी हो उसका अविलम्ब अधिवेदन किया जा सकता है। परन्तु उस पत्नी का जो कि इष्ट (मधुर) और गुणवती हो, रोगग्रस्त होने के बावजूद अधिवेदन नहीं किया जा सकता।[83]

स्मृतिकारों ने विधवा पुनर्विवाह को भी मान्यता प्रदान किया। नारद के अनुसार सात प्रकार की पत्नियाँ होती हैं जो पहले किसी पुरुष से विवाहित हो चुकी रहती हैं। उनमें पुनर्भू के तीन प्रकार होते हैं और स्वैरिणी के चार प्रकार। पुनर्भू के तीन प्रकार हैं- 1. वह कन्या जिस का पाणिग्रहण संस्कार हो चुका हो, किन्तु समागम न हुआ हो। उसका पुनर्विवाह हो सकता है। 2. वह स्त्री जो पहले पति के साथ रहकर उसे छोड़ दे और अन्य से शादी करले, फिर वह लौटकर अपने मौलिक पति के पास चली जाय।[84] 3. पति के मर जाने पर जिसके कोई देवर न हो, ऐसी स्त्री किसी सपिण्ड को या उसी जाति के पुरुष को दे दी जाती है। स्वैरिणी के चार प्रकार हैं- 1. वह स्त्री जो पुत्रहीन हो, या पुत्रवती पति के जीवित रहते ही किसी अन्य पुरुष के पास चली जाय। 2. वह स्त्री जो अपने पति के भाइयों तथा अन्य लोगों को न चाहकर किसी अन्य पुरुष के पास चली जाय। 3. पुनर्भू तीन के तुल्य जो स्त्री हो। 4. धन से खरीदी हुई या भूख-प्यास से पीड़ित स्त्री किसी को अपना पति बनाकर रहती है, वह चतुर्थ प्रकार की स्वैरिणी है।[85] नारद के अनुसार उपर्युक्त दोनों प्रकारों में सभी क्रमानुसार निकृष्ट होते जाते हैं। याज्ञवल्क्य ने पुनर्भू के दो प्रकार बताया है। एक वह जिसका पति से अभी समागम न हुआ हो और दूसरा वह जो समागम कर चुकी हो। इन दोनों का विवाह पुनः होता है। उनके अनुसार स्वैरिणी वह है जो अपने विवाहित पति को छोड़कर किसी अन्य पुरुष के प्रेम में फँसकर उसी के साथ रहती है। द्वितीय पति या द्वितीय विवाह से उत्पन्न पुत्र को 'पौनर्भव' कहा जाता है।[86] काश्यप ने पुनर्भू के सात प्रकार बताया है। ये हैं- 1. वह कन्या जो विवाह के लिए प्रतिश्रुत हो चुकी हो, 2. वह जिसकी कलाई में वर द्वारा कंगन बाँध दिया गया हो, 3. वह जो मन से दी जा चुकी हो, 4. वह जिसका संकल्प के साथ दान हो चुका हो, 5. वह जिसका वर द्वारा पाणिग्रहण हो चुका हो, 6. वह जिसने अग्नि प्रदक्षिण कर ली हो तथा 7. जिसे विवाह के बाद बच्चा हो चुका हो।[87] इनमें ऊपर के पाँच प्रकारों में विवाह का कार्यक्रम सम्पूर्ण रूप में सम्पादित नहीं होता। इसलिए इनका दूसरा विवाह हो सकता है और यह पुनर्भू कहलाएगा। बौधायन ने पुनर्भू के सात प्रकार बताए हैं- 1. वह कन्या जो विवाह के लिए प्रतिश्रुत हो चुकी हो, 2. वह जो मन से दी जा चुकी हो, 3. वह जो अग्नि की प्रदक्षिणा कर चुकी हो, 4. वह जिसने सप्तपदी समाप्त कर ली हो, 5. वह जिसने सम्भोग कर लिया हो, 6. वह जो गर्भवती हो चुकी हो तथा 5. वह जिसे बच्चा उत्पन्न हो गया हो-

वागदत्ता, मनोदत्ता, अग्निं परिगता,
सतमंपदं नीता, भुक्ता, ग्रहीतगर्भा,
प्रसूता चेति सप्तविधा पुनर्भू र्भवति।
अतस्तां ग्रहीत्वा न प्रजां धर्मं च विन्देत।
बौधा०, स्मृति० च० 1 पृ० 75

उनके अनुसार क्लीव, पतित और जातिच्युत पति को छोड़कर अन्य पति के पास जाने वाली स्त्री का पुत्र 'पौनर्भव' होता है।[88] इस सम्बन्ध में वशिष्ठ का मत है कि वाणी और जल से दी गयी कन्या जिसका संस्कार मंत्रों से न हुआ हो और पति मर जाय तो कुमारी कन्या मानी जाती है। मंत्रों के साथ जिस कन्या का संस्कार न हुआ हो और कोई बलपूर्वक ले जाता है तो उस कन्या का विधिपूर्वक संस्कार किया जा सकता है। यदि मंत्रों के साथ किसी कन्या का संस्कार हो जाने के बाद पति मर जाय, यदि कन्या अक्षत योनि हो तो उसका पुनर्विवाह हो सकता है।[89] उन्होंने उस स्त्री के पुत्र को पौनर्भव कहा है जो युवावस्था में अपने पति को छोड़ करके किसी अन्य पुरुष के पास चली जाय और पुनः अपने पति के पास आकर रहने लगे। या जो नपुंसक, जातिच्युत पागल या पति की मृत्यु पर दूसरे पति के पास चली जाय।[90] नारदीय मनु के अनुसार जो पुरुश विवाह करके देशान्तर चला जाता है उसकी भार्या तीन ऋतुकाल के पश्चात् दूसरा विवाह कर सकती है।[91] उनके अनुसार सन्यासी हो जाने पर, पति के नष्ट हो जाने पर (विदेशादि जाने पर उसका कुछ पता न चले), नपुंसक, पतित तथा मर जाने पर इन पाँच विपत्तियों में स्त्रियाँ दूसरा विवाह कर सकती हैं–

पत्यौ प्रव्रजिते नष्टे, क्लीबेऽथ पतिते मृते।
पंचस्वात्सु नारीणां, पतिरन्यो विधीयते।।

ना० मनु० 12.99, परा० 4.30

उन्होंने व्यवस्था दिया है कि पति विदेश गया हो तो ब्राह्मणी को आठ वर्ष तक, यदि बच्चा न हुआ हो तो चार वर्ष तक प्रतीक्षा करके विवाह कर लेना चाहिए। क्षत्रिय की पत्नी को क्रमशः 4 और 3 वर्ष तक तथा वैश्य की पत्नी को 4 और 2 वर्ष तक प्रतीक्षा करके विवाह कर लेनी चाहिए।[92] शातातप की व्यवस्था के अनुसार जिस कन्या का विवाह हो चुकी हो, किन्तु पति से सहवास नहीं हुआ हो, तो वह दूसरा विवाह कर सकती है।[93] मनु ने ज्यादा मुखर रूप में विधवा पुनर्विवाह का विरोध किया है। उनका कहना है कि पर पुरुष से उत्पन्न सन्तान तथा पर स्त्री से उत्पन्न सन्तान शास्त्रोक्त सन्तान नहीं है। पतिव्रता स्त्रियों का दूसरा पति कहीं पर नहीं कहा गया है।[94] कन्या एक बार दी जाती है।[95] विवाह सम्बन्धी किसी भी मंत्र में या किसी भी शाखा में नियोग को उचित नहीं कहा गया है और न विवाह विधि में विधवा को पुनः किसी पुरुष को देने को कहा गया है।[96] विवाह सम्बन्धी मन्त्र कन्याओं के सम्बन्ध में हैं, अकन्याओं (क्षत योनि) के सम्बन्ध में कहीं भी मंत्र नहीं है, क्योंकि वे धर्म कार्य से हीन हो जाती हैं।[97] वस्तुतः शास्त्रकारों द्वारा पुनर्विवाह को अच्छा नहीं माना गया है। विषेश परिस्थितियों में उन्होंने दूसरा विवाह करने की व्यवस्था की है। किन्तु यह पारिवारिक जीवन की समस्याओं के समाधान के लिए ही है।

नियोग की व्यवस्था भी स्मृतियों में प्राप्त होती है। इसका अर्थ था किसी नियुक्त पुरुष के सम्भोग द्वारा पुत्रोत्पत्ति के लिए पत्नी या विधवा की नियुक्ति। गौतम ने कहा कि पति विहीन नारी यदि पुत्र की अभिलाशा रखे तो अपने देवर द्वारा प्राप्त कर सकती है। इसके लिए उसे गुरुजनों से आज्ञा लेकर केवल ऋतु काल में (प्रथम चार दिनों को छोड़कर) सम्भोग कराना चाहिए। अगर देवर न हो तो सपिण्ड, सगोत्र, सप्रवर या अपनी जाति वाले से ही सम्भोग करना चाहिए। दो से अधिक पुत्र नहीं पैदा करना चाहिए।[98] मनु के अनुसार सन्तान न होने पर गुरू की आज्ञा से स्त्री देवर या सपिण्ड के साथ सम्भोग कर सन्तानोत्पत्ति कर सकती है।[99] उनके अनुसार नियुक्त पुरुष को अन्धेरे में ही स्त्री के पास जाना चाहिए। उसके शरीर पर घृत का लेप होना चाहिए और उसे एक या दो पुत्र उत्पन्न करना चाहिए।[100] यही बात बौधायन धर्मसूत्र[101], याज्ञवल्क्य[102] एवं नारद[103] में भी पायी जाती है। नारदीय मनु के अनुसार जो स्त्री बिना बड़ों की आज्ञा से देवर से सन्तान उत्पन्न करती है, वह सन्तान जारज कहलाती है।[104] उसके अनुसार जब किसी की अनुमति से कोई उसके क्षेत्र में बीज बोता है, तब उससे उत्पन्न सन्तान बीज वाले और क्षेत्र वाले दोनों की होती है।[105] वशिष्ठ के अनुसार यदि स्त्री उन्मत्त हो, स्वेच्छाचारिणी हो, रोगी हो, 16 वर्श से कम आयु वाली हो, तो उसका नियोग नहीं करना चाहिए।[106] याज्ञवल्क्य के अनुसार जब तक गर्भाधान नहीं हो जाय, तभी तक उस स्त्री से सम्भोग करना चाहिए। गर्भ रह जाने पर उससे गमन करने से वह पतित हो जाता है और इस प्रकार उत्पन्न पुत्र क्षेत्रज पुत्र कहलाता है।[107]

वस्तुतः धर्मशास्त्रकारों ने नियोग की व्यवस्था तो की, किन्तु नियम भी इतना कठोर बनाया कि उसका दुरुपयोग न हो सके और समाज में शुचिता बनी रहे। नियोग की व्यवस्था प्राचीन धर्मशास्त्रकारों द्वारा की गयी। परवर्ती धर्मशास्त्रकारों ने इसे निन्दित घोशित किया। आपस्तम्ब धर्मसूत्र[108] तथा बौधायन धर्मसूत्र[109] आदि ने इसकी निन्दा की। मनु ने भी नियोग का वर्णन तो किया किन्तु उसके उपरान्त

उसकी भर्त्सना भी किया।[110] साथ ही उन्होंने उत्तराधिकार एवं रिक्थ के विभाजन में क्षेत्रज पुत्र के लिए व्यवस्था किया।[111] नियोग की यह अति प्राचीन प्रथा परवर्ती काल में कम से कमतर होती हुई समृतिकाल के उत्तरीखण्ड में समाप्त हो गयी। नियोग की व्यवस्था के पीछे सबसे महत्वपूर्ण कारण सम्भवत: सम्पत्ति सम्बन्धी उत्तराधिकार की समस्या का समाधान था। दूसरा कारण पुत्र प्राप्ति की कामना थी। एक क्षीण कारण यह भी समझ में आता है कि स्त्री जब कम आयु में विधवा हो जाती थी अथवा जब पति में सम्भोगिक अक्षमता होती थी, ऐसी दषा में उसकी कामुकता को दबाना लगभग न के बराबर होता रहा होगा। उसे बदचलन बनने से रोकने के लिए भी यह एक कारगर उपाय हो सकता था। पुत्र प्राप्ति के बाद वह उसकी सेवा टहल में अपने आपको व्यस्त कर लेती रही होगी। किन्तु कट्टर धर्मशास्त्रकारों द्वारा इसकी निन्दा की गयी और अन्तत: यह बन्द हो गयी।

प्राचीनकाल से ही विवाह के साथ जुड़ी रही दहेजप्रथा स्मृति कालीन में भी चलती रही। किन्तु इस काल में दहेज लेना या देना अच्छा नहीं माना जाता था। लगभग सभी स्मृतिकारों ने इसकी निन्दा किया है और दहेज लेकर सम्पन्न होने वाले विवाहों को नीचे की श्रेणी में रखा है। मनु ने कहा कि वर या कन्या पक्ष की ओर से मूलरूप में कुछ भी लेना अनुचित एवं अपराध है। थोड़ा या ज्यादा लेन-देन विक्रय का भाव प्रकट करता है। कन्या पक्ष से थोड़ा या अधिक लेना पवित्र विवाह-विधि का अपमान है। इससे विवाह की शालीनता पर आँच आती है। इसी प्रकार सुन्दर कन्या को हस्तगत करने के लिए कन्या पक्ष को किसी प्रकार का लालच या धन आदि देना अनुचित कार्य माना गया है। थोड़ा भी धन लेने वाला कन्या का पिता-पुत्री बेचने का अपराधी होता है। अत: नाममात्र का भी धन कन्या का पिता न ले। कन्या पक्ष से वस्त्र, आभूषण, गाणी आदि लेने वाले व्यक्ति पापी होते हैं और अधमगति को प्राप्त करते हैं।[112] ऐसे ही विचार लगभग सभी धर्मशास्त्रकारों के हैं।

इस तरह से यह स्पष्ट हो जाता है कि स्मृतिकारों द्वारा प्रतिपादित विवाह सम्बन्धी विधि-विधानों के साथ सम्पन्न विवाह एक तरफ धार्मिक कर्मकाण्डों की सम्पन्नता के साथ व्यक्ति के संस्कार में समाहित होकर एक अटूट सम्बन्ध का स्वरूप ग्रहण कर लेते थे तथा दूसरी तरफ विधि-व्यवस्था का अंग बनकर पत्नी तथा पति को तमाम सारे विधिक अधिकार प्रदान करते थे। इन दोनों ही स्थितियों में स्त्री पत्नी तथा अन्य रूपों में अपनी स्थिति को अपेक्षाकृत मजबूत बनाने में सक्षम हो जाती थी। जो स्मृति कालीन विवाह-विधि में नारी की सशक्त विधिक स्थिति को प्रमाणित करता है।

सन्दर्भ :

1. *मनु०*, 3.10(*विष्णु०*, 24.14
2. *याज्ञ०*, 1.53
3. *वशिष्ठ०*, 8.1-2
4. *आश्व०*, 1. 5. 2
5. *आप०*, 3.20
6. *वृ० परा०*, 6.17-21
7. *वृ० परा०*, 6.26-27
8. *मनु०*, 3.5
9. वही, 3.12, 3.43, 3.14-15
10. *वही*, 3.63
11. *याज्ञ०*, 1.56
12. *मनु०*, 3.6-7
13. *वही*, 3.8-9
14. *वही*, 9.88-90
15. *बौधा०*, 4.1.13
16. *गौतम०*, 18.8-9
17. *परा०*, 7.6-9
18. *गौतम०*, 4.4
19. *मनु०*, 3.39-43
20. *मनु०*,3.27; *ब्रह्मोक्तयाज्ञ०*,8.170;*शंख०*,44.4; *बौधा०*,1.11.2; *ना० मनु०*,12.40;गौतम०,4.3; *याज्ञ०*,1.58
21. *याज्ञ०*, 1.58, तज्ज: पुनात्युभयत: पुरुषानेक विंषतिम्।।
22. *याज्ञ०*, 1.59; *शंख०*, 4.4, यज्ञस्य ऋत्विजे दैव:।।

    ना० मनु०, 12.41, अन्तर्वेद्यां तु दैव: स्यदृत्विजे कर्म कुर्वते।।

    मनु० 3.28; *ब्रह्मोक्त याज्ञ०* 8.171; *वशिष्ठ०* 1.31
23. *बौधा०*, 1.11.5, दक्षिणासुनीयमानास्वन्तर्वेद्यशत्विजे स दैव:।।
24. *याज्ञ०*, 1.59, चतुर्दष: प्रथमज:।
25. *मनु०*, 3.29; *गौतम०*, 4.3
26. *मनु०*, 3.38
27. *मनु०*, 3.30; *गौतम०*, 4.3; *ना० मनु०*, 12.40
28. *याज्ञ०*, 1.60; *शंख०*, 4.5; *ब्रह्मोक्त याज्ञ०*, 8.173
29. *मनु०*, 3.38; *याज्ञ०*, 1.60
30. *मनु०*, 3.31; *याज्ञ०*, 1.61; *ब्रह्मोक्त याज्ञ०*, 8.177
31. *गौतम०*, 4.3; *शंख०*, 4.5; *ना० मनु०*, 12.42
32. *मनु०*, 3.41
33. *मनु०*, 3.32; *याज्ञ०* 1.61; *गौतम०* 4.3; *शंख०* 4.5; *ना० मनु०*, 12.42; *ब्रह्मोक्त याज्ञ०* 8.175
34. *मनु०*, 3.41
35. *वही*, 3.33
36. ना० मनु०, 21.44
37. मनु०, 3.41
38. वही, 3.34
39. *याज्ञ०* 1.61; *शंख०* 4.6, *गौतम०* 4.3; *ना० मनु०* 12.43-44
40. *मनु०* 3.41

41. *वही,* 9.69,71; 5.152
42. *नारद०,* 12.2
43. *याज्ञ०,* 1.65
44. इन्स्टी०, भाग-2, पृ० 72
45. महाभारत अनु०, 44.35
46. देखें, *डॉ० अच्छेलाल यादव*, प्राचीन हिन्दू विधि, पृ० 38-41
47. *पी० वी० काणे,* धर्मशास्त्र का इतिहास, भाग-1 पृ० 303-306
48. *याज्ञ०* 1.63
49. *ना० मनु०* 12.20-21
50. *व्यास०,* 2-9
51. *ना० मनु०,* 12.31-33
52. *वही,* 12.33-34
53. *मनु०,* 8.204-205
54. *वही,* 8.224-225, 9.72-73
55. *याज्ञ०,* 1.66
56. कोलब्रुक्स डाइजेस्ट, बु० 4, पृ० 57, 61, 63, 72
57. *मनु०*, 3.55
58. *वही*, 9.46
59. *याज्ञ०*, 3.15; *मिताक्षरा*, 1.2.8-10
60. *याज्ञ०* 1.2-4
61. दायभाग, 3.2.31-32
62. देखें, *डॉ० अच्छेलाल यादव*, प्राचीन हिन्दू विधि, पृ० 49
63. दायभाग, 2.2.3; 4.1.25
64. *मिताक्षरा*,1.11.2; व्यवहारमयूख, 4.4.41
65. *मनु०,* 9.108; 11.9.10; दायभाग, 9.28; व्यवहार मयूख, 5.4.30; मिता०, 10.12.30
66. देखें, कुमार नेत्तप नैकर बनाम बेंकटेश्वर पेत्तिया, 5, मद्रास 405
67. कोलब्रुक्स डाइजेस्ट, बुक 5, पृ० 89; देखें, *डॉ० अच्छेलाल यादव,* प्राचीन हिन्दू विधि, पृ० 48
68. आई० एल० आर० 2, इला० 315; देखें, डॉ० अच्छेलाल यादव, *प्राचीन हिन्दू विधि,* पृ० 48
69. आई० एल० आर० 31, कलकत्ता, 476
70. *मनु०*, 9.101
71. *वही*, 9.84, 8.36
72. *याज्ञ०*, 1.77; आशुद्धेः संप्रतीक्ष्यो हि, महापातक दषितः।। *व्यास०* 2.48
73. *पराशर०,* 4.16
74. *व्यास०,* 2.47, सदवश्त्ताचारणीं पत्नीं त्यक्त्वा पति धर्मतः।।
75. *विश्वरूप*, *याज्ञ०*, 3.253-254
76. *नारद०,* 12.17.101; कोलब्रुक्स डाइजेस्ट, बुक 4, पृ० 151-153
77. *मिताक्षरा*, *याज्ञ०*, 1.77
78. *मनु०,* 10.89, 92, 101, 105, 106
79. उम्मेद कीका बनाम नगीनदास नरोत्तम दास, 7, बम्बई, ओ० सी० जे० 122
80. *मनु०,* 9.80-82; देखें, *डॉ० अच्छेलाल यादव*, प्राचीन हिन्दू विधि, पृ० 58
81. कोलब्रुक्स डाइजेस्ट, बुक 4, पृ० 151-152
82. *नारद०,* 12.97-100
83. *मनु०*,3.5एवं 11 पर कुल्लूकभट की टीका; देखें, *डॉ० अच्छेलाल यादव*, प्राचीन हिन्दू विधि पृ० 58
84. *ना० मनु०,* 12.45-47
85. *वही,* 12.48-52
86. *याज्ञ०,* 1.67, अक्षता याक्षता चैव पुनर्भूः सस्कृताः पुनः।
स्वैरिणी या पतिं हित्वा, सवर्ण कामतःश्रयेत्।।
87. *काश्यप०*, 6-7
88. *बौधा०*, 2.2.31, क्लीवं त्यक्त्वा पतिं वा याऽन्यं पतिं विन्देतस्यां पुनर्भ्वां यो जतः स पौनर्भवः।।
89. *वशिष्ठ०,* 17.64-65; *बौधा०* 4.1.65
90. *वशिष्ठ०,* 17.19-21
91. *ना० मनु०*, 12.24
92. *वही*, 12.100-101
93. *शातातप०*, 44-45
94. *मनु०,* 5.162
95. *वही,* 9.47, सकृत्यप्रदीयते कन्या
96. *वही,* 9.65
97. *वही,* 8.226
98. *गौतम०,* 18.4-14
99. *मनु०,* 9.57-58
100. *मनु०,* 9.59-61
101. *बौ० ध० सू०,* 2.2.68-70
102. *याज्ञ०*, 1.68-69
103. *नारद स्त्री पुंस*, 8.-83
104. *ना० मनु०,* 12.81,84
105. *वही,* 12.58
106. *वशिष्ठ०,* 17.50-51
107. *याज्ञ०,* 1.69
108. *आप० ध० सू०,* 2.10.27.5-7
109. *बौ० ध० सू०,* 2.2.38
110. *मनु०,* 9.64-68
111. *वही,* 9.120, 121, 145
112. *वही,* 3.51-54

❖❖❖

हिन्दी और भारतीय भाषाओं का विकास

डॉ० उपेन्द्र प्रसाद

सितम्बर के महीने में कुछ ऐसी विशेषता है कि वह सरकारी कार्यालयों एवं सार्वजनिक प्रतिष्ठानों में ताजगी पैदा कर देता है। चारो ओर फैला उत्सवी माहौल, उल्लास, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रश्न मंच, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं निबंध लेखन आदि की तैयारी के कारण हवा में रंग सा बिखेर देता है। हिन्दी दिवस 14 सितम्बर को तो मनाया जाता है, सारा पखवाड़ा ही समारोहों से भर जाता है। राजभाषा की महिमा में गोष्ठियां व परिसंवाद होते हैं। हिन्दी की उपयोगिता और महत्ता की चर्चा और प्रशंसा की धूम सी मच जाती है।

पर सच तो यह है कि आज भी वह वर्ग जिसका सांस्कृतिक वर्चस्व है उसके अंग्रेजी प्रेम के कारण नई-नई आशंकाएं और दुर्भावनाएं पनप रही हैं और इसको अंग्रेजी पत्र-पत्रिकाओं का एक वर्ग लगातार हवा देता है। हिन्दी के अतिरिक्त दूसरी भारतीय भाषाएं भी इस मानसिकता की शिकार हो रही हैं। समूचे सार्वजनिक जीवन में अंग्रेजी लेखक एवं पत्रकार फतवा देते रहते हैं कि देश की सभी भाषाएं पिछड़ी हुई हैं, उनका शब्द भण्डार अपर्याप्त है, आज की जरूरतों के संदर्भ में उनका साहित्य भी अविकसित है।

इस तरह का दुष्प्रचार वर्षो से होता आ रहा है। और आश्चर्य तो यह है कि यही अंग्रेजी पत्र किसी एक भाषा को बजारू, अपरिपक्क या पिछड़ी कह कर या किसी एक क्षेत्रीय भाषा के साहित्य को सिर-आंखों पर चढ़ाकर भारतीय भाषाओं में भी चेष्टा की जाती हैं। इस तरह की टिप्पणियों से अहिन्दी भाषी क्षेत्रों में हिन्दी विरोध की भावना फैलाने की चेष्टा की जाती हैं। देश की एकता के लिए खतरे से लेकर, विज्ञान के क्षेत्र ही नहीं, सुशिक्षित हिन्दी भाषी भी अंग्रेजी की जय जयकार करने को तत्पर रहते हैं। ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता यू. आर. अनन्तमूर्ति ने कुछ दिनों पहले कहा था कि भाषा की दरिद्रता की बात हमने अपनी सुविधा के लिए निकाली हैं। मैं मानता हूं कि कोई भी भाषा के प्रयोग से कोई संबंध नहीं होता है? यदि नौकरियों या पदोन्नति के सारे मार्ग या सार्वजनिक जीवन में ऊंचा उठने के लिए हिन्दी या भारतीय भाषाओं की जरूरत नहीं है तो वे कैसे विकसित होंगी?

हिन्दी के प्रति आज जिस प्रकार के दुराग्रह फैले हैं उसका बहुधा सही अनुमान लगाना महानगरों में कार्यरत लोगों को नहीं है पर दूरदराज के गांवों और कस्बों में लोगों की दिनचर्या में यही तीव्रता से महसूस किया जा सकता है। उन विकसित देशों में जहां अंग्रेजी के अलावा दूसरी भाषाएं बोली जाती हैं वहां कोई भी दवा या उपचार की वस्तु का बिकना अवैध है जहां क्षेत्रीय या स्थानीय भाषा भी प्रयुक्त न हो। इसी तरह आधुनिक जीवन की बहुतेरी सुविधाओं का एक सामान्य उपभोक्ता उपयोग आश्वस्त होकर नहीं कर सकता हैं। क्योंकि पैक की हुई चीजों पर लेबल या उसमें प्रयोग विधि के निर्देश अंग्रेजी में होते हैं। बचत के सामान्यार्थक माध्यम चाहे वे म्युचुअल फंड या निवेश अथवा बीमा की कंपनियां हों। उनका साहित्य अधिकतर अंग्रेजी में होता है। हमारी विधि -व्यवस्था भी ऐसी है कि किसी शिकायत या स्थिति से सारक्षण के लिए उसे वही कानून जानना है जो सब अंग्रेजी में छपते हैं। गांव-गांव में टीवी होने के बाद भी कार्यक्रमों के शीर्षक ज्यादातर अंग्रेजी में ही होते हैं। वे कार्यक्रम हिन्दी में ही क्यों न हों।

आज जापान, ताईवान, चीन, दक्षिणी कोरिया, थाईलैण्ड इन सभी ने अपनी भाषा से ही आर्थिक प्रगति की। यूरोपीय महाद्वीप के सबसे बड़े राज्य अंग्रेजी का प्रयोग नहीं करते थे। हमारे शहरों का तो यह हाल है कि आपको जापानी, फ्रैंच और जर्मन सीखने के केन्द्र तो मिल जाएंगे पर भारतीय भाषाओं के अध्ययन की सुविधा कहीं उपलब्ध नहीं होगी। यह केवल भारतीय भाषाओं की खासकर देवनागरी लिपि की विशिष्टता है कि वह जैसी लिखी जाती है वैसा ही उसका उच्चारण होता है। एक ओर जापानी, चीनी और कोरियाई भाषा चित्रात्मक होने पर भी वहां के वासी असुविधाओं के बावजूद उनसे प्यार करते हैं। पर हमारी भाषाओं के वैज्ञानिक विकास के बावजूद भी अंग्रेजी की अपेक्षा उन्हें हेय दृष्टि से देखा जाता है। जो अपनी चीजों पर गर्व नहीं कर सकते वे इस नई शताब्दी में सिर ऊंचा उठाकर चलने का दावा नहीं कर सकते।

व्याख्याता, बी०बी०एन० कॉलेज, औसानी, बगहा, पश्चिम चंपारण

संपन्न लोगों के घरों से और उनकी बातचीत के आधार के रूप में हिन्दी और अन्य भाषाएं धीरे-धीरे निर्वासित हो रही हैं। अंग्रेजी का प्रयोग चाहे वह खिचड़ी के रूप में हो, समाज में धनी लोगों के वर्ग या स्तर से जुड़ चुका है और परोक्ष रूप से यह स्थिति हिन्दी की प्रगति के मार्ग में रोड़ा बन रही हैं। ऐसा लगता है कि जब-जब औपचारिक अवसर आते हैं सबको खुश रखने के लिए सरकारी कार्यालयों में प्रतीकात्मक रूप से हिन्दी को अपनाने का दिखावा किया जाता है। सार्वजनिक समारोहों में राष्ट्रभाषा की अस्मिता, अपनी विशिष्ट पहचान या इसे एकता की जड़ कहना एक बात है इसके प्रति ममत्व दिखाना दूसरी बात है।

धीरे-धीरे पिछले कई वर्षों में हिन्दी की दशकों से प्रकाशित होती हुई प्रतिष्ठित पत्रिकाएं बंद हो गई। एक समय लगभग 40-50 वर्ष पहले हिन्दी में अनुवादों के प्रकाशन का प्रचलन इतना था और शरत चंद्र के उपन्यासों को इतना पढ़ा जाता था कि बहुत से पाठक उन्हें हिन्दी का लेखक मानते थे। आज क्षेत्रीय भाषाओं के अंग्रेजी अनुवादों की दुर्गति तो इतनी है कि वासुदेव नायर जिनको ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था उसकी भी एक वर्ष में कुल मिलाकर 69 प्रतियां ही बिकी। इसी तरह हिन्दी के जो भी चर्चित उपन्यास अंग्रेजी में अनुवादित हुए उनको भी अंग्रेजी पत्र-पत्रिकाओं द्वारा अनदेखा करने के कारण कोई महत्व न मिला। सरलता और व्यापकता के बावजूद भी अगले दशक में हिन्दी की क्या स्थिति होगी यह वर्तमान मानसिकता द्वारा ही निश्चित होगी।

इस बात की ओर श्री अनन्तमूर्ति ने कुछ दिनों पहले मुम्बई की एशियाटिक सोसाइटी के हाल में आयोजित साहित्य गोष्ठी में कड़े शब्दों में ध्यान दिलाया था। उन्होंने कहा था कि वर्तमान स्थिति अनुकूल न होने के बावजूद उन्हें विश्वास है कि हिन्दी और भारतीय भाषाएं वैश्वीकरण और अंग्रेजी की चुनौती स्वीकार कर सकती हैं। वे महसूस करते हैं कि भारत में अंग्रेजी लेखन को आवश्यकता से अधिक महत्व इसलिए दिया गया क्योंकि हमारे देश में अंग्रेजी ग्रंथों का एक बहुत बड़ा बाजार कायम हो गया है। क्षेत्रीय भाषाओं की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा उन्होंने यह भी उदाहरण दिया कि ग्रांटा और न्यूयार्कर के कुछ अंकों में जो भारत की स्वतंत्रता के पच्चासवें वर्ष के उपलक्ष्य में और बाद में वर्षों तक निकाले गए थे उनमें भारतीय साहित्य की समीक्षा के नाम पर अंग्रेजी में लिखने वालों को ही महत्व दिया गया था। भारत में विदेशों से आयतित अंग्रेजी पुस्तकों का विपणन रू. 2000 करोड़ का पहुंच गया है। इसलिए भी इंग्लैण्ड और अमेरिका का आर्थिक स्वार्थ भारत में अंग्रेजी के फलने-फूलने से जुड़ा है। यह तथ्य नकारा नहीं जा सकता है।

बड़े-बड़े लक्ष्यों की बातें आज उतनी सार्थक नहीं है जितनी मानसिकता का प्रश्न। जब संविधान सभा ने 14 सितम्बर सन् 1949 में हिन्दी को राजभाषा बनाने का प्रस्ताव बहुत लंबी चर्चा के बाद स्वीकार किया था तब देश की 32 करोड़ जनसंख्या में 14 करोड़ हिन्दी भाषी थे और देवनागरी लिपि को अपनी भाषा में प्रयोग करने वाले तीन करोड़ से अधिक व्यक्ति थे। पर उसका समर्थन लगभग सभी अहिन्दी भाषी नेताओं ने एक स्वर में किया था जैसे एन. गोपाल स्वामी आयंगर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और कन्हैयालाल माणिक लाल मुंशी। प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को कोसने से नहीं चूकते जिन्होंने उनके अनुसार अपने निर्णायात्मक मत से हिन्दी को राजभाषा बनाया था। यह लांछन सत्य से दूर है और संविधान सभा के दस्तावेजों पर आधारित नहीं है।

शुरू-शुरू में हिन्दी दिवस मनाने की परिकल्पना यह थी कि जिस दिन हिन्दी को केन्द्र सरकार की राजभाषा बनाने का प्रस्ताव स्वीकार किया गया उस दिन की याद को एक अधूरे काम को पूरा करने के संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाए। हिन्दी की उत्तरोत्तर प्रगति का ब्योरा लिया जाए और रास्ते में आने वाली बाधाओं से कैसे निपटा जाए। उस समय यह काम स्वयंसेवी संस्थाओं और अहिन्दी भाषी हिन्दी प्रेमियों के माध्यम से मूल रूप से सरकार के भरोसे छोड़ दिए गए हैं। स्वतंत्रता की आधी सदी के बाद भी देश की मुख्य भाषायी भूमिका इन्हीं सब कारणों से अंग्रेजी ने अपने हाथ में ली हुई है। हिन्दी को जो स्थान मिलना चाहिए जिसकी वह अधिकारिणी है तभी संभव है जब यह विषय, राजनैतिक स्वार्थों एवं दबावों से दूर, निष्पक्ष होकर हम सब सोच सकें।

संदर्भ सूची

- दैनिक ट्रिब्यून
- जनसत्ता
- नवभारत टाइम्स जनसत्ता
- इंडिया टुडे
- अच्छी हिन्दी: संभाषण एवं लेखन-तेजपाल चौधरी
- भारत सरकार की राजभाषा नीति-अरविन्द कुलश्रेष्ठ
- आधुनिक संदर्भों के परिपेक्ष्य में हिन्दी भाषा और साहित्य-आनंद मोदक

❖❖❖

धर्मनिरपेक्षतावाद: भारत के संदर्भ में

डॉ० वीरेन्द्र कुमार सिंह

धर्म निरपेक्षतावाद के संस्थापक चार्ल्स साउथवेल, थॉमस कूपर थॉमस पीटरसन और विलियम विल्टन आदि है। जहाँ तक धर्मनिरपेक्षतावाद के नामकरण का सवाल है, यह जी. टी. होलियोक द्वारा किया गया है। जेम्स हेस्टिंग्ज के अनुसार धर्मनिरपेक्षतावाद एक आन्दोलन है जिसका लक्ष्य नैतिक है, निषेधात्मक रूप में जो धार्मिक है और जो राजनीतिक और दार्शनिक विचारधाराओं को हेतु के रूप में स्वीकार करता है। इसकी उत्पति का प्रमुख कारण राजनीतिक और दार्शनिक परिस्थितियाँ थी। धर्मनिरपेक्षता का अर्थ है– गैर आध्यात्मिक या धर्म से स्वतंत्र या लौकिकता या सांसारिकता सम्बन्धी। धर्म से स्वतंत्र चिन्तन का अर्थ न तो धर्म का खण्डन है और न ही धर्म का विरोध या धर्म की उपेक्षा है। धर्मनिरपेक्षतावाद, पारलौकिकतावाद, अतीन्द्रियवाद, आध्यात्मवाद और ईश्वरवाद से स्वतंत्र विचारधारा है तथा जगत और जीवन सम्बन्धी समस्याओं के समाधान के लिए धर्म धर्मशास्त्र या ईश्वर की अपेक्षा नहीं करता है। धर्मनिरपेक्षतावाद का स्रोत सर्वप्रथम राबर्ट ओवेन के सामाजवाद में देखने को मिलता है। यदि धर्मनिरपेक्षतावाद को पारलौकिक सत्ता से निरपेक्ष ज्ञान की स्वायत्तता के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया गया है तथा साथ ही साथ परिभाषित किया जाता है तो इसकी उत्पत्ति पश्चिमी यूरोप में मध्यकाल में हुई होगी। साथ ही मर्टिन लूथर किंग द्वारा चलाया जाने वाला धर्मसुधार आन्दोलन भी धर्मनिरपेक्षता की स्थापना को प्रेरित करने का एक प्रेरक कारक माना जा सकता है। विज्ञान के उत्कर्ष ने भी ध र्मनिरपेक्षतावाद की स्थापना को गति प्रदान किया है। सत्रहवीं शताब्दी में धर्मतन्त्र के पतन के साथ ही धर्मनिरपेक्षतावाद को एक निश्चित और सुदृढ़ आकार प्राप्त हो गया। कालान्तर में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का समर्थन करके बेकन हॉब्स, लॉक, रूसो, डेकार्ट स्पिनोजा, लायबनीज, हयूम, काण्ड, मॉन्टेस्क्यू, मिल, बेंथम, थामस पाइन, एवं रिचर्ड कार्लायल ने ध र्मनिरपेक्षतावाद का जिस समय विकास हो रहा था उस समय धर्म और विज्ञान प्राय: एक-दूसरे का विरोधी माना जाता था। कालान्तर में यह विचारधारा विकसित हुई कि जिस प्रकार गणित, भौतिक शास्त्र और रसायनशास्त्र के सिद्धांत धर्मनिरपेक्ष हो सकते हैं उसी प्रकार आचरण और जीवन-हित सम्बन्धी सिद्धांत का सम्बन्ध न तो ईश्वर वाद से है और न ही अनीश्वरवाद से, क्योंकि ये दोनों सिद्धांत अनुभव के द्वारा सत्यापनीय या मिथ्यापनीय नहीं है। ईसाई मत से अलग हटकर धर्मनिरपेक्षतावाद यह प्रतिपादित करता है कि धर्म निरक्षेप विचार द्वारा नैतिकता की पूर्ण स्थापना की जा सकती है। धर्मनिरपेक्षतावाद, रूढ़िवाद, अन्धविश्वास, धार्मिक कट्टरता, सम्प्रदायवाद और संकीर्णतावाद आदि का परित्याग कर देती है।

भारत को सेक्यूलर गणतंत्र राज्य कहा गया है लेकिन क्या भारत को वास्तविक अर्थ में 'धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र' कहा जा सकता है? यह सत्य है कि भारत का कोई राजकीय धर्म नहीं है तथा यहाँ के संविधान में फिर भी विशेष धर्म को प्रश्रय देने तथा धर्म के आधार पर नागरिकों में भेदभाव करने का पूर्णत: निषेध किया गया है। इस स्थान पर भारत, नेपाल, पाकिस्तान आदि उन राष्ट्रों से निश्चय ही भिन्न है जो किसी विशेष धर्म को राजकीय धर्म के रूप में स्वीकार करते हैं। परन्तु केवल इन्हीं तथ्यों के आधार पर भारत को 'धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र' कहना उचित व युक्तिसंगत प्रतीत नहीं होता है। इसका मुख्य कारण यह है कि राष्ट्र को धर्मनिरपेक्ष बनाने वाली विशेषताओं का भारत में अभाव है। क्योंकि वास्तविक अर्थ में धर्मनिरपेक्षता, कानून, राजनीति, आर्थिक व्यवस्था और सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन धर्म से पूर्णत: स्वतंत्र हैं– अर्थात् ये सब धार्मिक विश्वासों तथा सिद्धांतों द्वारा शासित नहीं की जा सकती है। अत: इस आधार पर भारत को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र की संज्ञा नहीं दी जा सकती है क्योंकि भारत में आज भी शिक्षा, कानून, राजनीति तथा सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन पर धर्म का पर्याप्त प्रभाव देखने को मिलता है।

भारत के अगर राजनीतिक जीवन पर गौर किया जाए तो यह भी मुख्यत: धर्म द्वारा ही शासित नजर आती है। लगभग सभी राजनीतिक दल चुनाव में मत प्राप्त करने के लिए किसी

M.A., Ist Class Ist, Ph.D, NET (U.G.C.), Deoghar

न किसी रूप में धर्म का सहारा लेते है। चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशियों का निर्णय भी धर्म के आधार पर ही किया जाता है और फिर ये प्रत्याशी मतदाताओं को धर्म के नाम पर मत देने का अनुरोध करते हैं। बहुत से मतदाता भी मत देते समय प्रत्याशियों के धर्म पर ध्यान अवश्य रखते हैं। इस प्रकार संसदीय और विधानसभा चुनाव में धर्म की भूमिका महत्वपूर्ण और निर्णायक होती है। फिर सत्ता प्राप्त करने के पश्चात् अधिकतर मंत्री प्रशासक तथा राजनीतिक, धार्मिक समाराहों में अवश्य भाग लेते हैं। विरोध ी दलों के राजनीतिज्ञों के साथ भी यही बातें लागू होती हैं। हिन्दुस्तान में अनेक ऐसे राजनीतिक दल हैं जिसका निर्माण ही धर्म के आधार पर हुआ है जो धर्म के बिना राजनीति की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। ऐसे दलों के लिए धर्म तथा राजनीति के बीच परस्पर अनिवार्यत: संबध हैं। वे अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए उपासना स्थलों का खुलकर प्रयोग करते हैं तथा धर्मस्थल इनका अनविार्य साधन बन जाता है। इन तथ्यों के आधार पर यह साबित होता है कि भारतीय राजनीति पर धर्म का व्यापक वर्चस्व है। ऐसी स्थिति में भारत को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र कहना आत्मप्रवंचना है।

पुन: भारत के संपूर्ण सामाजिक तथा सांस्कृतिक जीवन पर भी धर्म का व्यापक एवं गहरा प्रभाव है। यहाँ जन्म से लेकर मृत्यु तक प्रत्येक व्यक्ति का जीवन मुख्यत: धार्मिक संस्कारों, कर्मकाडों तथा विश्वासों द्वारा ही शासित होता है।

भारत में बहुत सी धार्मिक संस्थाएँ हैं जो 'नैतिक शिक्षा' के नाम पर किसी विशेष धर्म के सिद्धांत विश्वासों तथा कर्मकांड की शिक्षा देती है। इतना ही नहीं, भारत सरकार संविधान के अनुसार धार्मिक दृष्टि से अल्पसंख्यक वर्गों द्वारा स्थापित धार्मिक शिक्षा-संस्थाओं को आर्थिक सहायता भी प्रदान करती है। इस सहायता के समर्थन में प्राय: यह तर्क दिया जाता है कि इसके बिना ये धार्मिक शिक्षा-संस्थाएँ अपना कार्य नहीं कर सकती है। समर्थन में दिया गया तर्क उचित हो या अनुचित, लेकिन इतना अवश्य स्पष्ट है कि सरकारी आर्थिक सहायता निश्चय ही धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र की अवधारणा के विरूद्ध है क्योंकि इसका अर्थ यही है कि स्वयं सरकार किसी विशेष धर्मों के अनुयायियों पर उनके परंपरागत धार्मिक कानूनों का भी बहुत गहरा तथा व्यापक प्रभाव है। धार्मिक दृष्टि से अल्पसंख्यक वर्गों के नागरिकों पर विवाह, उत्तराधिकार आदि से संबंधित उनके प्राचीन परंपरागत धार्मिक कानून लागू होते हैं। जीवन के इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों को भारत के सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून-संहिता का निर्माण नहीं हो सका है। इसका मूल कारण है विशेष धर्मों के अनुयायी द्वारा इसका तीव्र विरोध। परिणामस्वरूप इन क्षेत्रों में विभिन्न नागरिकों के लिए अलग-अलग धार्मिक कानूनों को स्वीकार किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में भारत को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र कहना उचित नहीं है। इसके अतिरिक्त भारत में अनुसूचित जातियों के लिए संविधान द्वारा विशेष आरक्षण की व्यवस्था की गई है जो मूलत: धर्म पर आधारित है। कुछ विशेष धर्म के अनुयायियों को अनुसूचित जातियों के अन्तर्गत मानकर उन्हें आरक्षण दिया जाता है। इतना ही नहीं अल्पसंख्यक द्वारा धार्मिक आधार पर अपने लिए विशेष आरक्षण की मांग की जाने लगी है। ये सभी तथ्य इस बात को स्पष्ट रूप से साबित करते हैं कि वास्तव में भारत धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र नहीं है। मनुष्य जन्म नामकरण शिक्षारंभ, विवाह, मृत्यु आदि जीवन के सभी महत्वपूर्ण अवसरों पर धर्म के प्रभुत्व को स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। शैशव-काल से ही प्रत्येक व्यक्ति को अपने धर्म के सभी सिद्धांतों तथा विश्वासों में अटूट निष्ठा रखने और उन्हीं के अनुसार आचरण करने की बार-बार निरंतर शिक्षा दी जाती है। यही कारण है कि वयस्क होने पर धर्म उसके जीवन का अभिन्न अंग बन जाता है और वह उसके प्रभाव से मुक्त होने की कभी कल्पना भी नहीं कर सकता है। वह अपने धर्म के समस्त विश्वासों और सिद्धांतों को बिना किसी प्रमाण के अनायास ही सहर्ष स्वीकार कर लेता है। उसके जीवन में धर्म का ठीक वही स्थान बन जाता है जो किसी भी प्राणी के जीवन में ऑक्सीजन या प्राणवायु का होता है। जितने अधिक उपासना स्थल भारत में हैं उतने शायद ही संसार के किसी अन्य देश में होंगे। भारत में शिक्षा संस्थाओं की अपेक्षा उपासना स्थलों की संख्या अधिक हैं जिससे भारत को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र कहना उचित प्रतीत नहीं होता है।

इसके अतिरिक्त भारतीय संस्कृति और कला पर भी धर्म का पूर्ण प्रभुत्व है। यहाँ की समस्त ललित कलाओं पर धर्म का व्यापक प्रभाव स्पष्ट नजर आता है। भारत के सभी सांस्कृतिक तथा सामाजिक उत्सव मूलत: धार्मिक उत्सव हैं जिनमें भाग लेना मनुष्य का अनिवार्य कर्त्तव्य समझा जाता है। इन तथ्यों से यह स्पष्ट होता है कि यहाँ का संपूर्ण सामाजिक तथा सांस्कृतिक जीवन धर्म के नियंत्रण में है जिसके अभाव में वे अपने इस जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। यही कारण है कि भारत

की शिक्षा, राजनीति और उनके कानूनों पर धर्म का अधिक प्रभाव दिखाई देता है। राष्ट्र समाज का अभिन्न अंग होता है। अत: किसी भी राष्ट्र का स्वरूप अनिवार्यत: उसके समाज के अनुरूप ही होता है। ऐसी स्थिति में जब भारत का संपूर्ण समाज अत्यन्त धर्मपरायण है तो भारत धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र नहीं हो सकता है, ऐसा कहना उसके संपूर्ण धर्मनिष्ठ जन-जीवन की पूर्णत: उपेक्षा करना है।

अंत में कहा जा सकता है कि धर्मनिरपेक्षतावाद एक विशेष प्रकार का मानवतावादी जीवन दर्शन है जो धर्म तथा आध्यात्मक का निषेध करते हुए नैतिकता, शिक्षा, राजनीति, प्रशासन, कानून आदि को इन दोनों से पूर्णत: आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देकर उसके वैयक्तिक एवं सामाजिक कल्याण के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। भारतीय चिन्तनपद्धति में धर्मनिरपेक्षतावाद को धर्म तथा अध्यात्मवाद के विरूद्ध या इनके प्रति उदासीन न मानकर इन दोनों के अनुरूप माना जाता है। धर्मनिरपेक्षावाद की जो परिभाषा दी गई है वह भारत की प्राचीन धार्मिक परम्परा के अनुरूप ही है। यह वैयक्तिक गुणों को समुदाय के सदस्यों के अधीन मानने के स्थान पर उनमें परस्पर सामंजस्य स्थापित करके धर्मपरायण व्यक्तियों में एकता अथवा सौहार्द्र उन्पन्न करने का प्रयास करता है। धर्मनिरपेक्षवाद का अर्थ आध्यात्मिक मूल्यों की सार्वभौमिकता पर बल देता है जिन्हें विभिन्न उपायों द्वारा प्राप्त किया जा सकता है।

इस प्रकार उपर्युक्त सभी तथ्यों के आधार पर तर्कसंगत रूप से यही निष्कर्ष निकलता है कि वास्तव में भारत न तो धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है और न ही भविष्य में वास्तविक रूप से इसके धर्मनिरपेक्ष होने की संभावना प्रतीत होती है।

❖❖❖

पर्यावरण और प्रदूषण

संतोष राम

भारत में पर्यावरण के रख रखाव की एक लम्बी सामाजिक परंपरा है जिसका प्रमाण असंख्य पक्षियों और बन्दरों के बिना भय के इधर-उधर घूमने तथा पूरे देश में पीपल और वरगद जैसे वृक्षों की मौजूदगी से मिलता है। परम्परागत रूप से प्रशासनिक प्रणाली में पर्यावरण के रख रखाव की जिम्मेदारी नागरिक सुविधाओं हेतु उत्तरदायी अभिकरणों पर थी। पर्यावरणीय प्रभाव के नागरिक निकायों की सीमा से बाहर निकलने तथा प्रदूषण, प्राकृतिक संसाधनों का अति प्रयोग एवं भौतिक व जैविक पर्यावरण के संरक्षण जैसे मुद्दों को संज्ञान में रखते हुए 1972 में केन्द्रीय सरकार ने पर्यावरण नियोजन और समन्वय पर एक राष्ट्रीय समिति (छब्म्च्ब्) का गठन किया। योजना आयोग की एक उच्च शान्ति प्राप्त समिति की सिफारिशों पर 1980 में केन्द्रीय स्तर पर पर्यावरण विभाग की स्थापना की गयी। इस विभाग का उत्तरदायी क्रांतिक परितंत्र प्रणातियों का संरक्षण एवं नियमन, प्रदूषण निगरानी एवं सामुद्रिक परितंत्रों का संरक्षण करना था। विभाग में पर्यावरण संरक्षण एवं पारिस्थितिकी विकास हेतु एक केन्द्रीय अभिकरण के रूप में कार्य किया तथा विकास परियोजनाओं का पर्यावरणीय मूल्यांकन किया। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केन्द्रीय गंगा प्राधिकरण स्थापित किया गया। 1985 में पर्यावरण एवं वन मंत्रालय अस्तित्व में आया। कालान्तर में छत्ब्ब् और छस्ब्ब् का गंगा कार्य योजना में विकास हुआ तथा देश में पर्यावरणीय विषयों से जुड़े कई पर्यावरण प्राधिकणों का निर्माण किया गया। एक व्यापक पर्यावरणीय समाशोधन अधिसूचना 1994 को 2006 में पुनर्समीक्षित किया गया।

प्रदूषण: पर्यावरणीय प्रदूषण का सम्बन्ध उन तरीकों से है जिसके द्वारा मानव गतिविधि प्राकृतिक पर्यावरण को हानि पहुँचाती है। प्रदूषण के कुछ प्रकार वास्तविक रूप से भूमि, वायु या जल को दूषित नहीं करते बल्कि वे मनुष्यों तथा अन्य जीवों के जीवन की गुणवता को घटाते हैं। पर्यावरण प्रदूषण सर्वाधिक गंभीर समस्याओं में से एक है जिसका सामना हमारे ग्रह के अन्य जीवों तथा मानव जाति द्वारा किया जा रहा है। अधिक प्रदूषित वायु फसलों को नुकसान पहुँचा सकती है तथा जीवन को खतरा बनाने वाली बीमारियों का कारण बन सकती है। CFC जैसे कुछ वायु प्रदूषण समताप मण्डल की क्षमता को घटाते हैं जिसके कारण सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी विकिरण सही ढंग से परिशोधित नहीं हो पाती। इन तथा अन्य वायु प्रदूषकों ने सम्पूर्ण विश्व की जलवायु को परिवर्तित करना आरम्भ कर दिया है। जल और मृदा प्रदूषण किसानों की अधिक खाद्यान्न उगाने की क्षमता को कम करते हैं जिसके कारण विश्व की जनसंख्या के पोषण की समस्या गंभीर हो गयी है। सामुद्रिक प्रदूषण भी कई समुद्री जीवों के लिए खतरा बन गया है।

जल प्रदूषण

जल प्रदूषण (पेयजल विशेषत:) उस समय होता है जब पेयजल या जल में बाहरी तत्व (Foreign Elements) जैसे- भौतिक, केमिकल या जैविक Properties (गुण/धर्म) जो किसी भी विसर्जन, जैसे-तरल, गैसयुक्त, ठोस तत्व जिसके कारण जल हानिकर जन स्वास्थ्य कल्याण या पशुओं या जलीय जीव के जीवन के लिये अनुपयोगी हो जाते है। जल में प्रदूषण जल के उद्गम स्थल से या बीच में (पाइपों में मलजल या नालियों के दूषित जल के रिसाव से) भी हो सकता है। कभी-कभी ऐसा भी पाया गया है कि Overhead tank के ढक्कन खुले रहने के कारण, कोई जीव-जन्तु की लाश सड़ी-गली अवस्था में पड़ने के कारण जल प्रदूषित हो सकते हैं। पर यह अन्य पलैटों के निवासियों को प्रभावित नहीं करता केवल उन्हीं पलैटों के निवासी इस प्रकार के प्रदूषण से प्रभावित होते है, जहाँ इस प्रकार की घटना का सूत्रपात हुआ हो।

जल प्रदूषण के स्त्रोत

इसके लिये एक समेकित ब्योरा नीचे की तालिका में दर्शायी गयी है।

शोध छात्र, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया

तालिका: 1

जल प्रदूषण के विभिन्न स्त्रोत मानवीय क्रिया-कलाप

	नदी से प्रदूषण		समुद्र से प्रदूषण	
(1)	कृषि कार्य	64:	(1) तेल टैन्कर	22:
(2)	खनन्	9 :	(2) नगरपालिका उत्सर्जन	22:
(3)	भू-निष्पादन	9:	(3) टैन्कर दुर्घटना	18:
(4)	वन	6:	(4) नदी बहाव	12:
(5)	अन्य	12:	(5) अन्य	31:

स्त्रोत: विभिन्न स्त्रोतों से संकलित।

उद्योग तथा कृषि क्रिया-कलापों से रसायनिक बहिस्राव (Effuentsssss) नदी तथा समुद्र के जल को समान रूप से प्रभावित करते रहते हैं। कभी-कभी नदियों को वहन क्षमता (Carrying Copacity) के बाहर इस प्रकार के बहिस्राव का नदियों तथा समुद्रों में निपटान किया जाता है। जिसके कारण न केवल मनुष्य मात्र को इसका दण्ड भुगतना पड़ता है, बल्कि जलीय जीव-जन्तुओं पर इसका कुप्रभाव पड़ता है। (चित्र-1) यमुना नदी इन कारणों से ब्मेचववस (मलकुंड) का एक अन्तहीन, न खत्म होने वाला वृतांत बन गई है। इस संदर्भ में राजीव गाँधी द्वारा नदी सफाई परियोजना महत्वपूर्ण एवं सामयिकी थी। अन्ततः इसका निःसारण तो समुद्र में ही होता है। इस कारण समुद्र भी इस कलुष से नहीं बच पाता है। सामुद्रिक जल प्रदूषण में मुख्य भूमिका टैंकर Operation तथा टैंकर दुर्घटनाओं की है, जिसके कारण पक्षियों समेत जलीय जीव प्रभावित होते हैं। मिनमाटा रूग्नता (Minamata Disease, Japan) अन्य देशों में भी। 1956 के दशक में फैली थी। कारण, इसका मूल स्त्रोत प्रदूषित मछलियों का निर्यात था। अनियंत्रित मल-जल तथा अन्य तरल उत्सर्जन जो घरेलू, औद्योगिक, कृषि कार्य, एनिमल हसबैन्ड्री (मुर्गी तथा शूअर पालन) स्त्रोतों से जल प्रदूषण सबसे अधिक रूप से प्रभावित होते हैं। अधिकता से इस्तेमाल किया हुआ उर्वरक, कीटनाशक, खर-पतवार नाशक, कीड़े-मकोड़े नाशक विभिन्न तरह से जल प्रदूषण को बढ़ाते हैं। इसके अतिरिक्त घरेलू मल-जल में अत्यधिक मात्रा में जैविक एवं अजैविक तत्व सम्मिलित होते हैं। औद्योगिक प्रदूषकों में कच्चे मालों के तत्व, माध्यमिक उत्पादन, फाइनल उत्पादन तथा सह-उत्पादन, उप-उत्पादन तथा विभिन्न प्रकार के रसायन, साइनाइड्स, चर्बी, भारी धातु, खनिज, जैविक अम्ल, नाट्रोजनयुक्त तत्व, रंग, फेनोलिक कम्पाउन्ड, चर्म शोध के अवशेष, गंधकीय तत्व तथा अमोनिया पाये जाते हैं। कृषि कार्यों से जो उत्सर्जन मिलते हैं वे भूस्खलन के पदार्थ, पौधे के पोषक तत्व, अजैविक नामक, खनिज, हर्बीसाइड्स तथा संक्रामक के अंश होते हैं।

सामूद्रिक प्रदूषण

सामूद्रिक प्रदूषण विभिन्न प्रकार के उत्सर्जन जिनके निपटान के हेतु समुद्र में प्रवाहित कर दिया जाता है, उनके कारण हुआ करता है। कभी-कभी इसका उद्गम जहाजों द्वारा तेल या तैलीय सम्मिश्रण को समुद्र में छोड़ने के वजह से होता है। इसमें तेलवाहक जहाजों (ज्दामते) की भूमिका अहम है। इस संबंध में थोड़ा संकेत दे देना प्रसंगानुकूल होगा कि The Merchant Shipping Act (XLIV, 1958) के तहत इस प्रकार के सामुद्रिक तैलीय प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिये कुछेक दूरगामी प्रावधानों की व्यवस्था है।

नगरीय कुविस्तार तथा सामुद्रिक प्रदूषण

कभी-कभी ऐसा भी देखा गया है कि कुछ महानगरों/नगरों का बसाव समुद्र के समीप रहने के कारण और Development Control, विकास नियंत्रण के प्रभावी तथा अर्थपूर्ण ढंग से क्रियान्वयन न होने या शिथिलता के कारण (Urban Sprawl समुद्र तट को छूआ करते हैं। और बहुधा High Flooding Zone से 300-500 मीटर से दूर के Standards का खुलेआम Violation कर, गैर कानूनी निर्माण कार्य शुरू कर दिये जाते हैं और जब यह क्रम एक बार शुरू हो जाता है तो Urban Sprawl के साथ-हीं-साथ महानगरों के अपशिष्टों, परित्यक्तों का निपटान सीधे समुद्र में कर दिया जाता है जिसके कारण सामुद्रिक प्रदूषण के आयामों में एक ओर नया आयाम अक्सर जुट जाया करता है। तो एक और टैंकरों, तेल वाहक जहाजें, मर्चेंट जहाजों का

समुद्र पर कहर तो दूसरी ओर मानवीय क्रिया-कलापों के विचारहीन तथा असंवेदनशील और असंयमित पर्यावरण के प्रति व्यवहार और इसका कुप्रभाव हम-आप, आम आदमियों पर पड़ता है।

जल प्रदूषण एवं स्वास्थ्य अहितता

जल प्रदूषण से विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य संबंधी जोखिम से मानव जीवन के मुठभेड़ों का सामना करना पड़ता है, जिसमें जैविक (Biological), रागनजक (Pathogenic), विषाणुक (Viral), परजीवी (Parasitic), कीटीय (Insecty) आदि सम्मिलित है, जिन्हें दी गई तालिका में दर्शाया गया है।

तालिका: 2--प्रदूषित जल से जुड़ी/सम्बद्ध कुछेक बीमारियाँ

नाम	जीवाणु	बीमारियों के प्रकार
1. जैविक (Biological)	रोगजनक जीवाणु (Pathogenic Bacteria)	हैजा, मियादी बुखार, अतिसार, आमतिसार रक्तातिसार, जठरांत्रशोभ (Gastroenteritis) शिशु दस्त, आदि
2. विषाणुक (Viral) (विशेषत: मल-जल के कारण)	विषाणु (Viruses)	यकृत रोग (Hepatitis) आदि
3. परजीवीय (Parasitic)	(i) परजीवीय (Parastic) (एक कोशिकीय जीव) (ii) कोटाधारित (Insects-based) (मच्छर, ब्लैक पलाई, जे जे पलाई (Black filess Tse- Tse filess)	अमीबीय अतिसार (Amoebic dysentry) मलेरिया, रिवर ब्लाइंडनेस, ईयलों फिवर, स्लींप सिकनेस (Sleeping Slickness)
4. रासायनिक एवं रेडियोधर्मी (chemical and Radioactive)	नाइट्रेट, पलुओराइड, आर्सेनिक मर्करी,लेड-जनित	विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य अहितकर बीमारियाँ

5. इसके अतिरिक्त प्रदूषित सामुद्रिक जल एवं तटों पर स्नान रूग्नताएँ (Bathing diseasesssss) चर्म रोगों (Dermatitis) जो त्वचा जीवाणु (Dermatogen) के कारण, और रोगों सहित होते हैं।

जलीय गुणवत्ता के मानक एवं कसौटियाँ

विश्व स्वास्थ्य संगठन World Heath Organization, WHO पेय जल की गुणवत्ता/शुद्धता के विभिन्न मानक तथा कसौटियाँ निर्धारित किये हैं जिसमें रेडियोधर्मिता के स्तर, विषाक्त तत्वों के सम्मिश्रण, रासायनिक सहित जो तालिका में दर्शाये गये विभिन्न जैविक, जीवाणुक, विषाणुक तथा विभिन्न कीटाधारित परजीवीय तत्वों की उपस्थिति सम्बंधी स्थितियाँ के प्रति सचेत किया है। इस संबंध में Indian standard institution के प्रकाशन को देखा जा सकता है, जो भारतीय स्थिति को ध्यान में रखकर बनाये गये हैं। इसी मानक तथा कसौटी के उल्लंघन के फलस्वरूप पुतेनाहाली क्षील (बंगलौर) में हजारों मछलियों की मौत मल -जल के अनौपचारित (untreated) स्राव से हुई है। तालिका: 2 (स्तम्भ 2) विभिन्न प्रकार के बैक्टिरिया, विषाणु, परजीवीय एक कोशिकीय जीव के साथ-ही-साथ रासायनिक एवं रेडियोधर्मिता के प्रभावयुक्त जल न केवल पीने के अनुपयुक्त होते हैं, बल्कि इनका कूप्रभाव जल-जीवों, पेड़-पौधों वनस्पतियों पर परिलक्षित होते हैं।

मस्कट (ओमान) एक रेगिस्तानी देश है, पेय जल की काफी किल्लत यहाँ हैं प्रदूषित जल को पूरी तरह से साफ कर, कलुष रहित बनाकर पुन: चक्रण के जरिये बाग-बगीचों, राजकीय उद्यानों में इसका प्रयोग होता है। और सामुद्रिक जल को विलवणीकरण (Desalination)तथा अन्य (impurities) कलुषितता को निवरित कर पेय जल के रूप में प्रयोग किया जाता है, मगर यह विलवणीकरण की प्रक्रिया है काफी महंगी। मगर इसे वहाँ करना हीं होता है, कारण उच्च ताप तथा न्यूनतम तथा अविश्वसनीय (unreliable) वर्षा की वजह से केवल 0.1प्रतिशत (कुल क्षेत्रफल 1.5 वर्ग मीटर) भूमि ही खेती लायक है। केवल धोफार (Dhofar) को छोड़कर जो 1200 कि0मी0 दक्षिण मस्कट से (राजधानी) दूर, कुछ ऊँची जगह पर अवस्थित है; यहाँ की भूमि उपजाऊ है, कारण यहाँ जून से सितम्बर तक अच्छी वर्षा होती है और यहाँ वर्षा विश्वसनीय है।

यह बात हुई अमीर, साधन-सम्पन्न देश की (5200 US Dollar प्रति व्यक्ति आय, 1987) जल संबंधी कार्य प्रणाली की। मगर भारत ऐसे देश के लिये अभी इस प्रकार के विलवणीकरण बड़े पैमाने पर की आवश्यक नहीं दिखाई पड़ती, हालाँकि सामुद्रिक तटीय लम्बाई करीब 6000 किमी. है। यहाँ कुछ अलग संकल्पनाएँ हैं जिसके विषय में परिकल्पना सर्वप्रथम के. एल. रॉव, जो उन दिनों भारत सरकार के जलसंसाधन (सिंचाई) के मंत्री थे। सर्वप्रथम उन्होंने यह भाव व्यक्त किया था कि यदि देश की विभिन्न नदियों को जोड़ दिया जाता है, तो इससे अनेक लाभ मिलने की आशा है। उनकी यह संकल्पना निम्नलिखित तथ्यों पर आधारित दिखती प्रतीत होती है:-

(क) इस तरह के नदियों के संयोजन से जल का समुचित उपयोग होने की आशा है। भारत ऐसे विशाल देश में कुछ ऐसे प्रदेश हैं जहाँ जल की विपुलता से लाभ संतप्त है, तो कुछ ऐसे जो जलाभाव की समस्या से सालों -साल जूझते हैं, कहीं अतिवृष्टि, कहीं अनावृष्टि, कहीं नदियों के जल, तो कहीं मीलों-मील उजड़ा-सा बियाबान, सपाट मैदान। कहीं जल की विपुलता से अपार जान-माल की क्षति सालोंसाल, तो कहीं इसकी अभाव से कृषकों में हताशा और आत्महत्याएँ!

(ख) इस तरह की नदी योजक परियोजना से अनेक समस्याओं,जो जलाधारित है, से त्राण पाया जा सकता है।

(ग) जलाधिक्य या जलाभाव दोनों ही स्थितियाँ पर्यावरणीय प्रदूषण के कारक हैं। अत: योजना के द्वारा जल का समुचित वितरण की आशा की जानी चहिए।

नदी परियोजना एवं गंगा ऐक्शन प्लान

यदि एक जलाधिक्य एवं जलाभाव ग्रसित प्रदेशों में वचजपउनउ अनुकूलतम वितरण के द्वारा समेकित तथा संतुलित विकास के द्वार खोल सकते हैं तो दूसरी ओर ''गंगा ऐक्शन प्लान'' के माध्यम से गंगा नदी को प्रदूषण मुक्त कर जलापूर्ति के विकल्प में देखा जा सकता है। यदि के. एल. रॉव नदी योजक योजना के स्वप्नद्रष्टा थे, तो राजीव गाँधी ऐक्शन प्लान के प्रथम प्रेरक पर राजनीतिक इच्छाशक्ति को अमली जामा पहनाने की शुरूआत उत्तर प्रदेश से शुरू हुयी जब त्पअमत स्पदापदह च्तवरमबज उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश की नदी को जोड़ने की प्रक्रिया का शुभारम्भ हुआ। यह भारत में अपने किस्म की पहली परियोजना है।

परियोजना की विशिष्टता

1. दिनांक 26.8.2005
2. परियोजना: एक (डैम) बांध के द्वारा केन के फिजूल जल को (यू0पी0) बेतवा तराई जो जलाभाव (मध्य प्रदेश) से ग्रसित है, क्पअमतज विपथन कर वहाँ पहुँचाया जायगा।
3. समझौता (Agreement) नदी के योजक प्रोग्रम दो राज्यों तथा केन्द्रीय सरकार की संलिप्तता (जल संसाधान मंत्रालय)
4. घटनास्थल (Venue) : उ. प्र. तथा म. प्र.
5. नदियाँ: केन (उ.प्र.) जल वाहुल्य एरिया तथा बेतवा (म. प्र.) जलाभाव ग्रस्त एरिया को प्स्त (Inter Linking River) प्रोग्राम के तहत जोड़ने की परियोजना, योजक नहर की लम्बाई 231 कि0मी0 (दौघान बाँध केन नदी पर)
6. परियोजना लागत: 4,000 करोड़ रूपये
7. हितग्राही (Beneficiary)
   (i) छतरपुर, टिकमगढ़ पन्ना, रायसेन तथा विदिशा जिले (म.प्र.)
   (ii) हम्मीरपुर, बान्दा तथा झाँसी जिले (उ.प्र.)
8. कौन क्या अंश पाता है: वर्तमान आयक-व्यापक ठनकहमज में केवल 6 करोड़ तफसीली परियोजना रिपोर्ट हेतु शुद्ध आवश्यकता 30 करोड़ की तुलना में

संभाव्यताएँ

इस परियोजना की अपार सम्भाव्यताएँ हैं- सिंचाई से लेकर पर्यावरणीय आलिप्तता तक। यह एक अत्यन्त हीं ऐतिहासिक कदम है, जो आगे के लिये भी अर्थपूर्ण प्रेरणास्त्रोत के रूप में देखा जा सकता है।

''गंगा ऐक्शन प्लान'' जल की गुणवता बनाये रखने के लिये एक अत्यन्त हीं महत्वपूर्ण योजना है। गंगा अपने उद्गम् स्थान से निकलकर बंगाल की खाड़ी में गिरने के पूर्व करीब 2500 कि.मी. की दूरी तय करती है। इसके

किनारे अनेक शहरों, नगरों तथा महानगरों की अवस्थित होने के कारण इन सभी मानव बसाव-स्थानों के कूड़ा-कर्कटों, अपशिष्टों घरेलू तथा औद्योगिक, तथा श्मशान घाटों की स्थिति होने के कारण गंगा नदी, अन्य नदियों की तरह, विशेषत: यमुना नदी की तरह, अत्यन्त ही प्रदूषित हो चुकी है। और इन कारणों से एक अत्यन्त हीं पर्यावरणीय जल प्रदूषण की समस्या बनती चली गई। इसकी एक तस्वीर नीचे दी गई तालिका से स्पष्ट होती है।

तालिका : 3

वाराणसी में गंगा नदी के प्रदूषण के कारक

क्र0 सं0	मद कारक	कुल वर्ष में
1. अधजली लाश	मानवीय	3000
2. शव	–	6000
3. मांस के लोथड़े	–	140-200टन
4. राख,ईंधन/लकड़ी	–	925 मिलियन टन/दिन
5. घरेलू मल-जल/औद्योगिक वहिस्राव	–	अप्राप्य

सोत : अग्रवाल, 1982 (1 मिलियन = 10 लाख)

गंगा कार्य योजना के दूसरे चरण में गंगा की सहायक यमुना और गोमती नदियों को प्रदूषण मुक्त करने की योजना को 1993 में केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्रदान की गयी। गंगा कार्य योजना के प्रथम चरण की संपूर्ण राशि का भुगतान केन्द्र सरकार द्वारा किया गया था जबकि द्वितीय चरण के अन्तर्गत पूँजीगत व्यय को सम्बंधित राज्य सरकारों और केन्द्र सरकार के बीच समान रूप से वितरित करने की व्यवस्था की गई है।

यमुना कार्य योजना:-गंगा कार्य के दूसरे चरण के अंतर्गत 1993 में शुरू की गयी यमुना कार्य योजना का उद्देश्य यमुना नदी के जल की गुणवता में सुधार लाना है जिसके लिए तटवर्ती शहरों से यमुना नदी में गिरनेवाले नगरनिगम के गंदे जल के बहाव को रोकना तथा उसकी दिशा में परिवर्तन करना है इस कार्य योजना के तहत आरंभ में निम्नलिखित 15 नगरों में प्रदूषण निवारण कार्य शुरू किया गया-दिल्ली, उत्तर प्रदेश (8 नगर) सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, नोएडा, वृंदावन मथुरा आगरा, करनाल, पानीपत, सोनीपत, गुड़गाँव और फरीदाबाद बोद में उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर हरियाणा के 6 अन्य नगरों को भी इस कार्य योजना शामिल किया गया ये है- पल्लवल, गोहाना, घरौंदा, इन्द्री, रदान्उर और छादशैली। यमुना कार्य योजना के अन्तर्गत रोके गये जल को वर्तमान विसर्जन के अनुसार उपचारित करके अंतिम रूप से सिंचाई हेतु खेतों अथवा नदी में छोड़ा जाता है। इस योजना के तहत कम लागत वाले शौचालयों और बिजली तथा उन्नत लकड़ी पर आधारित शवदाह गृहों के द्वारा अधजले शवों को निपटाने और मिट्टी के नदियों में मिलने जैसे गैर-बिन्दु स्त्रोतों से प्रदूषण निवारण का कार्य किया गया है। इसके अतिरिक्त कहीं जल की गुणवत्ता में स्नान श्रेणी के स्तर तक विकास करके जनता के लिए नदियों तक बेहतर पहुँच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्नान घाट का निर्माण किया जा रहा है। इस कड़ी के अंतर्गत अप्रैल 2000 में वजीरावाद (दिल्ली) में सूरघाट को आम जनता के स्नान के लिए खोला गया। यमुना कार्य योजना के पूर्ण होने पर इसके पास 130 कि.मी. इंटरसेप्टिंग एवं ट्रंक सीवर, लगभग 760 लाख लीटर प्रतिदिन की सीवेज उपचार क्षमता और कुल 2470 सीटों के साथ 270 सामुदायिक शौचालय परिसर एवं 1500 पानी डालकर साफ होने वाले निजी शौचालय 98 विकसित शवदाह गृह तथा 18 स्नानघाट उपलब्ध होंगे।

संदर्भ

1. Iyer Kv et al: Guidelines standsards on pollution control in industry, New Delhi- 1991
2. Chaudhri J : An introduction to Development & Regional planning
3. UNDP : The Role of PRIS & NGO in Disaster Manogement 2002
4. JTPI: Institute of Town Planners of India Vol 2, No 2, 2005
5. सविन्द्र सिंह : पर्यावरण भूगोल
6. श्री वास्तव एवं राव : पर्यावरण एवं परिस्थैतिकी

❖❖❖

मानव स्वास्थ्य में एनीमिया का महत्व

कुमारी बबीता

हमारे भोजन में कुछ स्वास्थ्यप्रद पदार्थ होते हैं जिन्हें पोषक तत्व कहा जाता है। इनमें से लौह तत्व एक महत्वपूर्ण घटक है। यह लौह तत्व अर्थात् आइरन रक्त निर्माण के लिए अत्यन्त अनिवार्य होता है। लौह तत्व की कमी अर्थात् एनीमिया एक निहित बीमारी का परिणाम या लक्षण है। यह एक ऐसा रोग है जिसका कारण है–शरीर में रक्त बनाने के लिए जिन तत्वों की आवश्यकता होती है, उनकी कमी होना। हमारे शरीर में करोड़ों की संख्या में लाल रक्त कण होते हैं, इन लाल रक्तकणों का काम फेफड़ों से ऑक्सीजन को लेकर हमारे शरीर को पहुंचाना होता है। जिससे यह हमारे पूरे शरीर में फैलकर काम करने की क्षमता प्रदान करता है। इन लाल रक्तकणों में एक रासायनिक पदार्थ पाया जाता है जिसे हीमोग्लोबिन कहते हैं हीमोग्लोबिन दो शब्दों से मिलकर बना है-हीम (अर्थात् लौह तत्व) एवं ग्लोबिन (अर्थात् बढ़ोत्तरी वाला तत्व प्रोटीन)

हीमोग्लोबिन + सांस द्वारा आक्सीजन – काम करने की शक्ति

अर्थात् हमारे शरीर में जितना अधिक हीमोग्लोबिन होगा, उतनी ही अधिक आक्सीजन मांसपेशियों और शरीर के कोने-कोने तक पहुंचेगी तथा उतनी ही अधिक हमारी कार्यक्षमता बढ़ेगी। इसके विपरीत यदि शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा कम हो जाए तो आवश्यकतानुसार आक्सीजन शरीर के विभिन्न सेलों को नहीं मिलती जिसके कारण हमारी कार्यक्षमता में कमी आ जाती है।

कम हीमाग्लोबिन+सांस द्वारा आक्सीजन–कम हीमोग्लोबिन से कम आक्सीजन

उत्तकों व मांसपेशियों में काम करने की क्षमता में कमी

जब व्यक्ति स्वस्थ होता है तो हीमोग्लोबिन का सामान्य स्तर पुरुषों में प्रति सौ मिलीलीटर रक्त में 13 ग्राम और स्त्रियों में 12 ग्राम माना जाता है। जब यह स्तर कम हो जाता है तो व्यक्ति में खून की कमी हो जाती है। जिस प्रकार वजन, मशीन के द्वारा नापा जाता है उसी प्रकार खून की एक बूंद लेकर उसमें हमोग्लोबिन नापा जाता है। प्रशांत क्षेत्र के देशों में अमीरों और गरीबों के मध्य एक गहरी खाई चिंताजनक रूप से बढ़ रही है। आर्थिक स्तर पर बढ़ता यह अंतर, माताओं एवं बच्चों के लिए घातक हो गया है। यूं तो पिछले चार दशकों में बाल मृत्यु में कमी आई है लेकिन बावजूद इसके भारत अभी भी बाल मृत्युदर कम करने के लिए निर्धारित किए गए विभिन्न सहस्राब्दि स्वास्थ्य लक्ष्यों, एमडीजी-1 (पोषण व आहार के स्तर को सुधारने के लिए तय किया गया लक्ष्य) एमडीजी-5 (माताओं के स्वास्थ्य स्तर को उठाने के लिए निर्धारित लक्ष्य), जोकि विभिन्न देशों द्वारा निर्धारित अवधि के अंदर स्वास्थ्य एवं चिकित्सकीय सुविधा प्राप्त कने से संबंधित लक्ष्य को प्राप्त करने में कई विकसित देशों और यहां तक कि श्रीलंका जैसे विकासशील देश से भी पीछे हैं। यह रिपोर्ट इस तथ्य का भी खुलासा करती है कि विश्व में कुल कम वजन के बच्चों में भारत का प्रतिशत 38 है, विश्व में कुल 42 प्रतिशत भारतीय बच्चे वह हैं जो पैदाइशी तौर पर कम वजन के होते हैं और चिकित्सा विज्ञान के अनुसार कम वजन के नवजात शिशुओं की जीवन प्रत्याशा स्वस्थ शिशुओं के मुकाबले 20 प्रतिशत कम होती है यही कारण है कि भारत में कुल शिशु मृत्युदर में से दो तिहाई शिशुओं की मौत जन्म लेने से 20 दिनों के अंदर हो जाती है। चिकित्सकीय सुविधाओं ने भारत में यद्यपि मृत्युदर को किसी अंश तक घटा दिया है परन्तु गैर संचारी एवं संचारी रोगों तथा पोषाहार की समस्याओं के कारण बीमारियों से ग्रस्त होने वाले बच्चों की संख्या में कोई विशेष कमी नहीं हुई है। उचित पोषण के अलावा 'टीकाकरण' बच्चों के स्वास्थ्य का रक्षक बन सकता है परंतु दुखद पहलू यह है कि यहां भी स्थिति संतोषजनक नहीं कही जा सकती। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की रिपोर्ट के मुताबिक बच्चों को टीका लगाने के संबंध में कोई सकारात्मक विकास नजर नहीं आ रहा है। आज भी मात्र 43.5 प्रतिशत

बच्चों (12-23 महीनों) को ही सारे टीके लग पाते हैं। भारत दुनिया के उन चार मुख्य देशों में शामिल है जहां अब भी पोलियो के मरीज पाए जाते हैं। अगर हम आंकड़ों पर नजर डालें तो पाएंगे कि वर्ष 2005-06 में जहां 35 जिलों में पोलियो के 66 मामले थे वहीं 2006-07 में 87 जिलों में 490 मामले प्राप्त हुए हैं। यह सर्वविदित सत्य है कि बच्चों के जीवन और मृत्यु के बीच आज सबसे घातक वार एड्स का है। नवजात बच्चों में एचआईवी संक्रमण बच्चे के जन्म या स्तनपान के समय होता है। भारत में प्रतिवर्ष लगभग 78 लाख 3 हजार गर्भवती महिलाएं एचआईवी संक्रमित होती हैं जिनमें से अनुमानत: 23,490 बच्चे एचआईवी से संक्रमित हो जाते हैं। केंद्र सरकार ने 2011 तक इसमें कमी लाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। रिपोर्ट के अनुसार 2011 तक अनुमानित हर वर्ष एचआईवी सवंमित महिलाओं में से 80 प्रतिशत को प्रोफाइलेक्टिक एंटी रिट्रोवायल थैरैपी उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है। माता-पिता से बच्चों में एचआईवी फैलने से रोकने से संबंधी कार्यक्रम (पीपीटीसीटी) को प्रभावी तरीके से लागू किए जाने से विषाणु के संचरण को शून्य प्रतिशत तक लाया जा सकता है। एड्स के अलावा न्यूमोनिया बच्चों के स्वास्थ्य को किस कदर नुकसान पहुंचा रहा है यूनिसेफ और विश्व संगठन की रिपोर्ट 'न्यूमोनिया द फॉरगाटेन किलर ऑफ चिल्ड्रेन' से स्पष्ट हो जाता है। रिपोर्ट में यह बताया गया है कि दुनिया भर में बच्चों की सर्वाधिक मौतें न्यूमोनिया के कारण होती हैं। भारत में प्रतिवर्ष लगभग 4.4 करोड़ न्यूमोनिया के मामले सामने आते हैं। आंकड़े यह भी बताते हैं कि चेचक और मलेरिया से दुनिया में वर्ष 2004 में मरने वाले कुल 4,10,000 शिशुओं में 60 प्रतिशत शिशुओं की मौत भारत में हुई। यूनिसेफ ने 2015 तक शिशु मृत्यु का आंकड़ा 36 प्रति हजार लाने का लक्ष्य रखा है। यह लक्ष्य हासिल करने के लिए इस दर में 7.6 प्रतिशत वार्षिक कमी लाने का लक्ष्य रखा है। यह लक्ष्य हासिल करने के लिए इस दर मे 7.6 प्रतिशत वार्षिक कमी लाने की आवश्यकता है, जबकि वर्तमान में भारत 2.6 प्रतिशत की दर से हासिल कर सका है। भारत में बाल मृत्यु का एक प्रमुख कारण चिकित्सा सेवा में कमी है। ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूद ढांचागत आधार के अनुसार कुल 70.2 प्रतिशत विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी है। इसमें 75 प्रतिशत शिशु विशेषज्ञ, 70.9 प्रतिशत सर्जन तथा 60 प्रतिशत महिला रोग विशेषज्ञ की कमी बनी हुई है। इसी संदर्भ में अगस्त '08 को प्रधानमंत्री ने चिकित्सा ढांचे में क्षेत्रीय असंतुलन पर चिंता जताते हुए देशभर में चिकित्सीय सुविधाओं को तुरंत बढ़ाए जाने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की कमी और चिकित्सा संस्थानों की मौजूदा संख्या बढ़ती मांग के अनुसार कम है। योजना आयोग की हाल ही की एक रिपोर्ट के अनुसार, देश को अगले पांच वर्षों में लगभग दस लाख नर्सों की आवश्यकता होगी। एनएफएचस-3 के अनुसार क्षेत्र के आधा पर स्वास्थ्य सेवाओं में अंतर पाया जाता है। जहां यह नागालैंड में 12 प्रतिशत है तो वहीं तमिलनाडू में यह 90 प्रतिशत है। इसी विषय को उठाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि लगभग 60 प्रतिशत चिकित्सा शिक्षण सुविधाएं दक्षिण भारत में हैं जिसके कारण देशभर में चिकित्सा ढांचे और चिकित्सीय सुविधाओं में क्षेत्रीय असंतुलन पैदा हो गया है और इस कमी को दूर करने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय और राज्य सरकारों के सामूहिक प्रयास की जरूरत है। स्वस्थ्य भारत के अधूरे स्वप्न का कारण सिर्फ चिकित्सा सेवा में कमी ही नहीं, बल्कि देश में आर्थिक, जातीय, क्षेत्रीय और शैक्षणिक असमानता व लैंगिक विभेद की संकीर्ण विचारधाराएं भी हैं। भारतीय समाज में व्याप्त लैंगिक भेदभाव और महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति बरती जाने वाली मानसिकता आज भी यथावत विद्यमान है। स्वस्थ स्त्री ही स्वस्थ बच्चे की जननी बन सकती है पर यह दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य है कि भारत में हर तीन महिलाओं में से एक का वजन मानक वजन से कम है। कम उम्र में मातृत्व बोझ एवं गर्भावस्था के काल में पोषण एवं उचित आहार को लेकर बरती जाने वाली लापरवाही भी बाल मृत्यु को बढ़ावा देती है।

हीमोग्लोबिन का स्तर

आयु (वर्षों में)	*ग्राम/100 मि.ली.*
0-5	11
6-17	12
गर्भवती महिला	11
महिला	12
पुरुष	13

वैसे तो यह रोग किसी भी आयु समूह में हो सकता है परन्तु महिलाओं और बच्चों में यह अधिक पाया जाता है।

एनीमिया के कारण : एनीमिया के मुख्य कारण इस प्रकार है :-

1. रक्तक्षय- रक्तक्षय कई कारणों से हो सकता है जैसे महिलाओं में मासिक स्राव के समय लौह तत्वों की कमी हो जाती है। इन दिनों में एक दिन में सामान्यतया 5 मि.ग्राम लौह तत्व की कमी होती है जिसकी हमारे शरीर में भोजन के माध्यम से ही पूर्ति होती है। इसी प्रकार गर्भवती महिलाओं को लौह तत्वों की अधिक आवश्यकता होती है क्योंकि उन्हें स्वयं व बच्चे दोनों को जरूरी लौह तत्वों की पूर्ति करनी होती है। जब कोई महिला गर्भधारण करती है तो उसके अंदर पल रहे शिशु का खून मां के खून से ही बनता है। ऐसी अवस्था में सामान्यतया मां के शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा कम हो जाती है। ऐसे में मां और बच्चे दोनों पर तुरन्त ध्यान न देने पर खतरा हो सकता है। इसी तरह नवजात शिशु प्रारंभिक छह माह तक अपनी आवश्यकता के लिए मां के दूध से लौह तत्व लेता है परंतु दस माह के बाद यदि उसे ऊपरी आहार पर्याप्त मात्रा में नहीं मिलता है तो वह एनीमिया का शिकार हो जाता है। भारत में 55 प्रतिशत लड़कियां तथा 57 प्रतिशत गर्भवती महिलाएं एनीमिया का शिकार होती हैं। एनीमिया मौत एवं अवरूद्ध शारीरिक विकास का एक प्रमुख कारक है। भारत में 30 प्रतिशत नवजात शिशु एनीमिया के शिकार होते हैं।

इसी प्रकार बच्चों को भी लौह तत्वों की आवश्यकता अधिक होती है क्योंकि उनमें विकास जल्दी होता है। शरीर के बढ़ते आकार के लिए अधिक लौह तत्वों की आवश्यकता होती है जिनकी पूर्ति न होने पर वे एनीमिया के शिकार हो जाते हैं। खून की कमी भूख को प्रभावित करती है। अत: इन बच्चों की धीरे-धीरे भूख कम हो जाती है और कम खाना खाने से उनके विकास पर असर पड़ता है। बार-बार बीमार होने के कारण उनकी कमजोरी बढ़ जाती है और वे अपनी आयु के बच्चों की तुलना में पीछे रह जाते हैं।

2. लाल रक्तकण संबंधी बीमारियां- हमारे शरीर में लाल रक्तकण होते हैं जिनकी आयु 120 दिन/4 माह की होती है। इसके बाद के स्वयं नष्ट होकर फिर से नए लाल रक्तकण बन जाते हैं। इस प्रकार निर्माण और नष्ट होने की क्रिया स्वस्थ शरीर में निरन्तर चलती रहती है। परन्तु कई बार यदि यह संतुलन बिगड़ जाए तो भी एनीमिया हो जाता है। कुछ ऐसी जन्मजात बीमारियां होती हैं जो लाल रक्तकणों पर सीधा प्रहार करती हैं। ये या तो उनका आकार बदल देती है या उनके अन्दर के हीमोग्लोबिन के संगठन में हेर-फेर ला देती है। इस प्रकार की बीमारियों के निदान एवं उपचार में तत्परता बरतनी चाहिए।

3. असंतुलित आहार- भारत में एनीमिया का सबसे बड़ा कारण असंतुलित आहार है। कई बार हम जो भोजन खाते हैं, उनमें अज्ञानतावश उन तत्वों की कमी रह जाती है जिनसे लाल रक्तकण या हीमोग्लोबिन बनता है। जैसे-प्रोटीन, लोहा, विटामिन सी, विटामिन बी-12, विटामिन बी-6, कैल्सियम आदि। प्रोटीन दूध तथा दूध से बनी वस्तुओं, दालों, अनाज, मछली, मांस, आलू, केला, सोयाबीन, फली वाली सब्जियों में विद्यमान रहता है। विकास की अवस्था में प्रोटीन की ज्यादा आवश्यकता होती है। इसी प्रकार से लोहा, कलेजी, हरी पत्तेदार सब्जियों, अंडे, मेवे, केले, फल, मांस, आलू आदि में सामान्य से अधिक मात्रा में मिलता है। इसी प्रकार विटामिन-सी खट्टे पदार्थों जैसे-नींबू, संतरा, आंवला, मौसमी, टमाटर, हरी सब्जियों में ज्यादा मिलता है। इस प्रकार शारीरिक वृद्धि एवं विकास की अवस्था में उपरोक्त सभी तत्वों खाद्य पदार्थों में विद्यमान रहने चाहिए।

4. कृमि की बीमारियां- कई बार हमारे शरीर में खाने-पीने की चीजों के माध्यम से कृमि प्रवेश कर जाते हैं, जिससे हम जो भी भोजन खाते हैं, वे उसका खून नहीं बनने देते। ये आतों पर चिपककर खून पोषण कर देते हैं। 'एन्काईलोस्टोमा' नाम का कृमि 91 दिन में 6/10 मिलीलीटर रक्त चूस जाता है जो कि नंगे पैर चलने के कारण शरीर में प्रवेश कर जाता है। अत: इसके लिए नंगे पांव जमीन पर चलना बंद करना चाहिए। इन कारणों के अतिरिक्त गरीबी, जनसंख्या वृद्धि, बार-बार दवाइयां खाने से भी कई बार एनीमिया हो जाता है।

लक्षण : एनीमिया से ग्रस्त व्यक्ति में भूख की कमी, सांस चढ़ना, हृदय धड़कन में वृद्धि, निस्तेज आंखें, पीला चेहरा, सफेद नाखून तथा हाथों में सूजन प्रमुख लक्षण हो सकते हैं।

एनीमिया को ठीक करने के उपाय: गर्भवती महिलाओं को लौह तत्वों युक्त खाद्यान्नों का सेवन नियमित रूप से करना चाहिए। क्योंकि जब कोई महिला गर्भधारण करती है जो उसके अंदर पल रहे शिशु के खून की पूर्ति भी मां के खून से ही होता है। अत: मां के शरीर में लौह तत्व का एक बड़ा भंडार संग्रहित करना अनिवार्य होता है। इसके लिए महिला को डाक्टर के परामर्श से कम से कम 100 गोलियों का सेवन प्रतिदिन

एक गोली के रूप में अवश्य करना चाहिए। स्तनपान कराने वाली माता को लौह तत्वों की अधिक जरूरत होती है। दूध पिलाने वाली माता को भी लौह तत्वों (प्रोटीन, विटामिन, कैल्शियम आदि) से युक्त भोजन करना चाहिए ताकि उसके दूध के माध्यम से उपयुक्त मात्रा बच्चे को भी पर्याप्त हो सके तथा उसका शारीरिक ढ़ाचा सुदृढ़ हो सके।

खाने के साथ ताजी खटाई जैसे-नींबू, टमाटर, संतरा, आंवले का सेवन करना चाहिए। ऐसा करने से भोजन में जितना भी लौह तत्व हैं, वह पूर्णत: उपयोग हो जाता है। इसी प्रकार हरी मिर्च बेशक खाने में कड़वी लगती है परन्तु कच्ची स्थिति में यह विटामिन-सी का अच्छा स्रोत है। अत: इसे भोजन के साथ में अवश्य ग्रहण करना चाहिए। सब्जी को लोहे की कढ़ाई में पकाना चाहिए। ऐसा करने से कढ़ाई से लौहा निकलकर सब्जी में आ जाता है तथा शरीर इसका उपयोग खून बनाने में कर लेता है। बाल विकास अवस्था में लौह तत्वों का उपयोग सामान्य से अधिक मात्रा में करना चाहिए। भोजन में यदि संभव हो तो गुड़ का भी सेवन करना चाहिए।

जनसंख्या पर नियंत्रण भी करना चाहिए क्योंकि यदि जनसंख्या अधिक होती है तो प्रति व्यक्ति को उचित मात्रा में संतुलित आहार मिलना कठिन होता है। बार-बार गर्भधारण के कारण और आहार में पोषण तत्वों की कमी की दुहरी मार से महिला का स्वास्थ्य जर्जर होता जाएगा। इसके अतिरिक्त दवाओं का अत्यधिक सेवन करने से भी बचना चाहिए। फर्श पर विशेषकर मिट्टीयुक्त जमीन पर नंगे पांव न चलने से तथा सही समय निदान और उपचार से एनीमिया जैसी जानलेवा बीमारियों से बचा जा सकता है।

भारतीय महिलाओं में साक्षरता एवं जागरूकता की कमी है जिसके कारण वे बच्चों की एवं स्वयं की समस्याओं को समझने में असमर्थ होती हैं, मातृ एवं बाल मृत्यु को बढ़ावा देती है। जातिगत विभेद एवं असमानता के कारण भी बच्चे एवं महिलाएं समय मृत्यु का शिकार बनती हैं। देश की कुल जनसंख्या में अनुसूचित जाति एवं जनजाति की भागीदारी 26 प्रतिशत है परंतु अनुसूचित जाति की लगभग 17 करोड़ एवं अनुसूचित जनजाति की लगभग आठ करोड़ जनसंख्या, प्रारंभिक स्वास्थ्य सुविधाओं को पाने से वंचित हैं। यूनिसेफ की रिपोर्ट में इस तथ्य की पुष्टि की गई और उल्लेखित भी किया गया है कि भारत में पिछड़ी जातियों के कुल बच्चों के तीन चौथाई बच्चे रक्तहीनता से ग्रस्त हैं। पिछड़ी जातियों में प्रसव के लिए आज भी देसी प्रसव प्रक्रिया का आश्रय लिया जाता है परिणामत: हर वर्ष बड़ी संख्या में बच्चों और महिलाओं की मृत्यु हो जाती है। आर्थिक असमानता भी बाल मृत्यु को बढ़ावा देने के लिए उत्तरदायी है। वर्ष 2005-06 के मध्य जहां शहरी क्षेत्रों में बाल मृत्युदर प्रति हजार 44 थी वहीं इसी अवधि में ग्रामीण क्षेत्रों में यह दर 1,000 में 76 दर्ज हुई।

स्वस्थ भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए सरकारी स्तर पर प्रयास जारी है। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन केंद्र सरकार का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य एक पूर्ण क्रियाशील, समुदाय आधारित, विकेंद्रीकृत स्वास्थ्य सुपुर्दगी प्रणाली की स्थापना करना है। केंद्र सरकार ने ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत हर गांव में प्रशिक्षित सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता 'आशा' की नियुक्ति करने का निर्णय लिया यह योजना अभी 18 राज्यों में ही लागू है। 11वीं पंचवर्षीय योजना का लक्ष्य 0-3 वर्ष के बच्चों में कुपोषण को घटाकर आधा करना है तथा महिलाओं और बालिकाओं में खून की कमी को वर्तमान स्तर से आधा करना है।

राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु भारत एवं सूनिसेफ ने अगस्त '08 को पांच वर्षीय एक्शन प्लान आरंभ किया। इस एक्शन का मुख्य उद्देश्य शिशु एवं मातृ मृत्युदर में कमी, कुपोषण के खिलाफ संघर्ष, स्वच्छता एवं शिशु रक्षा सुनिश्चित करना होगा। वर्ष 2008-12 के मध्य कंट्री प्रोग्राम के तहत विकास लक्ष्यों को प्राप्त किया जाता है।

राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य के स्तर को बढ़ाने हेतु प्रयास किए जा रहे हैं परन्तु असमानताओं का दंश जब तक भारतीय समाज को भेदता रहेगा तब तक बच्चों और माताओं की असामायिक मौतें भारत के लिए चिंता का विषय बनी रहेंगी।

संदर्भ

1. योजना - 2006
2. योजना - 2009
3. कुरूक्षेत्र - 2007
4. आहार और पोषण - उषा टंडन।

❖❖❖

संचार क्रांति के युग में गृहविज्ञान

श्वेता कान्ता

आज के वैश्विक परिदृश्य में महानगर से लेकर गाँव के चैपाल तक संचार के विभिन्न माध्यमों के प्रयोग ने हमारे समाज के दिनचर्या को ही बदल डाला है।

गृहविज्ञान में ''संचार'' एक प्रकार की शिक्षा है जिसका उद्देश्य मनुष्यों के मानसिक दृष्टिकोण तथा पद्धति में परिवर्तन लाना है। यह ग्रामीण लोगों के राष्ट्रीय साधनों को अपने उचित प्रयोग द्वारा अपने प्रयासों में रहन-सहन के स्तर को बढ़ाने के लिए प्रेरणा देती है। संचार का सीधा संबंध शिक्षा से है। शिक्षा से मनुष्य के व्यवहार सोचने का ढंग एवं उपक्रम में परिवर्तन आता है।

''संचार'' की उत्पत्ति 1908 ई० में राष्ट्रीय आयोग की स्थापना द्वारा सर्वप्रथम अमेरिका के ''राष्ट्रपति रूजवेल्ट'' ने ग्रामीण जनमत को शहरों में जाने से रोकने तथा ग्रामीण जनता को कृषि एवं ग्रामीण विकास के कार्यों में लगाने में उपाय सुलझाने के लिए किया था। आयोग ने यह महसूस किया कि गाँव के लोगों को गाँव में ही रहना चाहिए यह अनिवार्य है जिससे कि कृषि का विकास हो सके।

आयोग के सिफारिस के अनुसार 1914 ई० में समिति लिवर ऐक्ट पास हुआ जिसके अनुसार स्कूलों में बाहर की शिक्षा प्रारम्भ की गई जिसमें कि गाँव के लोग खेतों तथा घर का विकास विकसित ढंग से कर सके। संचार कार्य का मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके लक्ष्य तक प्रोत्साहित करना है।

''संचार'' गृहविज्ञान विस्तार शिक्षा का सिद्धान्त है। प्रसार शिक्षा की सफलता एवं अधिकाधिक ग्रामीण महिलाओं की सहभागिता के लिए गृहविज्ञान प्रसार कार्य को निम्नलिखित सिद्धान्तों का पालन करना चाहिए।

(1) प्राथमिक आवश्यकता का सिद्धान्त–प्राथमिक आवश्यकता के सिद्धान्त में विभिन्न अनुसंधानों द्वारा प्रसार कार्यकर्मियों को चाहिए कि कार्य आरम्भ करने से पूर्व ग्रामीण महिलाओं की अनिवार्य आवश्यकताओं को समझ ले। यदि ग्रामीण बच्चे दस्त से पीड़ित है और उस क्षेत्र में मलेरिया, टायफाइड, पीलिया जैसा रोग फैला है तो पहले उसके निवारण के उपाय बतायें।

(2) ग्रामीण महिलाओं के अनुभव जानने के सिद्धान्त–संचार द्वारा प्रसार कार्य-कर्ताओं को ग्रामीण महिलाओं पर केवल अपने विचार ही नहीं थोपने चाहिए, बल्कि उनसे आत्मीयता बढ़ाकर उनसे अनुभव जानने का प्रयत्न भी करना चाहिए। कई बातें ऐसी होती है। जिन्हें ग्रामीण वातावरण में रहकर वे भली-भाँति जानती है। गाँवों में जहाँ शहरी दवाई उपलब्ध नहीं होती, कई व्यक्तियों के घरेलु ग्रामीण, शीघ्र प्रभावकारी इलाज ग्रामीण स्त्रियों अधिक जानती है।

(3) आत्म निर्भरता का सिद्धान्त–संचार का उद्देश्य ही होता है कि मनुष्यों के मानसिक दृष्टिकोण तथा पद्धति में परिवर्तन लाकर आत्मनिर्भर बनाने में सहायता प्रधान करें। जैसे-आरम्भ में आर्थिक सहायता देकर तथा कच्चा माल देकर लघु उधोग शुरू कराने का उपाय बताया जाता है। तथा लोगों को प्रेरित किया जाता है कि छोटे-छोटे लघु उद्योग से पुरुष तथा महिला अपने को आगे बढ़ाकर एक मुकाम पर ले जाये।

(4) जाति धर्म निरपेक्षता का सिद्धान्त–गृहविज्ञान में संचार कार्यकताओं को चाहिए कि वे ग्रामीण समाज में वर्ग, जाति, धर्म के भेद भुलाकर सभी के कल्याण हेतु निष्पक्षता के साथ करे। जिन्हे सहायता की उत्थान की आवश्यकता हो उन सभी के लिए कार्य करे।

(5) यथास्थिति समायोजन का सिद्धान्त–गृहविज्ञान प्रसार कार्यमंत्री को यह सर्वप्रथम कार्यक्षेत्र में सम्पूर्ण वातावण एवं परिस्थितियों का अध्ययन कर लेना आवश्यक होता है। उनकी योग्यता, क्षमता एवं मानसिक स्तर जान लेना चाहिए, जैसे- यदि किसी गाँव के लोग साक्षार है तो वहाँ चार्ट पोस्टर, ग्राफ, नक्शों या ब्लैकबोर्ड का उपयोग भी शिक्षण हेतु किया जा सकता है। किन्तु यदि के आशिक्षित है तब कठपुतली फिल्में नृत्य, गीत, लोकगीत शिक्षण में अधिक प्रभावकारी माध्यम होंगें।

शोध छात्रा, बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर

(6) सहभागीदारी का सिद्धान्त–''संचार'' द्वारा कार्यकर्ताओं को चाहिए कि वे ग्रामीण महिलाओं, महिला नेताओं के साथ मिलकर उनकी राय लेकर ही कार्यक्रम की रूपरेखा बनाएँ। ऐसा करने से ग्रामीण महिलाएँ स्वयं की महत्ता का अनुभव करेगी। कार्यक्रम में रुचि लेनी तथा अधिकतम सहयोग देगी। महिलाओं की भागीदारी की प्रशंसा करने से भी उनसे आत्मविश्वास पैदा होगा और' भविष्य में वे सदा सहयोग देने के लिए तत्पर रहेगी।

(7) प्रशिक्षित विशेषज्ञों का सिद्धान्त–''संचार'' प्रसार कार्यक्रमों के प्रभावकारी आयोजन के लिए आवश्यक है कि गृहविज्ञान विशेषज्ञों कृषि विशेषज्ञों, डॉक्टरों अथवा विषय-विशेषज्ञों को समय-समय पर बुलाकर ग्रामीणों से उनकी भेंट करवायी जायें। विशेषज्ञों द्वारा वे अधिक लाभान्वित होगें।

(8) स्थानीय संसाधनों का सिद्धान्त–ग्रामीण क्षेत्र में प्रसार कार्य करते समय गृहविज्ञान विशेषज्ञों को यथा स्थानीय संसाधनों का उपयोग ही करना चाहिए केवल अनिवार्य सहायता बाहर से ली जाए जैसे-फलों के बगीचे या साग सब्जियों की वाटिका लगाने के लिए ऐसी भूमि चुने जहाँ पानी के सिचांई के प्रबंध भी पास में ही हो तथा लोग भी आसपास ही रहते थे उसी प्रकार जहाँ बेकार पड़ा पोरवर हो निरर्थक घुमते किशोर हो वहाँ सफाई करके किशोरों के सहयोग से मत्स्य पालन कराया जा सकता है। उसी प्रकार ग्रामीण महिलाओं को पौष्टिक आहार बनाना सिखाते समय स्थानीय उपलब्ध अनाज, दालों, फल-सब्जियों का उपयोग भी बताना चाहिए। मानवीय अथवा मानवेतर जहाँ तक हो, स्थानीय संसाधनों का ही प्रयोग अधिक करना चाहिए।

(9) परिवार तक पहुँच का सिद्धान्त–''संचार'' द्वारा प्रसार शिक्षा कार्यक्रम की योजना इस प्रकार बनायी जाये कि परिवार के सम्पूर्ण लोग लाभान्वित हो सकें। तभी कार्यक्रम सफल होगा। जैसे शाम के समय ग्रामीण महिलाओं के प्रशिक्षण का कोई कार्यक्रम आयोजित हो तो उसी समय उनके परिवार के बच्चों के लिए भी कोई आयोजन होना चाहिए ताकि बच्चे इधर-उधर भटके नहीं और गृहणियाँ भी निश्चिन्त होकर गोष्ठिया में भाग ले सके। महिलाओं में यह स्वभाव भगवान का दिया हुआ वरदान है कि अगर महिलायें एक जगह जमा होगी तो वो आपस में बातचीत किये बर्गर रह ही नहीं सकती है उस स्थिति में बातचीत के माध्यम से संवाद एक दूसरे के बीच संचालित होता है। तथा आपस में जानकारी प्राप्त होती है।

(10) स्वयं करके सीखने का सिद्धान्त–प्रसार कार्यों में स्वंय आये सीखने का सिद्धान्त अधिक प्रभावशाली होता है। ग्रामीण महिलाओं को पहले प्रदर्शन द्वारा कोई चीज बताएं जैसे अमरूद की जैली बनाना, तत्पश्चात् उनसे कहे कि वे अपने-अपने घरों में स्वयं बनाकर अथवा अगली बार सारी आवश्यक सामग्री उनके समक्ष रखकर अपने निर्देशन में उनसे बनवाएं। स्वयं करके वे अधिक अच्छी तरह सीख सकेंगी तथा उनमें आत्मविश्वास पैदा होगा।

किसी भी राष्ट्र के विकास का अनुमान वहाँ के जनसमुदाय की सर्वांगीण प्रगति सामाजिक, आर्थिक स्तर स्वास्थ्य इत्यादि को देखकर लगाया जा सकता है। जिस प्रकार रूस के तकनीकी विकास के पीछे वहाँ कि तकनीकी संस्थाओं एवं जापान के औद्योगिक विकास के पिछे वहाँ के उद्योगों का योगदान है उसी प्रकार भारत के विकास में कहीं न कहीं से प्रत्यक्ष अथवा प्रत्यक्ष रूप से उनकी शिक्षण संस्थाओं का भी महत्त्वपूर्ण योगदान है।

यदि भारत के जनजीवन का पारिवारिक स्तर सुधरा है, ऊँचा उठा है तो इसका दोष कुछ सीमा तक गृह विज्ञान शिक्षण को भी जाता है। जो अन्ततः राष्ट्रीय विकास को प्रगति करता है।

विकास के विभिन्न क्षेत्रों में सर्वप्रथम योगदान तथा महत्त्वपूर्ण योगदान गृहविज्ञान का ही होता है। संस्थागत शिक्षण का ढांचा अत्यन्त ही सैद्धान्तिक होता है। संचार नवीनतम जानकारियों से परिपूर्ण होने के कारण इनका उद्देश्य व्यक्ति को तुरंत इनसे परीचित करा देना है। उदाहरणार्थ उर्वरक, खाद, बीज, कीटनाशाक आदि के जैसी ही कोई नवीन किस्म का आविष्कार होता है।, उनकी जानकारी शीघ्र-अतिशीघ्र कृषकों तक पहुँचाने का। इसी प्रकार लघु उद्योग से जुड़े लोगों को व्यवसाय संबंधी जानकारी ऋण सुविधाओं की उपलब्धता बिक्री व्यवस्था की जानकारी देना।

संचार क र्य की सफलता अनेक तत्वों पर निर्भर करता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके लक्षय तक सफलतापूर्वक पहुँचाने के लिए मन की भावनाओं को प्रेरित करना होता है। संचार ही शिक्षा है तथा मानवीय व्यवहार में अधिकतम परिवर्तन करने की विधि ही शिक्षा है।

❖❖❖

पर्यावरण: भारत के सन्दर्भ में एक विश्लेषण

डॉ० रंजना सिंह

विश्व की तीन प्रमुख समस्याएं हैं जिन्हें Three- p के नाम से सम्बोधित किया जाता है। Population , Poverty, Pollution. इनमें Pollution वर्तमान युग की सबसे विकट समस्या है जो मानव अस्तित्व को ही खतरे मे डाल सकती है।

'मनुष्य जिस देश, काल तथा परिस्थिति में जन्म लेता है और जीवनयापन करता है, वह पर्यावरण कहलाता है।' प्रकृति में हमे जो कुछ दृष्टिगोचर होता है---वायु, जल, मिटट्ी, पादप तथा प्राणी सभी सम्मिलित रुप मे पर्यावरण की रचना करते है।

पारिभाषिक रुप मे पर्यावरण शब्द जीवों की अनुक्रियायों को प्रभावित करनेवाली समस्त भौतिक (physical) तथा जैवीय (biotic) परिस्थितियों का योग है। संक्षेप मे, जीवों को हमेशा घेरे रखनेवाली परिस्थितियां पर्यावरण कहलाती है।

वेब्स्टर शब्दकोष के अनुसार, 'पर्यावरण से आशय उन परिवर्ती परिस्थितियों, प्रभावों तथा शक्तियों से है जो सामाजिक तथा सांस्कृतिक दशाओं के समूहों के रुप में जैसे, रीति-रिवाजों, भाषा, कानून, धर्म तथा आर्थिक व राजनीतिक संगठन किसी व्यक्ति या समुदाय के जीवन को प्रभावित करती है।'

आर. एफ. डाबननायर के अनुसार, 'पर्यावरण का शाब्दिक अर्थ निकटवर्ती दशाओं से है। वातावरण का विश्लेषण अनेक तत्वों मे हो सकता है, जैसे- मिटट्ी, आद्रता, वायु और तापक्रम। वास्तव में, कोई भी बाहरी शक्ति, तत्व या दशा जो जीवधारी को किसी भी प्रकार से प्रभावित करती है, उनके पर्यावरण का एक तत्व बन जाती है। ऐसे सभी तत्वो का योग पर्यावरण कहलाता है।'

सारांश में, हम कह सकते है कि मानव के चारो ओर पाया जानेवाला पारिस्थितिक तंत्र (ecology) ही पर्यावरण है जिसमें उन सभी परिस्थितियों, प्रभावों एवं शक्तियों को सम्मिलित किया जाता है जो भौतिक अथवा रासायनिक रूप में जीवन को प्रभावित करती है।

''भूमि, जल, वायु, आदि जैवियमण्डल के गुणो में मानव जीवन और संस्कृति के लिए उत्पन्न हानिकारक परिवर्तनो को प्रदूषण कहा जाता है।'' पर्यावरण मे संतुलन स्वत: होता रहता है। पृथ्वी सतह के ताप, वायुमण्डलीय गैसीय तत्वों, सूर्य विकिरण आदि जलवायु को प्रभावित करनेवाले विभिन्न तत्वों को प्रकृति अपने आप ही संतुलित करती है किन्तु इस संतुलन की भी एक सीमा होती है। उसके बाद पर्यावरण प्रदूषित होना शुरू हो जाता है। औद्यौगिकरण, शहरीकरण व परमाणु उर्जा आदि के द्वारा हम लाभान्वित अवश्य हुए हैं परन्तु इससे पर्यावरण संतुलन असंतुलित हो गया है। इस असंतुलन से इसके विभिन्न अवयवों यथा जल, वायु, ध्वनि, धूल आदि से प्रदूषण की समस्या गम्भीर होती जा रही है।

वैसे तो वायु प्रदूषण से प्रत्येक क्षेत्र प्रभावित हुआ है परन्तु शहरो में वायु प्रदूषण एक गम्भीर समस्या बनता जा रहा है। औद्योगिक विकास के कारण उद्योगों के चिमनीयों से निकलनेवाली जहरीली गैसें, प्रदूषित जल एवं औद्योगिक कचरों (Industrial wastes) से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। परमाणु विज्ञान की प्रगति के कारण वातावरण मे रेडियोएक्टिव पदार्थो की अधिकता से वातावरण अधिक दूषित हो रहा है। स्वस्थ वातावरण इतनी जटिल होती जा रही है कि आजकल पर्यावरण की स्वच्छता का नाम बदलकर 'पर्यावरण का स्वास्थ्य' रख दिया गया है।

एक गणना के अनुसार विश्व की औद्योगिक प्रतिष्ठानों की दहन भठ्ठियां 11,300 लाख टन आक्सीजन भस्म कर देती है जिसके फलस्वरूप 11,400 कार्बनडाइआक्साइड विमुक्त हो रही है। प्रतिशत के हिसाब से आक्सीजन की खपत और कार्बनडाइआक्साइड की नियुक्ति 6 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से बढ़ रही है। इसके साथ 85 प्रतिशत जिवाश्म इंधन से उर्जा प्राप्त होती है जिसके दहन से बड़ी मात्रा में कार्बनडाइआक्साइड निकलती है। कार्बनडाइआक्साइड की अधिकता से पृथ्वी के तापमान में बृद्धि हो रही है। 1993 के एक सर्वेक्षण के अनुसार अकेले संयुक्त राज्य अमेरिका में 21 करोड़ 70 लाख टन कार्बन मोनोक्साइड, 3 करोड 50 लाख टन धूलीकरण, 5 करोड़ 40 लाख टन सल्फरडाइआक्साइड, 3 करोड़ 30 लाख टन नाइट्रोजन के कारण 'प्रदूषण गुंबद' (Pollution Tower) दिखाई देता है। पिट्सवर्ग को 'Black City' कहा जाता है। भारत के भिलाई में 'उच्च तापमान दीप' बन जाते है।

एसोसिएट प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग, आर.डी. एन्ड डी.जे. कॉलेज, मुंगेर

भारतीय उपमहाद्वीप में ब्याप्त प्रदूषण के स्तर की जांच करनेवाले नासा अनुसंधान दल ने बिहार के उपर प्रदूषण की मात्रा लौस एंजिल की तुलना में करीब पाच गुण अधिक पायी है जिसका बूरा असर स्थानीय पर्यावरण और लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। वर्ड डेवलपमेंट रिर्पोट के अनुसार, ''पर्यावरण सुरक्षा विकास का एक आवश्यक अंग है। बिना पर्यावरण सुरक्षा के विकास असम्भव है, पर्यावरण संरक्षण के बिना विकास की महत्ता कम हो जाती है।''

भारत में वायु प्रदूषण, मृदा अवनति, वन कटाई, सिकुड़ती जल-भूमि, अप्रर्याप्त सार्वजनिक स्वास्थ्य व सफाई, ग्रामीण क्षेत्रों में अंतरंग प्रदूषण, बढ़ता जल अभाव, नदियों में न्यूनतम प्रवाह का अभाव आदि पर्यावरणीय समस्याएं हैं।

पर्यावरण संरक्षण के सरकारी प्रयास

भारत में पर्यावरण की रक्षा एवं पर्यावरण-संतुलन बनाये रखने क लिए निम्न प्रयास किये गये है:

1. *पर्यावरण संरक्षण विभाग का गठन:* भारत में 1980 में एक पर्यावरण संरक्षण विभाग गठित किया गया जो केन्द्रिय सरकार का विभाग है तथा राज्य सरकारो को भी कहा गया कि वे पर्यावरण विभाग स्थापित करें। इन विभागों का कार्य पर्यावरण संरक्षण सम्बन्धी नीतियां बनाना और उन्हें लागू करना है।
2. *पर्यावरण संरक्षण सम्बन्धी नीतियां:* राष्ट्रीय वन नीति 1988, प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रारूप नीति निवारण दास्तवेज 1991, वन संरक्षण अधिनियम 1980, जल रोकथाम और प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम 1977, वासु रोकथाम तथा प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम 1981, 1987, राष्ट्रीय वन्य जीव कार्य योजना आदि प्रमुख है।
3. *व्यापक पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986:* सन् 1986 में एक व्यापक पर्यावरण संरक्षण अधिनियम पूर्व कमियों को दूर करने के लिए लाया गया। इस अधिनियम के अन्तर्गत अनेक केन्द्रीय और राज्य के अधिकारियों को अधिकार सौपे गये। इसके अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति, अधिकारी अथवा प्राधिकारी को अधिनियम के प्रावधानों के कार्यान्वयन के लिए निर्देश जारी करने के लिए अधिकार दिए गये थे।
4. *केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड:* केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जल तथा वायु प्रदूषण के आकलन, निगरानी और नियंत्रण की शीर्ष राष्ट्रीय संस्था है। बोर्ड पर जल प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण अधिनियम, 1974, वायु प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण अधिनियम, 1981 तथा जल उपष्कर अधिनियम 1977 को लागू करने का कार्यकारी दायित्व है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड वायु, जल और ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण के किए केन्द्र को सलाह देता है और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के प्रावधानों को लागू करने के लिए मन्त्रालय को तकनीकी सेवांए प्रदान करता है। इस अधिनियम के अन्तर्गत विभिन्न श्रेणी के उद्योगों के निस्सरण और उत्सर्जन के मानक अधिसूचित किये गये है।
5. *नीतिगत बयान एवं कार्यक्रम:* प्रदूषण मे कमी लाने के लिए सन् 1992 में जारी नीतिगत बयाान मे भूमि, जल और वायु प्रदूषण पर नियंत्रण और कमी लाने के लिए नियमन,वितीय प्रोत्साहनों, स्वैच्छिक अनुबन्धों और शिक्षा कार्यक्रमों और सूचना अभियानों का प्रावधान है। नीतिगत बयान की घोषणा के बाद गतिविधियों का मुख्य केन्द्र निम्नलिखित मुद्दे हैं, जैसे-साफ और कम कचरा पैदा करनेवाली प्रौद्यौगिकी को प्रोत्साहन, मल-जल को फिर से इस्तेमाल/रिसाइक्लींग करना, जल की गुणवत्ता मे सुधार, पर्यावरण समीक्षा, प्राकृतिक सम्पदा का लेखा-जोखा, जन आधारित मानदण्डों का विकास, संस्थागत और मानव संसाधन विकास आदि। प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण के सभी मामलों को निर्देश और नियंत्रण विधि से हल किया जाता है।
6. *राष्ट्रीय नदी संरक्षण निदेशालय:* गंगा कार्य योजना चरण: 1 के कार्य 1985 में शुरू किये गये थे जिन्हें 31 मार्च 2000 को बंद कर दिया गया। राष्ट्रीय नदी संरक्षण प्राधिकरण की संचालन समीति ने कार्य योजना और नदियों की सफाई सम्बन्धी चल रही अन्य योजनाओं के कार्य की प्रगति की समीक्षा की। गंगा कार्य चरण योजना-1 के तहत प्रदूषण कम करने से सम्बन्धित 261 योजनाओं में से 258 योजनाओं को पूरा किया जा चुका है तथा शेष योजनाएं 2001 तक पूरी होनी थी।

   गंगा कार्य योजना के दूसरे चरण का राष्ट्रीय नदी संरक्षण कार्य योजना के साथ विलय कर दिया गया है। इस विस्तृत कार्य योजना के अन्तर्गत अब तक 69 योजनाएं पूरी हो चुकी है।

7. ओजोन प्रकोष्ठः ओजोन परत को सुरक्षित रखने के लिए सत्तर के दशक के आरंभ में विश्वव्यापी प्रयास किए गये थे जिनके चलते 1985 में ओजोन नष्ट करनेवाले पदार्थों ओ. डी. एस. पर वियना समझौता हुआ और 1987 में मांट्रियल संधि प्रस्ताव पारित हुआ।

   अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग मन्त्रालय, संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम, दक्षिण एशिया सहयोग पर्यावरण कार्यक्रम, अन्तर्राष्ट्रीय समेकित पर्वत विकास केन्द्र तथा अन्तर्राष्ट्रीय एजेन्सीयों, प्रादेशिक संगठनों तथा बहुपक्षीय संस्थानों के लिए प्रमुख एजेंसी के रूप मे कार्य करता है।

पर्यावरण संरक्षण सम्बन्धी सुझाव

प्राकृतिक पर्यावरण पर मुख्तया तीन प्रकार के संकट होते है--दूषित वातावरण, अधि-उपयोग,तथा विनाश। प्राकृतिक के इन संकटों का सामना करने के लिए आवश्यक कार्य नीति के दो पहलू हो सकते है--विनियामक तथा सुरक्षात्मक।

अ. विनियामक नीतिः विनियम की कार्य नीति या परियोजनाएं जहां प्रारंभ हो गयी हो,उनसे यह अपेक्षा है किः

1. पर्यावरणीय क्षति के निर्धारण हेतु कायविधियां और मानक तैयार किये जाने चाहिए तथा पर्यावरण प्रदूषण के लिए व्यापक तथा वास्तविक मानक भी तैयार किये जाने चाहिए।
2. केन्द्रीय और राज्य प्रदूषण मण्डलों को अधिक मजबूत और उदार बनाया जाना चाहिए।
3. घरेलू और कृषि प्रदूषण विशेषकर कीटनाशकों से उत्पन्न प्रदूषणकों के स्त्रोतों का पता लगाने तथा सुधारात्मक उपाय करने के लिए एक प्रतिवेदन तैयार किया जाना चाहिए।
4. परियोजना द्वारा प्रदूषण के स्त्रोतों की पहचान करने तथा वास्तविक रूप में और समयबद्ध तरीके से किये जानेवाले उपायों को सुधार सके, इसके लिए एक विस्तृत प्रतिवेदन तैयार किया जाना चाहिए।
5. उद्योगपतियों को सरकार के साथ बातचीत करके यदि आवश्यक हो तो इस बात के लिए राजी किया जाना चाहिए कि पर्यावरण के प्रभाव से उत्पादन लागत प्रभावित होती है। इसलिए विभिन्न उपायों के जरिए प्रदूषण नियंत्रण के लिए उन्हें अधिक जिम्मेदारी और नेतृत्व करने की आवश्यकता है।
6. प्रदूषण, वन, वन्यजीवन तथा अन्य पर्यावरणीय मुद्यों के सम्बन्ध में कानूनों की अवहेलना के मामलों की सूचना देने पर सार्वजनिक सर्तकता को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।
7. प्रदूषण की रोकथाम और पर्यावरणीय क्षति को रोकने में जनता की भागीदारी और सरकारी संगठनों को शामिल करके एवं अच्छी संस्थाओं के माध्यम से आवश्यक तकनीकि सहायता उपलब्ध कराकर जो की इस प्रकार की जानकारी और तकनीकि सलाह देने के किए जिम्मेदार है, सरल बनाया जाना चाहिए तथा केन्द्रिय और राज्यसरकारों द्वारा समूचित तंत्र स्थापित करके सार्वजनिक शिकायतों की सुनवाई को प्रभावी बनाया जाना चाहिए।

ब. सुधरात्मक नीति

1. सुरक्षा की नीति में लोगों को जागरूक करना, कानूनो को कड़ाई से लागू करना, परियोजनाओं पर परिवेशीय प्रभाव का मूल्यांकन करना तथा परिस्थिकीय तन्त्र की उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रयास करना शामिल है।
2. जनता की जागरूकता को बढ़ाना लाभकारी सिद्ध हो सकता है यदि उन्हें खतरों से सचेत कर दिया जाय तथा इसमें कड़े दण्डात्मक उपाय, वित्तीय उपाय और अपराधी के प्रति अवांछित कार्यवाही के लिए कड़ी कार्रवाई शामिल है।
3. सभी परियोजनरओं और कार्यकलापो का उनके क्रियान्वयन से पूर्व संगतियुक्त पर्यावरणीय प्रभाव के मूल्यांकन से निष्पादित करनेवाली एजेन्सियों द्वारा किए जाने वाले उपायो के जरिये प्रकृति के आकर्षण को रोका जा सकता है।
4. प्रकृति के पुर्नसृजन तथा पारिस्थितिकीय तन्त्र की आवश्यकता में बढ़ोतरी करके विनाश को रोका जा सकता है।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची

1. पर्यावरणीय अध्ययन- डा. एस.एन.अवस्थी
2. स्मष्टि अर्थशास्त्र- वी.सी.सिन्हा
3. Ecology and Environment– Dr. P.D. Sharma
4. Industrial Chemistry(1999)– V.K.Sharma
5. Central Polution Control Board (Delhi)

❖❖❖

असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का कल्याण

डॉ० शारदा नन्द सहनी

अंसगठित क्षेत्र के श्रमिकों का कल्याण केंद्र और राज्यों में एक के बाद एक सभी सरकारों के लिए एक बड़ी चिंता का विषय रहा है। देश की श्रमिक संख्या में लगभग 93 प्रतिशत असंगठित क्षेत्र में हैं, जो न केवल बिखरे हुए हैं, बल्कि एक स्थान से दूसरे स्थान को जाते रहते हैं इनमें ज्यादातर अनपढ़ हैं और मकान, भोजन और कपड़े जैसे बुनियादी आवश्यकताएं भी इन्हें उपलब्ध नहीं है। इतना ही नहीं वे इस तरह के काम में कई पीढ़ियों से लगे हुए हैं। ऐसे लोगों में अपना काम धंधा करने वाले भी हैं, जैसे–गलियों के फेरी लगाने वाले, छोटे दुकानदार, कारीगर, बुनकर, छोटे और बहुत छोटे किसान, मछुआरे और मेहनत मजदूरी करने वाले निर्माण मजदूर, खेतिहर मजदूर, घरेलू नौकर और रिक्शा चालक आदि। क्योंकि ये असंगठित हैं और बिखरे हुए हैं, इसलिए उनकी तरफ लोगों का ध्यान भी कम ही जाता है।

लेकिन इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता कि राष्ट्र के निर्माण और उन्नति में तथा समाज की खुशहाली में उनका योगदान है। ये असंगठित क्षेत्र के मजदूर ही हैं, जो परियोजना के स्थलों पर सबसे पहले पहुंचते हैं, चाहे वे सिंचाई या बिजली परियोजनाएं हों या आवास परिसर हों। ये वही लोग हैं जो उपभोक्ताओं के दरवाजों तक सामान पहुंचाते हैं। ऐसा अनुमान है कि देश के सकल घरेलू उत्पादों में लगभग 60 प्रतिशत में असंगठित क्षेत्र का हाथ है। लेकिन, इसके बदले में सामाजिक सुरक्षा के नाम पर उन्हें कुछ नहीं मिलता या बहुत कम मिलता है, जिसके कारण बीमारी में, बुढ़ापे में बेरोजगारी के समय तथा आकस्मिक मौत होने की स्थिति में उनकी हालत सोचनीय हो जाती है।

न्यूनतम सामाजिक सुरक्षा

असंगठित क्षेत्र में श्रमिकों के लिए उपलब्ध सामाजिक सुरक्षा प्रणाली की समीक्षा के लिए और उसके दायरे को बढ़ाने के लिए सिफारिशें करने के वास्ते संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार द्वारा केंद्र में राष्ट्रीय असंगठित क्षेत्र उद्यम आयोग का गठन प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ. अर्जुन सेन गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। आयोग ने 2006 में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी। आयोग ने राष्ट्रीय न्यूनतम सामाजिक सुरक्षा उपायों की सिफारिश की हैं, जो संरक्षात्मक किस्म के हैं। इन प्रस्तावों की मुख्य बातें हैं–बीमारी के समय चिकित्सा लाभ, बीमारी भत्ता और प्रसूति लाभ, प्राकृतिक या दुर्घटना में मुत्यु होने पर जीवन बीमा राशि और गरीबी की रेखा से ऊपर वालों के लिए भविष्य निधि कोष–सह–बेरोजगारी राशि तथा गरीबी की रेखा से नीचे के 60 वर्ष और इससे अधिक उम्र के श्रमिकों के लिए 200 रुपये मासिक पेंशन। असंगठित क्षेत्र के वे सभी श्रमिक, जिनकी मासिक आय 6500 रुपये से कम है, इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। योजना में शामिल होने के लिए श्रमिक को केवल अपनी मासिक आय बतानी होती है इसकी जांच की भी कोई जरूरत नहीं होती। माना जाता है कि उसे यह घोषणा सबसे निचले स्तर पर श्रमिक सुविधा केंद्रों में करनी होती है, इसलिए इस योजना के दुरुपयोग की कोई संभावना नहीं है।

यह योजना ऐसी है, जिसमें सभी को अंशदान करना होता है। श्रमिक, मालिक और सरकार प्रतिदिन एक रुपया (यानि 3 रुपये प्रतिदिन) देंगे। क्योंकि 17 प्रतिशत अनौपचारिक श्रमिक (गैर–कृषि क्षेत्र में) ऐसे हैं, जिनके काम देने वाले मालिक जाने–माने हैं, उनका अंशदान सरकार द्वारा दिया जा सकता है। गरीबी की रेखा से नीचे के श्रमिकों को भी अंशदान से छूट दी जाएगी और इसका भुगतान केंद्र सरकार द्वारा किया जाएगा। बाकी का सरकारी अंशदान केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा 75:25 के अनुपात में दिया जाएगा। लगता है कि बहुत ही कम मामलों में नियोक्ताओं को अंशदान देना होगा और लगभग पूरा खर्च सरकार द्वारा ही उठाया जाएगा।

अंशदान से हर साल प्रत्येक श्रमिक के लिए 1025 रुपये की राशि इकट्ठी हो जाएगी। सिफारिशों के अनुसार उस राशि से श्रमिकों को तीन प्रकार की सामाजिक सुरक्षा मिलेगी।

(i) श्रमिक और उसके परिवार को एक वर्ष में 15 हजार रुपये तक का चिकित्सा लाभ, श्रमिक या उसके जीवन साथी के लिए 1000 रुपये का प्रसूति

एम.आई.टी., दाउदपुर कोठी, मुजफ्फरपुर

लाभ और 3 दिन से अधिक दिनों तक अस्पताल में रहने पर 15 दिन का बीमारी भत्ता

(ii) आयोग ने स्थायी विकलांगता के लिए 15,000 रुपये की बीमा राशि की और दुर्घटना होने पर 1500 रुपये की राशि की सिफारिश की है।

(iii) आयोग ने भविष्य निधि के लिए भी सिफारिश की है जिस पर निश्चित रूप से 10 प्रतिशत का ब्याज मिलेगा। श्रमिक चाहें तो समय अवधि पूरी होने पर इसे ले सकते हैं, या इसे वार्षिकी (एन्विटी) में बदल सकते हैं। गरीबी रेखा से नीचे के श्रमिकों के लिए राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना का विस्तार करके 200 रुपये मासिक पेंशन की व्यवस्था की गई है।

संघीय ढांचा

योजना तैयार करने और उसे लागू करने के लिए एक संघीय ढांचे की सिफारिश की गई है जिसके अंतर्गत केंद्र में एक राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा बोर्ड होगा और राज्य के सामाजिक सुरक्षा बोर्ड, राज्य और जिला स्तरों पर वैसा ही काम करेंगे। श्रमिक सुविधा केंद्रों के रूप में गैर सरकारी संगठन, मजदूर संघ आदि इस योजना में सहायता करेंगे, जिसमें श्रमिकों का पंजीकरण भी शामिल होगा। लेकिन श्रमिकों का वास्तविक पंजीकरण करना और उन्हें पहचान पत्र जारी करना, जिला समतियों की जिम्मेदारी होगी। सामाजिक सुरक्षा बोर्ड, भारतीय जीवन बीमा निगम, सामान्य बीमा कंपनियों, म्यूच्अल फंड और डाकघरों के साथ समझौते करेंगे, जिसके देशभर में पेंशन और अन्य लाभ देने के लिए लगभग 156000 केंद्र हैं। पूरी योजना विभिन्न चरणों में 5 वर्ष में पूरी की जाएगी। केंद्र और राज्य सरकारों को पांचवें वर्ष में लगभग 25,401 करोड़ रुपये का आर्थिक बोझ उठाना होगा। क्योंकि उस समय तक सभी लाभार्थियों को इस योजना में शामिल किया जा चुका है। इस योजना को लागू करने के लिए केंद्र सरकार का संसद के इस मानसून सत्र में विधेयक लाने की योजना है। इसमें कोई संदेह नहीं कि असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की तकलीफों को दूर करने में सामाजिक सुरक्षा योजना भूमिका निभाएगी। लेकिन कोष के लिए राशि का जमा होना और श्रमिकों को लाभ पहुंचाने की कारगर व्यवस्था करना, ऐसे दो प्रमुख पहलू हैं जिसके लिए बहुत बड़ी राजनीतिक इच्छा शक्ति और नये-नये उपायों की आवश्यकता है। जब सभी मजदूर योजना के दायरे में आ जाएंगे, तो सरकार को हर वर्ष 25401 करोड़ रुपये वार्षिक की आवश्यकता होगी। इस प्रकार का सुझाव दिया गया है सरकार यह राशि करों पर उपकर लगाकर या सामाजिक सुरक्षा कर लागू करके या व्यय की राशि का फिर से निर्धारण करके यह राशि जुटा कर सकती है। लेकिन यह आसान नहीं है। केंद्र सरकार पहले ही आयकर पर 2 प्रतिशत शिक्षा उपकर लगा चुकी है, विभिन्न सेवाओं पर सेवाकर लगाया गया है। सड़कों के विकास के लिए सरकार डीजल और पेट्रोल की बिक्री पर एक रुपया प्रति लीटर ले रही है देश के 200 जिलों में सरकार ने महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना शुरू की है, जिसमें विभिन्न चरणों में देश के सभी ग्रामीण क्षेत्रों को शामिल कर लिया जाएगा। कई राज्यों की वित्तीय स्थिति को देखते हुए किसी नई योजना के लिए धन निकालना उनके लिए आसान नहीं होगा।

बड़ी चुनौती

योजना का लाभ श्रमिकों तक पहुंचना एक बहुत बड़ी चुनौती है, क्योंकि वे बिखरे हुए हैं और सरकारी एजेंसियों के कामकाज की भी जानकारी नहीं है। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना इसका ज्वलंत उदाहरण है। कहा जाता है कि गरीबी की रेखा से नीचे के लोगों के लिए योजना के अंतर्गत जो अनाज दिया जाता है, उसे असामाजिक तत्व मंडियों में पहुंचा देते हैं। इन सब रुकावटों के बावजूद इस योजना को लागू करने के लाभ केवल इन मजदूरों तक ही सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि इससे पूरी अर्थव्यवस्था और समाज को भी लाभ पहुंचेगा इससे उत्पादकता बढ़ेगी और श्रमिकों का रहन-सहन बेहतर होगा।

संदर्भ

1. Bhalotra, Sonia R (1998): "The Puzzle of Jobless Growth in Indian Manufacturing", *Oxford Bulletin of Economics and Statistics*, Vol. 60, No. 1.
2. Dutta Roy, Sudipta (2002): "Jon Security Regulation and Worker Turnover: A Study of the Indian Manufacturing Sector", *Indian Economic Review*, Vol. 37, No. 1.
3. Goldar, Biswanath (2000): "Employment Growth in Organised Manufacturing in India", *Economic and Political Weekly*, Vol. 35, No. 14, April 1.

❖❖❖

Partition, Pakistan and Muslim League

Kumud Kumari

Anti partition agitation staged by Hindus made it clear to the Muslims that they must have a separate political organization. In December, 1906 Muslim Leaders from all over the Sub Continent assembled in Dacca to attend the All India Muhammadan to establish a central political organization for Muslims called the "All India Muslim League." The Muslim League was established with the primary aim of protecting the political rights of Indian Muslims and presenting their demands and problems before the British Government.

Foundation of Muslim League

The success of Simla Deputation made it imperative for the Muslims of the Sub Continent to have their own political organization. In 1906, the Muslims of India founded a political party of their own known as *"All India Muslim league."*

Causes of Muslim League's Foundation

The partition of Bengal by the British Government in 1905 greatly embittered the relations between Hindus and Muslims. The partition ensured a number of political benefits for the Muslim but the Hindus reacted towards the partitions of Bengal in a hostile and violent manner. This made it clear that the Hindus were not willing to give Muslims their due share. This violent protest of the Hindus convinced the educated Muslims that they could be redeemed only if they created their own political force and their own leadership.

R.S., J.P. University, Chapra

Aims of Muslim League

The aims of Muslim League are given below:

1. To safe guard and protect Muslim interests and to convey their demands to British Government.
2. To create a feeling of respect and good will in Muslim for the British Government.
3. To promote brotherhood between the different nations of India.

Role of Muslim League

The role played by All India Muslim League in the creation of Pakistan is summarized under:

1. *Minto – Morley Reform Act – 1909:* The Muslims under the able leadership of the Muslim league now began to press for the separate electorate for the Muslims. The authorities accepted their demand in an Act, called *"The Minto – Morley Reform Act"*, in 1909.
2. *Lucknow Pack – 1916:* In November 1916, two committees of League and Congress met at Calcutta and drew an agreement draft of political reform for India called *"Lucknow Pact."* Through this pact the Congress recognized the separate status of Muslims.
3. *Simon Commission:* In 1927, Simon Commission was sent to India under the chairmanship of Sir John Simon to settle Muslim Hindu differences. It was rejected because there was no Indian member on the commission.
